देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook Instagram twitter YouTube

जयपुर महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 330

www.mahanagartimes.com

जयपुर, रविवार, 25 अक्टूबर, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

सरपंच और वार्ड पंच चुनाव : 80 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

चौमूं में पुलिस पर पथराव, मौजमाबाद में लाठी-भाटा जंग

■ प्रदेश के 212 सरपंच पदों के लिए डाले वोट ■ निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने किया चौमूं का दौरा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। हर वोटर कितनी कीमत रखता है, इसका उदाहरण शनिवार को सरपंच और वार्ड पंच के लिए हुए मतदान में देखने को मिला। ग्रामीण गंवई राजनीति की शुरुआत का यह अध्याय हर वोटर को कीमत सिखाकर ही आगे का मार्ग प्रशस्त करता है, इसका उदाहरण प्रत्याशियों के जनसंपर्क, मनुहार और विनम्रता में दिखा, इसके चलते सरपंच पद के चुनावों में प्रदेश में मतदान सर्वाधिक 80.09 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि इससे पहले पंचायत समितियों के सदस्य के लिए हुए मतदान का प्रतिशत इससे काफी कम 63 फीसदी ही रहा था। सरपंच पद के लिए मतदान के प्रति मतदान प्रतिशत का बढ़ना बताता है कि एक-एक वोटर गांव के विकास के लिए क्या अहमियत रखता है। मतदान के लिए वोटर के प्रति प्रतिबद्धता के कारण हर वोट डलवाने के प्रयास होते हैं। वहीं चौमूं पंचायत समिति की मोरीजा ग्राम पंचायत में भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भी लाठीचार्ज किया। उधर दूदू तहसील की मौजमाबाद ग्राम पंचायत के नागौरी मोहल्ले में एक बारगी हंगामा हो गया। यहां वोटर को प्रेरित करने के आरोप में दो पक्षों में मामूली आरोप-प्रत्यारोप के बाद लाठी-भाटा जंग हो गई। पथराव के बीच मारपीट से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौजमाबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत करवाया।

चौमूं तहसीलदार बोले
एजेंट ने मतपेटी बदलने की अफवाह फैलाई

चौमूं तहसीलदार डॉ. विजयपाल विश्नोई के अनुसार एक एजेंट ने अफवाह फैलाई कि यहां मतपेटी बदली जा रही है। इसके बाद भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। 7 से 8 लोगों को डिटेन किया है। मतगणना शांति से होगी। प्रशासन पूरे घटनाक्रम को लेकर नजर बनाए हुए है।

हर वोटर से संपर्क और मतदान की प्रेरणा

सरपंच चुनावों के प्रति लोगों का रुझान नजर आया। सुबह सात बजे से ही हर घर से वोटर को जागृत किया गया। सुबह आठ बजे तक अधिकतर केंद्रों पर लंबी कतारें लगी थीं। बुजुर्गों की संख्या ज्यादा थी। दोपहर एक बजे तक अधिकतर स्थानों पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। तीन बजे के बाद शाम छह बजे से पहले हर दिव्यांग, बीमार और वरिष्ठ मतदाता को वोट के लिए सादर मतदान केंद्र लाया जा चुका था।

जयपुर की 212 ग्राम पंचायतों में चला मतदान

जयपुर जिले में पंचायत चुनाव के पहले चरण के तहत शनिवार सुबह 7 बजे से 212 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शुरू हुआ। मतदान समाप्त होने के बाद पंचायत मुख्यालयों पर मतगणना का प्रावधान किया गया है, जो देर रात तक चली। इन चुनावों में 212 सरपंच पदों के लिए 1,525 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिले की आठ पंचायत समितियों- गोविंदगढ़, चौमूं, किशनगढ़-रेनवाल, जोबनेर, झोटवाड़ा, सांभरलेक, दूदू और मौजमाबाद में मतदान हुआ। कालवाड़ में निर्वतमान सरपंच हर वोटर की मनुहार करते दिखे, जबकि यहां कई महिलाओं ने माथे पर कटहल रखा हुआ था, पता चला कि ये प्रत्याशी का चुनाव चिह्न है, दूसरी ओर कई युवा हाथों में बड़ी-बड़ी केतली लिए थे, लोगों को प्रेरित कर रहे थे, यह भी चुनाव चिह्न ही था। पचार पंचायत समिति में एक विकलांग की व्हील चेयर कोई ले जाने वाला नहीं मिला तो पुलिसकर्मी उसे मतदान कक्ष ले गए। इधर जोबनेर पंचायत समिति के आखिरी गांव ड्योढी में मतदान केंद्र के बाहर 10 से 15 वर्ष के बच्चे टेबल लगाकर बैठे थे और आगंतुकों का मार्गदर्शन कर रहे थे। यहां आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा था।

वोटर की मनुहार कर लाया

सरंपच चुनावों के लिए शनिवार को अद्भुत नजारा देखने में आया। यहां कालवाड़ से लेकर मूंडवाड़ा सांभर तक हर पंचायत में सरपंच पद प्रत्याशी वोटर के प्रति अत्यंत विनम्र दिखे। कार्यकर्ता हर स्थिति में वोटर को वोट के लिए मनुहार कर रहे थे। वोट के लिए दिव्यांग, बुजुर्ग व लकवाग्रस्त वोटर भी लाए गए, उन्होंने वोट डाले। दूसरी ओर शहर से गांव में वोट डलवाने के लिए भी लोगों को लाया गया। सिर्फ वोट के लिए उनसे अनेक वादे भी किए गए।

चुनाव आयुक्त ने किया दौरा

इससे पहले राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह ने चौमूं, अनंतपुरा, जैतपुरा, टांकरड़ा, देवपुरा, जयसिंहपुरा के बाद गोविंदगढ़ के मलिकपुर में दौरा किया। यहां की व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट तो दिखे लेकिन चुनाव आयुक्त ने यहां कई मार्गदर्शन भी दिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आयुक्त राजेश्वर सिंह का बस्सी-कानोता की ओर जाने का कार्यक्रम बनाया गया था, जो ऐनवक्त पर बदला गया। दूसरी ओर जिला चुनाव अधिकारी संदेश नायक ने भी सांभर सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

सबसे कम पाली के रानी में, अधिकतम मांगता में 91.42 प्रतिशत

प्रदेश में सबसे अधिक मतदान 91.42 प्रतिशत बाड़मेर की मांगता पंचायत समिति में रहा, जबकि पाली जिले की रानी पंचायत समिति में प्रदेश का सबसे कम मतदान 56.82 प्रतिशत ही रहा। उल्लेखनीय है कि पाली के रानी में ही पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य के लिए भी प्रदेश का सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा था। बीकानेर के पूगल में 90.56 प्रतिशत मतदान रहा। जयपुर जिले की सांभर पंचायत समिति में सबसे अधिक मतदान रहा, यहां 85.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

हेमाराम चौधरी की पत्नी भीखीदेवी ने रचा इतिहास, लगातार सातवीं बार निर्विरोध सरपंच चुनी गईं

बाड़मेर जिले में सरपंच पदों के निर्विरोध निर्वाचन के बीच पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी की पत्नी भीखीदेवी ने इतिहास रच दिया है। बायतू पंचायत समिति की वीरेंद्र नगर ग्राम पंचायत से भीखीदेवी लगातार सातवीं बार निर्विरोध सरपंच चुनी गई हैं। उनके सामने इस बार कोई दूसरा उम्मीदवार मैदान में नहीं था। जिले की 10 पंचायत समितियों की 419 ग्राम पंचायतों में से 60 पंचायतों में सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। वहीं शेष 359 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 971 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन पंचायतों में 24 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे, जबकि रविवार को उपसरपंच पद के लिए चुनाव होगा।

प्रदेश के 27 अधिकारियों के खिलाफ चलेंगे मुकदमे
सरकार ने 21 मामलों में दी अभियोजन की मंजूरी

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ सख्त कार्रवाई करते हुए 27 अधिकारियों के विरुद्ध 21 प्रकरणों में अभियोजन की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ नियम विरुद्ध रूपांतरण एवं भू-उपयोग परिवर्तन कर राज्य सरकार को हानि पहुंचाने के मामलों में संबंधित उपखंड अधिकारी के विरुद्ध अभियोजन मंजूरी दी है। वहीं पद का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध खातेदारी भूमि का दावा डिक्री करवाने तथा अवैध लाभ प्राप्त करने के प्रकरणों में एक अन्य उपखंड अधिकारी के विरुद्ध, वहीं भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होने, अवैध राशि प्राप्त कर आय से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित करने पर तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति दी गई है।

विभिन्न विभागों के मामलों में भी सख्त निर्णय

मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के 5, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3, वाणिज्यिक कर विभाग के 2 तथा चिकित्सा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, देवस्थान विभाग, इंदिरा गांधी नहर परियोजना व सहकारिता विभाग के 1-1 प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति जारी की है। इसके अतिरिक्त राजस्थान लेखा सेवा के एक अधिकारी तथा एक विकास अधिकारी के विरुद्ध भी अभियोजन स्वीकृति का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, 6 लोगों की मौत

- मृतकों में एक परिवार के 5 लोग
- कुलदेवी के जा रहे थे, बच्ची गंभीर घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। चूरू में शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे हुए हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों और ड्राइवर की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी, मां-बेटे शामिल हैं। सादुलपुर (चूरू) के ददरेवा में तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। घटना में 9 महीने की बच्ची गंभीर घायल है। ये लोग कुलदेवी गुड़गांवा वाली माता (गुरुग्राम) में दो बच्चों का मुंडन करवाने जा रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस घटना पर दुख जताया है।

जानकारी के अनुसार हादसे में सोमसीसर गांव तारानगर (चूरू) निवासी भंवर लाल शर्मा (60), उनकी पत्नी पत्नी महेंद्र देवी (55), बहू कविता (28) पत्नी संदीप, यशोदा (34) पत्नी संजय, कविता का बेटा कन्हैया (4 माह) और ड्राइवर मांगीलाल नाई (31) की मौत हो गई। यशोदा की 9 माह की बेटी दिव्यांशी गंभीर घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक्सीडेंट के समय तेज धमाका सुनाई दिया था। ज्यादातर लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी। कार सवार लोगों को पिकअप में सादुलपुर के हॉस्पिटल ले जाया गया था। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर देर से पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि कार काफी स्पीड में थी। उसका काफी हिस्सा ट्रक के नीचे घुस गया था।

बच्चों का मुंडन करवाने जा रहे थे गुरुग्राम

हादसे की सूचना पर भंवरलाल शर्मा के छोटे भाई मांगीलाल सादुलपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह 23 अक्टूबर की दोपहर खेत पर जा रहा था, उस समय बड़े भाई भंवरलाल रास्ते में मिले थे। उन्होंने बताया कि वे परिवार सहित हरियाणा के गुरुग्राम में कुलदेवी गुड़गांवा वाली माता जाएंगे। वहां दोनों बच्चों कन्हैया और दिव्यांशी का मुंडन करवाना है। वे सुबह गुरुग्राम के लिए निकल गए थे, इसलिए मिलना नहीं हो पाया। बड़े भाई भंवरलाल किसान थे। उनके दोनों बेटे संजय और संदीप गुजरात में रहते हैं। दोनों वहां प्राइवेट जॉब करते हैं। दोनों बेटों की पत्नियां और बच्चे गांव में ही रहते थे।

पुष्कर के लिए पुलिस की नई बटालियन बनेगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रदेश में राज्य विशेष पुलिस बल की एक नई बटालियन गठित होगी। यह बटालियन विशेष तौर पर पुष्कर के लिए गठित की जाएगी।

राज्य सरकार ने इसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। राज्य सरकार ने पुष्कर के धार्मिक और पर्यटन महत्व को देखते हुए इस बार के बजट में पुष्कर के लिए राज्य विशेष पुलिस बल की अलग बटालियन गठित करने की घोषणा की थी। इस घोषणा को पूरा करते हुए ही इसके आदेश जारी किए गए हैं।

गृह विभाग ने अजमेर के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि पुष्कर में अजमेर पुलिस सोसाइटी के पास उपलब्ध भूमि इस बटालियन के मुख्यालय के लिए आवंटित की जाए। यह बटालियन पुष्कर में ही तैनात रहेगी और यहां धार्मिक व पर्यटन गतिविधियों में सहयोग करेगी।

जियो आईपीओ ने 3 दिन में बनाए 7 रिकॉर्ड

देश का सबसे बड़ा इश्यू, टारगेट से 22 गुना ज्यादा बोलियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

मुंबई। जियो प्लेटफॉर्म का आईपीओ अब सब्सक्रिप्शन के लिए बंद हो चुका है। इस आईपीओ में निवेशकों ने जबर्दस्त बोली लगाई है। जियो प्लेटफॉर्म आईपीओ को 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले हैं। वहीं आईपीओ ने तीन दिन में भारतीय शेयर बाजार के कई पुराने पैमाने को पीछे छोड़ते हुए सात बड़े रिकॉर्ड बनाए। 30,213 करोड़ रुपए के बदले इस आईपीओ एंकर समेत करीब 7.40 लाख करोड़ रुपए की बोलियां मिली हैं। 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन और 22 गुना से ज्यादा सब्सक्रिप्शन ने इसे भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास की सबसे चर्चित आईपीओ में शामिल कर दिया। जियो प्लेटफॉर्म 28 अक्टूबर को शेयर बाजार के दोनों एक्सचेंज पर लिस्ट होगी।

- **पहला रिकॉर्ड :** ग्लोबल स्टॉक मार्केट के इतिहास में जियो प्लेटफॉर्म्स पहला ऐसा आईपीओ बन गया है, जिसे 10 मिलियन यानी 1 करोड़ से ज्यादा इंडिविजुअल इन्वेस्टर एप्लीकेशन मिले हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत की ही वारी एनर्जीज के नाम था, जिसे लगभग 97.3 लाख आवेदन मिले थे।
- **दूसरा रिकॉर्ड :** 30,213 करोड़ रुपए के इश्यू साइज के साथ जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा इक्विटी ऑफरिंग बन गया है। इससे पहले हुंडई मोटर इंडिया के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज था।
- **तीसरा रिकॉर्ड :** एंकर बुक समेत जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ के लिए कुल शेयर डिमांड 7.4 लाख करोड़ रुपए रही। पब्लिक सब्सक्रिप्शन कैटेगरी से 4.9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोलियां मिलीं। डेटा के आधार पर एंकर बुक के बाहर मिली बोलियों की वैल्यू के मामले में यह भारत का सबसे बड़ा आईपीओ बन गया है, जिसने एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के 2025 आईपीओ के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।
- **चौथा रिकॉर्ड :** पूरा 30,213 करोड़ रुपए का इश्यू 27 करोड़ नए फ्रेश शेयर्स से मिलकर बना था। ऑफर फॉर सेल वाले आईपीओ के विपरीत इसमें पैरेंट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज या स्ट्रैटेजिक निवेशक मेटा और गूगल ने अपनी कोई हिस्सेदारी नहीं बेची है।

- **पांचवां रिकॉर्ड :** पहले ही दिन खुलने के 100 मिनट से कम समय में यह इश्यू पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। इससे पहले 15,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के भारतीय आईपीओ को पूरी तरह भरने में आमतौर पर 2 से 3 दिन का समय लगता था।
- **छठा रिकॉर्ड :** भारी एप्लिकेशन वॉल्यूम को संभालने के लिए बीएसई और एनएसई ने इस आईपीओ के लिए रोजाना बिडिंग के समय में बढ़ोतरी की। आम तौर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली बिडिंग विंडो को इस इश्यू के लिए सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलाया गया।
- **सातवां रिकॉर्ड :** 1,119 रुपए प्रति शेयर के अपर प्राइस बैंड पर जियो प्लेटफॉर्म्स का पोस्ट-लिस्टिंग मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 10.3 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। ट्रेडिंग के पहले ही दिन यह भारत की टॉप 4 या 5 सबसे वैल्यूएबल लिस्टेड कंपनियों में शामिल हो जाएगी।

भारत की न्यूजीलैंड पर रोमांचक जीत, तिलक और नीतीश बने जीत के हीरो

दूसरा टी20 चार विकेट से जीत श्रंखला में बनाई बढ़त

विशेष संवाददाता

क्राइस्टचर्च। भारत ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मुकाबले में रोमांचक अंदाज में चार विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 181 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने 70 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए थे।

इसके बाद नमन धीर और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और किसी तरह टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। नमन धीर हालांकि, आउट हो गए, जिसके बाद भारत फिर मुश्किल में नजर आने लगा। भारत को आखिरी पांच ओवर में 68 रन चाहिए थे। क्रीज पर तिलक और नीतीश रेड्डी मौजूद थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने कीवी टीम के मुंह से जीत छीन ली। तिलक और नीतीश के बीच सातवें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई, जिसके दम पर भारत ने ये मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए तिलक वर्मा ने 26 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक नाबाद 51 रन बनाए, जबकि नीतीश रेड्डी 13 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। नमन धीर 31 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 27, संजू सैमसन ने 14, अक्षर पटेल ने 11, श्रेयस अय्यर ने 7 और वैभव सूर्यवंशी ने 4 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर को चार विकेट मिले, जबकि जैकब डफी और नाथन स्मिथ ने एक-एक विकेट लिया।

फिलीपींस में 2 ट्रेनी विमान हवा में टकराए, चारों पायलटों की मौत

विशेष संवाददाता

मनीला। फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमान टकरा गए। हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा अपराह्न 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ। दोनों एसएफ-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। फिलीपीन वायुसेना ने एसएफ-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। जांच पूरी होने तक ये विमान उड़ान नहीं भरेंगे। इस साल हवा में विमानों के टकराने का यह दुनिया का पांचवां बड़ा हादसा है।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें
और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram twitter YouTube

सेवा भारती समिति जयपुर के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे सरकार्यवाह होसबाले

कल दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगा कार्यक्रम



महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। 'नर सेवा-नारायण सेवा' के ध्येय वाक्य के साथ समाज के वंचित, अभावग्रस्त एवं उपेक्षित वर्ग में सेवा कार्य कर रही सेवा भारती समिति जयपुर का वार्षिकोत्सव 26 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगा।

समिति के महानगर अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन मानसरोवर स्थित दीप स्मृति सभागार, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में होगा। कार्यक्रम में संत आशीर्वाद संत मुन्नादास खोड़ा नवल पीठाधीश्वर, झोटवाड़ा का प्राप्त होगा। आयोजन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलम ग्रुप, जयपुर के निदेशक संजय गुप्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी निखिल जैन तथा 3 एस ग्लोबल ग्रीन्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक विजेन्द्र सिंह तंवर होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा बस्तियों के प्रतिभावान विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा राज्य सरकार के मंत्री और विभिन्न अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि जयपुर महानगर में सेवा भारती द्वारा वर्तमान में 257 बस्तियों में कुल 379 सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 133 शिक्षा, 48 स्वास्थ्य, 52 स्वावलंबन और 146 सामाजिक आयाम के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 10 छात्रावास, 42 सिलाई, 20 सौंदर्य, 2 कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सहित अन्य स्थायी सेवा प्रकल्प भी संचालित हैं।

मजदूर संघ, उद्योग और सरकार के बीच समन्वय से रफ्तार पकड़ेगा राजस्थान का औद्योगिक विकास

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सुने श्रमिक प्रतिनिधियों के सुझाव

उद्योगपतियों और अधिकारियों के साथ बैठक की पहल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए उद्योग, सरकार और भारतीय मजदूर संघ के बीच समन्वय मजबूत करने की पहल की गई है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर औद्योगिक विकास, श्रमिक हितों और आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव और सुझाव रखे। राठौड़ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संवाद को आगे बढ़ाने के लिए तत्काल संबंधित अधिकारियों और उद्योगपतियों के साथ बैठक की व्यवस्था कराई। इसका उद्देश्य श्रमिक संगठनों, उद्योग जगत और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के व्यावहारिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है।

साझा प्रयासों से विकास को मिलेगी गति

कर्नल राठौड़ ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ, उद्योग जगत और सरकार के समन्वित प्रयासों से राजस्थान के विकास को नई गति मिल सकती है। श्रमिकों के जमीनी अनुभव, उद्योगों की आवश्यकताओं और सरकार की विकास योजनाओं के बीच बेहतर तालमेल प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है। इस पहल को श्रमिक संगठनों और उद्योग जगत के बीच संवाद बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियमित बातचीत और आपसी विश्वास के जरिए श्रमिकों से जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ औद्योगिक विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

राज निवेश पर सितंबर में मिले 11,739.27 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव : श्रीनिवास

छह माह में ही पिछले पूरे वित्त वर्ष से अधिक मंजूरियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्य सरकार के आधिकारिक सिंगल विंडो सिस्टम राजनिवेश पोर्टल पर सितंबर 2026 में 11,739.27 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दर्ज हुए हैं। अप्रैल से सितंबर के बीच 31,892 आवेदनों को मंजूरी दी गई। यह पिछले पूरे वित्त वर्ष में दी गई 29,536 स्वीकृतियों से अधिक है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने 'डिरेगुलेशन एंड कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-1' की सितंबर, 2026 की मासिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्षों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने बताया कि रक्षा क्षेत्र में 4,840 करोड़ रुपए, पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में 3,058 करोड़ रुपए, सौर उपकरण निर्माण में 1,000 करोड़ रुपए और अचल संपत्ति क्षेत्र में 744 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दर्ज हुए। कुल प्रस्तावित निवेश राशि में इन चार क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 82 प्रतिशत रही।

श्रीनिवास ने बताया कि प्रथम चरण के सभी 23 प्राथमिकता क्षेत्रों में सुधार पूरे किए गए हैं। इनका उद्देश्य उद्यमियों के लिए प्रक्रियाएं सरल बनाना, अनुपालन का भार कम करना और सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना है। भूमि रूपांतरण की समय सीमा 90 से घटाकर 45 दिन की गई है। जयपुर विद्युत वितरण निगम में स्थायी बिजली कनेक्शन के आवेदनों का निस्तारण समय 10 से घटकर 4 दिन और विधिक मापविज्ञान से जुड़े आवेदनों का समय 12 से घटकर 6 दिन रह गया है। पर्यावरण से जुड़े नियमों में सुधार के तहत श्वेत श्रेणी में शामिल गतिविधियों की संख्या 104 से बढ़ाकर 877 की गई है। रिपोर्ट में समयबद्ध मंजूरी, स्वप्रमाणन, जोखिम के आधार पर निरीक्षण, श्रम संबंधी लचीले प्रावधानों और पारदर्शी निगरानी व्यवस्था जैसी पहलों का भी उल्लेख है। मुख्य सचिव कार्यालय के अधीन कार्यरत डीरेगुलेशन प्रकोष्ठ ने अलवर के रीको औद्योगिक क्षेत्रों की चुनिंदा इकाइयों का दौरा भी किया। इनमें स्वच्छ ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, पुनर्चक्रण, कर्मचारी प्रशिक्षण, सुरक्षा अभ्यास और संसाधनों के बेहतर उपयोग की पहलों का अध्ययन किया गया।

एकल खिड़की व्यवस्था पर उपलब्ध हैं 190 सेवाएं

राज निवेश की एकल खिड़की व्यवस्था पर 190 सेवाएं उपलब्ध हैं। अप्रैल से सितंबर, 2026 के दौरान 60,229 आवेदन प्राप्त हुए। पिछले पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में 34,704 आवेदन मिले थे। सर्वाधिक उपयोग वाली 10 सेवाओं के लिए 51,548 आवेदन प्राप्त हुए, जो कुल आवेदनों के करीब 86 प्रतिशत हैं। आवेदनों की निस्तारण दर अगस्त के 47 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 52 प्रतिशत हो गई। जिलावार प्रगति की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि जयपुर 5,501 स्वीकृतियों के साथ अग्रणी रहा। इसके बाद जोधपुर में 2,577, अजमेर में 1,808, कोटा में 1,452 और हनुमानगढ़ में 1,238 स्वीकृतियां दी गईं। डीडवाना-कुचामन, सीकर, भीलवाड़ा, अलवर और उदयपुर भी अग्रणी जिलों में शामिल रहे। रिपोर्ट में जिलेवार आंकड़ों के आधार पर बाधाओं की पहचान कर सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है।

लगभग 2,100 रोजगार के अवसर बनने की संभावना

मुख्य सचिव ने बताया कि रीको के भूमि आवंटन से जुड़ी परियोजनाओं में 1,080 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इनसे लगभग 2,100 रोजगार के अवसर बनने की संभावना है। पर्यावरणीय मंजूरी की आवश्यकता वाली और अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल बनाने की प्रगति भी रिपोर्ट में शामिल है।

कांग्रेस में पंचायत चुनाव के टिकट वितरण को लेकर सामने आई नाराजगी

कांग्रेस नेता और यूथ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने दी संगठन पर ताले लगाने की सलाह

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रदेश में चल रहे पंचायत चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में नाराजगी के सुर सामने आ रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव के बाद पंचायत चुनाव के टिकट वितरण में भी विधायकों, सांसदों और लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों की पसंद को महत्व दिए जाने से नाराज कांग्रेस नेता और यूथ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सीताराम लांबा ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की और संगठन पर ताले लगाने की सलाह दे डाली।

कांग्रेस की पिछली सरकार में यूथ बोर्ड के अध्यक्ष सहित यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी रह चुके सीताराम लांबा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'विधायक और

हारे हुए प्रत्याशी ही पंचायत के टिकट के मालिक हैं तो संगठन और कार्यकर्ताओं को ताले लगा दो।'

लांबा की इस नाराजगी भरी पोस्ट को सीधे तौर पर कांग्रेस में टिकट वितरण की प्रक्रिया पर सवाल माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस ने निकाय चुनाव में भी सांसदों विधायकों और हारे प्रत्याशियों को टिकट वितरण में जमकर तवज्जो दी थी और अधिकतर प्रत्याशी इनकी सिफारिश पर ही तय किए गए थे। अब लांबा की पोस्ट को सही माना जाए तो पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस विधायकों और विधानसभा चुनाव लड़े नेताओं की सिफारिश पर टिकट बांट रही है। हालांकि आवेदन सहित आम सहमति से टिकट तय करने की प्रक्रिया तो अपनाई गई है, लेकिन टिकट वितरण में विधायकों और विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों का दबदबा कायम है।

गौरतलब है कि जब संगठन सृजन अभियान के जरिए जिलाध्यक्षों का चयन हुआ था, तब राहुल गांधी ने कहा था कि लोकल बॉडी से लेकर विधायक और सांसदों के टिकट वितरण में जिलाध्यक्ष और संगठन के नेताओं की सबसे बड़ी भूमिका होगी, लेकिन अब राहुल गांधी के आदेशों की ही अनदेखी हो रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पूनियां ने विपक्ष पर लगाए आरोप

'विदेशी ताकतों के प्रभाव में काम कर रहे हैं राहुल गांधी'

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सतीश पूनियां ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए गठबंधन की रैली 1 नवंबर को करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में 1 नवंबर को ही सिखों पर अत्याचार हुए थे। ऐसे में यह तारीख क्यों चुनी गई, यह समझ से परे है। पूनियां ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने संसद से लेकर सड़कों तक अराजकता का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाती नजर नहीं आती। पूनियां ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह भी आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि वे विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। वहीं पंजाब विधानसभा चुनाव में गठबंधन की संभावनाओं पर पूनियां ने कहा कि फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। केंद्र ने 117 सीटों पर चुनाव लड़ने और तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व करेगा और उसके निर्देशों का पालन किया जाएगा।

चाकसू में भाजपा को झटका मंडल मंत्री विमला चौधरी ने दिया इस्तीफा, टिकट वितरण से नाराजगी

विधायक रामावतार बैरवा पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप

कांग्रेस कार्यकर्ता को टिकट देने से बढ़ी नाराजगी

जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)। पंचायतीराज चुनाव के बीच चाकसू देहात भाजपा में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी सामने आई है। भाजपा देहात मंडल चाकसू की मंत्री विमला प्रभुनारायण चौधरी ने 23 अक्टूबर को जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चौधरी ने पत्र में आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 7 पंचायत समिति चाकसू से उन्होंने और पांच अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिकट मांगा था, लेकिन क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं देकर कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को प्रत्याशी बना दिया। इस फैसले से आहत होकर उन्होंने मंडल मंत्री पद छोड़ने का निर्णय लिया। चुनाव के बीच सामने आए इस इस्तीफे से भाजपा के स्थानीय संगठन में असंतोष के संकेत मिले हैं।

भैरूंदा की जनसभा से दिया कुमारी की चुनावी हुंकार, पंचायत चुनाव में भाजपा के पक्ष में मांगा समर्थन

'मोदी के मार्गदर्शन और भजनलाल सरकार के नेतृत्व में गांवों के विकास को मिल रही गति'

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर/नागौर/डेगाना। पंचायतीराज चुनाव को लेकर भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार तेज कर दिया है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नागौर जिले के डेगाना विधानसभा क्षेत्र के भैरूंदा गांव में जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। उन्होंने ग्रामीण विकास को गति देने, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और गांवों में बेहतर सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को प्राथमिकता देकर काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य गांवों में विकास के नए अवसर पैदा करना, ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और राजस्थान को प्रगति एवं समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रदेश की समग्र प्रगति का आधार है। गांवों में विकास कार्यों को निरंतर गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने पंचायतीराज चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देकर ग्रामीण विकास की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

जनसभा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, पूर्व प्रधान जसवंत सिंह थाटा, चुनाव प्रभारी जुगल किशोर, मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, प्रत्याशी प्रीति हुकमाराम, बालाराम सहित इंद्रदीप सिंह ईडवा, गोपाल ईडवा, विनय, सुरेश मेवड़ा, पंकज दिवाकर, पुखराज, प्रभुराम, मनीष, कमलनाथ, रघुवीर और लक्ष्मण राव सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जयपुर एयरपोर्ट पर आज से विंटर शेड्यूल

बढ़ेंगी अंतरराष्ट्रीय उडानें

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर रविवार से विंटर शेड्यूल लागू हो जाएगा। 25 अक्टूबर 2026 से 27 मार्च 2027 तक प्रभावी रहने वाले इस शेड्यूल के तहत एयरपोर्ट से प्रतिदिन 152 उड़ानों का संचालन होगा। वहीं साप्ताहिक उड़ानों की संख्या बढ़कर 1,000 से अधिक हो जाएगी, जबकि समर शेड्यूल 2026 के दौरान यह संख्या 811 थी।

घरेलू कनेक्टिविटी के तहत विंटर शेड्यूल में प्रति सप्ताह 900 उड़ानों का संचालन होगा। लखनऊ, नवी मुंबई, नोएडा, पुणे, दिल्ली और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों के लिए उड़ानों की बढ़ी हुई आवृत्ति से यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में अधिक सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही राजस्थान के प्रमुख शहरों, बीकानेर, जोधपुर और उदयपुर के लिए हवाई कनेक्टिविटी को भी मजबूती मिलेगी, जिससे राज्य के पर्यटन क्षेत्र को लाभ होगा। हाल ही अकासा एयर ने जयपुर से मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ान सेवाएं शुरू की हैं। इससे यात्रियों को इन प्रमुख शहरों के लिए यात्रा के अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी के तहत उड़ानों की संख्या प्रति सप्ताह

68 से बढ़कर 110 होने जा रही है। इस विस्तार से जयपुर की अंतरराष्ट्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। विंटर शेड्यूल के दौरान दुबई और मस्कट के लिए उड़ानों की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे इन स्थानों के लिए यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे। इसके अलावा थाई एयर एशिया बैंकॉक के लिए अपनी उड़ान सेवा फिर से शुरू करेगी। इस मार्ग पर प्रति सप्ताह चार उड़ानों का संचालन किया जाएगा, जिससे जयपुर और बैंकॉक के बीच सीधी हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्रियों को थाईलैंड की यात्रा के लिए अधिक सुविधा मिलेगी। 17 नवंबर से जयपुर-बैंकॉक फ्लाइट फिर से उड़ान भरना शुरू करेगी। इससे बैंकॉक जाने वाले यात्रियों को सीधी हवाई यात्रा का विकल्प मिलेगा।

जयपुर के कवि रोहित सिंह के पहले काव्य संग्रह 'विसाल' का हुआ विमोचन

'प्रेम और मानवीय संवेदनाओं के माध्यम से कविताओं और गजलों का समावेश'

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जयपुर के कवि और लेखक रोहित सिंह के पहले हिंदी काव्य संग्रह 'विसाल' का विमोचन शनिवार को होटल डिग्गी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। पुस्तक का विमोचन ब्लू पॉटरी के लिए प्रख्यात कलाकार लीला बोर्डिया, कवि मनोज मित्तल कैफ, पब्लिसिस्ट व कवि जगदीप सिंह और लेखक रोहित सिंह ने किया। इस अवसर पर रोहित ने दास्तानगो, अशहर हक के साथ संवाद करते हुए अपनी कविताओं के अर्थ, लेखन की प्रक्रिया और पुस्तक से जुड़े अनुभव साझा किए। पुस्तक का प्रकाशन मंजुल इंडिया पब्लिशिंग हाउस ने किया है। अपने पहले काव्य संग्रह के बारे में रोहित सिंह ने कहा कि विसाल का अर्थ मिलन है और यह पुस्तक मेरे पाठकों के साथ पहली मुलाकात है।

'विसाल' में प्रेम, जुनून, मानवीय संवेदनाओं और दोस्ती जैसे भावों को सहज लेकिन प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया गया है। संग्रह की कविताओं में रिश्तों की कोमलता और रोमांस के साथ जीवन के संघर्ष, पीड़ा, व्यंग्य और कड़वी वास्तविकताओं की झलक भी मिलती है।

चर्चा के दौरान रोहित ने बताया कि उन्हें गालिब, मीर, मुश्ताक अहमद, दाग जैसे क्लासिकल शायरों से लिखने की प्रेरणा मिली है। लेखन एक प्रोसेस है, जिसमें विचारों को विकसित करने के लिए निरंतर पढ़ना और अनुशासन को अपनाना जरूरी है। इसके लिए समय निकालना पड़ता है। उन्होंने उर्दू और देवनागरी लिपि के बीच समानताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों भाषाएं मिली-जुली संस्कृति से निकली हैं। उर्दू साहित्य को गहराई से समझने और उसका पूरा आनंद लेने के लिए उर्दू लिपि को विस्तार से पढ़ने और सीखने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि जयपुर में जन्मे रोहित सिंह हिंदी-उर्दू के कवि, गीतकार और लेखक होने के साथ संगीतकार एवं गायक भी हैं। वे जश्न-ए-रेख्ता और वर्ल्ड बुक फेयर सहित कई प्रतिष्ठित साहित्यिक मंचों पर काव्य पाठ कर चुके हैं। साहित्य और संगीत के क्षेत्र में सक्रिय रहने के साथ उन्होंने विभिन्न नेशनल एवं मल्टीनेशनल कंपनियों में भी कई वर्षों तक काम किया है।

डांडिया नाइट में भी छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग, महाविद्यालयीन काउंसिल के पदाधिकारी सम्मानित

महारानी कॉलेज में 'अनंता फ्रेशर्स-2026' की धूम, रैंप वॉक में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। विश्वविद्यालय महारानी महाविद्यालय में शनिवार को नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत के लिए 'अनंता फ्रेशर्स-2026' का आयोजन किया गया। सावित्री भारतीय सभागार में आयोजित समारोह में छात्राओं ने रैंप वॉक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक प्रतियोगिता रही, जिसमें मिस फ्रेशर्स और रनर-अप का चयन किया गया। शाम को डांडिया नाइट का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। इसके बाद छात्राओं ने राजस्थानी लोकनृत्य घूमर की प्रस्तुति देकर समारोह में सांस्कृतिक रंग भर दिए।

आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता पर जोर

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नूपुर माथुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्राओं की प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी जोर दिया जाता है। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयासों के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में नीता बूचरा, डॉ. सुनीता पेरिवाल और गेस्ट ऑफ ऑनर कीर्ति राठौड़ मौजूद रहीं। नीता बूचरा ने छात्राओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। डॉ. सुनीता पेरिवाल ने अपनी क्षमताओं को पहचानने और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं कीर्ति राठौड़ ने सफलता के लिए आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को महत्वपूर्ण बताया।

काउंसिल पदाधिकारियों को लगाए बैज

रैंप वॉक प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली व्यक्तित्व के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मिस फ्रेशर्स-2026, प्रथम रनर-अप और द्वितीय रनर-अप के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा नए शैक्षणिक सत्र की महाविद्यालयीन काउंसिल के पदाधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और संगठनात्मक कौशल विकसित करना रहा। समारोह के अंत में आयोजित डांडिया नाइट में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण से जोड़ने का अवसर बना।

वार्ड 27 में 'रंग दे गुलाबी 2.0' अभियान से जुड़े कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, स्कूली विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं के साथ दिया जनभागीदारी का संदेश

बच्चों के हाथों में ब्रश, दीवारों पर गुलाबी रंग और शहर को संवारने का संकल्प

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। शहर की दीवारों पर रंग भरने के साथ नई पीढ़ी में स्वच्छता और सार्वजनिक संपत्ति के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाने की पहल ने झोटवाड़ा में 'रंग दे गुलाबी 2.0' अभियान को खास बना दिया।

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने नगर निगम जयपुर के इस अभियान के तहत झोटवाड़ा-वैशाली नगर जोन के वार्ड 27 में कार्यकर्ताओं और स्कूली विद्यार्थियों के साथ ब्रश थामकर दीवारों पर रंग किया। इस दौरान उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया।

अभियान की खास बात यह रही कि इसमें स्कूली बच्चों की भागीदारी को भी प्रमुखता मिली। बच्चों ने रंग-सज्जा की गतिविधि में हिस्सा लेकर सार्वजनिक स्थलों को बेहतर बनाने के प्रयास में योगदान दिया।

इससे स्वच्छता को केवल प्रशासन की जिम्मेदारी मानने के बजाय नागरिकों के साझा दायित्व के रूप में प्रस्तुत करने का संदेश सामने आया। कर्नल राठौड़ की कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों के साथ सक्रिय भागीदारी ने अभियान को जनसहभागिता से जोड़ने का प्रयास किया। सार्वजनिक दीवारों का सौंदर्यीकरण शहर की दृश्य पहचान को निखारने के साथ स्थानीय लोगों में अपने आसपास के वातावरण के प्रति जुड़ाव बढ़ाने का माध्यम भी बन सकता है।

ड्रिप-मिनी स्प्रिंकलर से 3.10 लाख हेक्टेयर खेतों को मिला लाभ

भाजपा सरकार के 34 माह में सूक्ष्म सिंचाई पर 1304 करोड़ रुपए का अनुदान

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गिनाईं कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां

जयपुर (महानगर टाइम्स, संवाददाता)। प्रदेश में पानी की बचत और सिंचाई की दक्षता बढ़ाने के लिए

ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर तकनीक पर जोर दिया जा रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के 34 माह के कार्यकाल में इन प्रणालियों से 3.10 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को लाभान्वित किया गया और किसानों को 1,304 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल में 1.83 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिला था और 842 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया था।

राठौड़ ने बताया कि वर्तमान सरकार ने नहरी तंत्र से 1.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सृजित की। खेतों में वर्षा जल संग्रहण के लिए 35,893 फार्म पौंड बनाए गए, जिन पर 369 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया। वहीं फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए 445 लाख मीटर तारबंदी कराई गई और 511 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों के जरिए कृषि उत्पादन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दीपावली से पहले मानदेय की आस में पूर्व सैनिक, नौ माह से भुगतान अटका

जयपुर (महानगर टाइम्स, संवाददाता)। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिकों के घरों में इस बार दीपावली का उजाला सरकारी लापरवाही के चलते फीका पड़ने की आशंका है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के सपोर्ट एक्टिविटीज, झालाना में रेक्सको के माध्यम से कार्यरत पूर्व सैनिकों को नौ महीने से मानदेय नहीं मिला है। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग्स कंट्रोल, टोंक कलेक्टर कार्यालय और विराटनगर तहसीलदार कार्यालय में तैनात पूर्व सैनिक सात महीने से भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। बकाया मानदेय से आर्थिक संकट झेल रहे पूर्व सैनिकों ने मुख्य सचिव और सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन भेजकर दीपावली से पहले भुगतान की मांग की है। सूबेदार एमपी साहू और कैप्टन राम सिंह सहित पूर्व सैनिक संगठनों ने चेतावनी दी कि भुगतान नहीं होने पर लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा।

राज्यपाल बागडे से बिहार के गवर्नर ने की मुलाकात

जयपुर (महानगर टाइम्स, संवाददाता)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने लोकभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

पंचायत चुनाव में बाड़ेबंदी की तैयारी, 20 नवंबर तक रहेगी सियासी हलचल

नतीजों से पहले ही जोड़-तोड़ रोकने की रणनीति बनाएंगे भाजपा-कांग्रेस

- दोनों पार्टियों ने तैनात किए अपने दिग्गज
- दूसरे चरण में 28 अक्टूबर को वोटिंग
- बहुमत से दूर रहने वाले जिलों में प्रत्याशियों को एकजुट रखना होगी सबसे बड़ी चुनौती

महानगर टाइम्स संवाददाता

चुनाव कार्यक्रम एक नजर में

चरण	मतदान की तारीख
पहला चरण	22 अक्टूबर
दूसरा चरण	28 अक्टूबर
तीसरा चरण	3 नवंबर
चौथा चरण	14 नवंबर
मतगणना	20 नवंबर

जयपुर। प्रदेश में पंचायत चुनाव की सियासी सरगर्मी के बीच भाजपा और कांग्रेस की नजर मतदान और नतीजों के साथ चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों को एकजुट रखने की रणनीति पर भी है। पंचायत चुनाव में कई जगह मुकाबला बेहद करीबी रहने की संभावना के चलते दोनों प्रमुख दल संभावित राजनीतिक समीकरणों, निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका और जीत के बाद होने वाले जोड़-तोड़ को लेकर सतर्क रहना चाहते हैं। जीत के बाद अपने समर्थित सदस्यों को एकजुट रखकर जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान की कुर्सी तक पहुंचने की भी रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस ने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों पर निगरानी तेज कर दी है। दोनों दलों की रणनीति उन जिलों पर केंद्रित है, जहां मुकाबला करीबी रहने और निर्दलीय सदस्यों की भूमिका निर्णायक बनने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने भी प्रदेशस्तरीय टीम बनाई है, जो जोड़-तोड़ की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि इन चार चरणों के बाद बाड़ेबंदी की रणनीति कैसे तैयार की जाएगी। एक तरफ ये सामने आया है कि पार्टी चरणों के हिसाब से रणनीति बना रही है। मतदान और मतगणना के बीच लंबे अंतर को देखते हुए दल अपने समर्थित प्रत्याशियों को एकजुट रखने की रणनीति बना रहे हैं।

भाजपा की तैयारी

दिग्गजों के भरोसे जिला प्रमुख और प्रधान की लड़ाई

भाजपा ने जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान के पदों पर पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिलावार जिम्मेदारियां सौंपी हैं। करौली और सवाई माधोपुर में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, जोधपुर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पाली में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भरतपुर में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को जिम्मेदारी दी गई है। जयपुर ग्रामीण में डॉ. सतीश पूनियां, सांसद राव राजेंद्र सिंह और कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नेताओं के सामने स्थानीय गुटबाजी को साधने, संभावित विजेताओं से संवाद बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर समर्थन जुटाने की चुनौती रहेगी।

कांग्रेस की तैयारी

152 समन्वयक और 41 जिलों में पर्यवेक्षक

कांग्रेस ने भी बोर्ड गठन की तैयारी के तहत संगठनात्मक निगरानी बढ़ाई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर पार्टी ने 152 समन्वयक नियुक्त किए हैं और 41 जिलों में पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। इनकी जिम्मेदारी उम्मीदवारों के चयन, स्थानीय नेताओं के बीच तालमेल, चुनावी गतिविधियों की निगरानी और परिणामों के बाद प्रधान व जिला प्रमुख के चुनाव के लिए समीकरण बनाने की है। अलवर में वैभव गहलोत, भरतपुर और डीग में सांसद मुरारीलाल मीणा तथा जयपुर में प्रमोद जैन भाया को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस की कोशिश है कि स्थानीय खींचतान और संभावित क्रॉस वोटिंग से बचते हुए निर्वाचित सदस्यों को एकजुट रखा जाए।

आखिरकार दोनों दलों के लिए असली परीक्षा मतगणना के बाद होगी। सीटों का आंकड़ा बहुमत के करीब पहुंचने पर हर सदस्य का समर्थन महत्वपूर्ण हो जाएगा। यही वजह है कि 20 नवंबर तक चलने वाली चुनावी प्रक्रिया में संगठनात्मक निगरानी, स्थानीय नेतृत्व का समन्वय और संभावित बाड़ेबंदी सत्ता की तस्वीर तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

मतदान से मतगणना तक अलग-अलग चरणों में बनेगी रणनीति

पहले चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 22 अक्टूबर को मतदान हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 28 अक्टूबर, तीसरे चरण का 3 नवंबर और चौथे चरण का 14 नवंबर को निर्धारित है। मतगणना 20 नवंबर को होगी। मतदान और मतगणना के बीच लंबे अंतराल के कारण राजनीतिक दलों को अपने समर्थित प्रत्याशियों के संपर्क में रहने और संभावित समीकरणों का आकलन करने का समय मिल रहा है। बाड़ेबंदी की शुरुआत सभी जिलों में एक साथ होने के बजाय स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार हो सकती है। जहां स्पष्ट बहुमत के संकेत होंगे, वहां इसकी जरूरत सीमित रह सकती है। वहीं त्रिकोणीय मुकाबले, कम अंतर से जीत और निर्दलीयों के प्रभाव वाले जिलों में नतीजों के आसपास प्रत्याशियों को एकजुट रखने की कवायद तेज होने की संभावना है।

दो दिवसीय कार्यशाला में संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय पर जोर

एसबीआईएलडी में ओबीसी आरक्षण नीति पर मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। भारतीय स्टेट बैंक के जयपुर सर्किल की ओर से अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के सहयोग से एसबीआईएलडी जयपुर में आयोजित दो दिवसीय ओबीसी आरक्षण नीति कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। 22 और 23 अक्टूबर को आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों, रोस्टर प्रणाली और बैंक में नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

समापन सत्र में उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य विकास अधिकारी रीता राजोरा ने कहा कि आरक्षण नीति के संवैधानिक आधार और व्यावहारिक पहलुओं की स्पष्ट समझ जरूरी है। अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का कार्यक्षेत्र में प्रभावी उपयोग करना चाहिए, ताकि नियमों का सही ढंग से पालन सुनिश्चित हो सके। अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष रामावतार सिंह जाखड़ ने सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं कर्मचारियों को आरक्षण नीति की बारीकियां समझने और अपने अधिकारों के प्रति सजग होने का अवसर देती हैं। कार्यक्रम में संपर्क अधिकारी संजीव कुमार, चारू भार्गव और एजीएम (एचआर) सतीश चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला को बैंक में आरक्षण संबंधी प्रावधानों की समझ बढ़ाने और संवैधानिक मूल्यों व सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

रोस्टर प्रणाली और आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

संघ के महासचिव रूपेंद्र सिंह ने कहा कि आरक्षण नीति, संवैधानिक प्रावधानों और रोस्टर प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कार्यस्थल पर पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसरों को मजबूत किया जा सकता है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ आर गायत्री ने आरक्षण नीति के संवैधानिक, कानूनी और व्यावहारिक पहलुओं पर व्याख्यान दिए। उनके सत्रों से प्रतिभागियों को नीति की बारीकियों को समझने में मार्गदर्शन मिला। इस दौरान संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भवानी सिंह सोलंकी ने कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दे उठाए, जबकि संगठन सचिव शंकरलाल जाट ने आयोजन में समन्वय की भूमिका निभाई।

राजस्थान प्रिंटर्स एसोसिएशन का संवाद कार्यक्रम

सरकारी प्रिंटिंग टेंडर पर चुनिंदा कंपनियों का कब्जा : विनोद शर्मा

रॉ मैटेरियल की बढ़ती कीमतों से बेहाल प्रिंटिंग इंडस्ट्री

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। द राजस्थान प्रिंटर्स एसोसिएशन (आरपीए) की ओर से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रिंटिंग उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने एक मंच पर एकत्रित होकर प्रिंटिंग इंडस्ट्री की चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर मंथन किया। अतिथि के तौर पर इंडियन प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड एलाइड मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएएमए) के प्रेसिडेंट कुलजीत सिंह ने कहा कि दुनिया में प्रिंटिंग इंडस्ट्री की तकनीक तेजी से बदल रही है। हमें व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए तकनीक में अपडेट रहना होगा। इपामा और आरपीए का उद्देश्य देश और प्रदेश की प्रिंटिंग इंडस्ट्री को आगे रखना है। आरपीए के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रिंटिंग के सरकारी टेंडरों में कुछ चंद कंपनियों ने कब्जा किया हुआ है। टेंडर प्रक्रिया में खामियों के कारण नए उद्यमियों को अवसर नहीं मिल पाता है, आरपीए इसके लिए संघर्ष करेगा। प्रिंटिंग इंडस्ट्री इन दिनों रॉ-मैटेरियल जैसे इंक, पेपर, फिल्म, प्लेट, केमिकल की लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान है। इन पर सरकार की ओर से 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। हम सरकार से प्रिंटिंग इंडस्ट्री के लिए स्पेशल पैकेज और जीएसटी की दरों को 18 से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग करते हैं। कार्यक्रम में आरपीए के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप भालोटिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महासचिव हितेश हरितवाल, कोषाध्यक्ष अजय बंसल, सचिव प्रवीण श्रीवास्तव के साथ आरपीए के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में रॉ-मैटेरियल सप्लाई चैन को दुरुस्त करने के लिए सप्लायर और प्रिंटर के बीच संवाद का विशेष सत्र रखा गया। समारोह में राजस्थान की प्रिंटिंग इंडस्ट्री के वरिष्ठ उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। इसमें हरिकिशन रावत, रूपनारायण, राजेंद्र कुमठ, मनमोहन सिंह, आलोक जैन, दुर्गा प्रसाद शर्मा, उमेश शर्मा, सुनील मित्तल शामिल रहे।

'तैलंग कुलम' पत्रिका का 15वां स्थापना दिवस समारोह आज

पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट होंगे मुख्य अतिथि

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। तैलंग कुलम पत्रिका का 15वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को शाम 4 से 7 बजे तक रोटरी क्लब सभागार गोपालबाड़ी जयपुर में होगा। कार्यक्रम में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता एवं पद्मभूषण से सम्मानित प्रख्यात संगीतज्ञ पं. विश्व मोहन भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार, संपादक, तैलंग संस्कृति के अध्येता एवं सेवानिवृत्त आईएएस हेमंत शेष करेंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बाल, किशोर एवं युवा प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। संगीत, लेखन, फोटोग्राफी, कैरिकेचर, शैक्षणिक उपलब्धियों, निशानेबाजी, शतरंज, खेलकूद और मार्शल आर्ट सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका 'तैलंगिनी' का विमोचन भी होगा। साथ ही तैलंग साहित्यकारों की हाल ही प्रकाशित कृतियों का विमोचन किया जाएगा। समारोह में रामा देवी भट्ट स्मृति संस्कृति संवर्धन सम्मान से वरिष्ठ एवं अग्रणी व्यक्तित्व शीला देवी गोस्वामी को सम्मानित किया जाएगा। वहीं शताब्दी पुरुष श्रद्धेय सुरेंद्र नारायण गोस्वामी का अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रिका के 15 वर्षों के अंकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। समारोह के समापन के बाद आयोजन स्थल पर सामूहिक सायंकालीन भोज रखा गया है।

राज्यपाल और आरयू कुलगुरु से मिले नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत

जयपुर (महानगर टाइम्स, संवाददाता)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने मुलाकात की। कुलगुरु बनने के बाद प्रो. सारंगदेवोत की राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। वहीं प्रो. सारंगदेवोत ने राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत से भेंट की। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर चर्चा हुई। दोनों कुलगुरुओं ने साझा अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर विकसित करने पर भी जोर दिया गया। दोनों ने आपसी सहयोग और समन्वय के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर सृजित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

गिद्धों की आबादी और मूवमेंट पर निगरानी के लिए वन विभाग-डब्ल्यूआईआई की संयुक्त पहल

शिकारी पक्षियों के आवास, आबादी व खतरों का होगा वैज्ञानिक अध्ययन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान में गिद्धों और अन्य शिकारी पक्षियों के संरक्षण के लिए वन विभाग और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) मिलकर काम करेंगे। इसके लिए 'प्रोजेक्ट रैप्टर' के तहत वैज्ञानिक अध्ययन, पक्षियों की आबादी के आकलन और उनकी नियमित निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। शनिवार को राजस्थान वन विभाग की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना की गतिविधियों और संरक्षण की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिक-सी डॉ. आर. सुरेश कुमार और उनकी टीम ने परियोजना के उद्देश्यों और प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी। इसके तहत शिकारी पक्षियों की आबादी, उनके आवागमन, आवास के उपयोग और अलग-अलग आबादियों के बीच संपर्क को समझने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता बताई गई। इससे पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

गिद्ध संरक्षण की चुनौतियों पर मंथन

कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. क्रिस बोडेन ने गिद्ध संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने गिद्धों की आबादी के सामने मौजूद खतरों की पहचान, नियमित निगरानी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर संरक्षण उपाय विकसित करने पर जोर दिया। इस दौरान डब्ल्यूआईआई-इंडिया और टाइगर वॉच के प्रतिनिधि धर्मेंद्र खंडाल सहित विभिन्न संरक्षण संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी विचार रखे। चर्चा में वन विभाग, अनुसंधान संस्थानों और संरक्षण संगठनों के बीच समन्वय मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

वरिष्ठ वन अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरिजीत बनर्जी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. अरुण प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) पवन कुमार उपाध्याय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना) अनुराग भारद्वाज और अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजेश गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वन संरक्षक के.आर. अनूप ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। परियोजना के माध्यम से पक्षियों के वितरण, आवागमन और उनके सामने मौजूद संरक्षण संबंधी चुनौतियों की बेहतर जानकारी जुटाने पर ध्यान दिया जाएगा। वैज्ञानिक अध्ययन और मैदानी निगरानी से प्राप्त जानकारी के आधार पर संरक्षण संबंधी निर्णय लेने तथा इन पक्षियों के दीर्घकालीन संरक्षण को मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

राजस्थान हाईकोर्ट ने चिकित्सा निदेशक से मांगा जवाब

'अदालत के आदेश के बावजूद जारी क्यों नहीं रही संविदाकर्मी की सेवा'

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बाद भी मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत संविदा पर लगे लैब सहायक की सेवाएं जारी नहीं रखने को गंभीर माना है। इसके साथ ही अदालत ने चिकित्सा निदेशक को 28 अक्टूबर को पेश होकर अपना जवाब देने को कहा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश गुड्डी सैनी की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अवमानना याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता जमवारामगढ़ के तला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयपुर-प्रथम में लैब सहायक पद पर संविदा पर कार्यरत थी। इस दौरान साल 2026-27 के लिए योजना में संविदा कर्मियों की वित्तीय मंजूरी नहीं मिलने पर 9 मार्च को आदेश जारी कर उसकी सेवा खत्म कर दी। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने पर अदालत ने गत 10 अप्रेल 2026 को विभाग को निर्देश दिए थे कि यदि मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना आगे जारी रहे तो याचिकाकर्ता की सेवा जारी रखी जाए। इसके साथ ही उसे किसी अन्य संविदाकर्मी से नहीं बदला जाए। अवमानना याचिका में कहा गया कि मौजूदा समय में योजना जारी रहने के बाद भी उसे अदालती आदेश की पालना में कार्य पर वापस नहीं लिया। इसलिए याचिकाकर्ता की सेवा जारी रखना सुनिश्चित करते हुए अवमानना करने वाले अफसरों को दंडित किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने चिकित्सा निदेशक को पेश होकर इस संबंध में अपना जवाब देने को कहा है।

महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

सीकर। स्वर्णकार समाज सीकर द्वारा महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती रविवार को मनाई जाएगी। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष त्रिलोकचंद सोनी ने बताया कि सुबह 9.15 बजे गोपीनाथ जी के मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो घंटाघर होती हुई पोलो ग्राउंड स्थित स्वर्णकर भवन पहुंचेगी। दोपहर 1 बजे से समाज की प्रतिभाओं व प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

निशुल्क आयुर्वेदिक शिविर में 70 रोगी लाभान्वित

महानगर टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल में भारतीय सेवा समाज के संस्थापक स्वामी कृष्णानंद महाराज की प्रेरणा से शारदा क्रोपकेम बंबई के आर्थिक सौजन्य से, सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन, अलायंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा व श्रीरामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान चिड़ावा के सहयोग से 147वां निशुल्क दमा, गठिया, मधुमेह रोगों का आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मनीषा सैनी एसबीआई बैंक अधिकारी ने किया। अध्यक्षता प्रवीण सैनी ने की। शिविर में दिल्ली के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. महावीर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ 70 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। कार्यक्रम में डॉ. दयाशंकर जांगिड़, प्रांतपाल मनोज कुमार रूनला, मेजर डीपी शर्मा, जगदीश प्रसाद जांगिड़ व जांगिड़ अस्पताल के चिकित्सकों-कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

चूरू में राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर शिविर जारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

चूरू। जिला मुख्यालय चूरू में 23 से 26 अक्टूबर तक राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कुल 256 विद्यार्थी एवं 20 प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।

राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन स्काउट एलओसी राजाक रज्जाक खान, रोवर एलओसी सत्यनारायण स्वामी और गाइड एलओसी सुभिता गील के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर में चूरू जिले के सुजानगढ़, रतनगढ़, बीदासर, सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़, सिद्धमुख सहित विभिन्न क्षेत्रों के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर भाग ले रहे हैं। शिविर के आयोजन में मनीराम, विजय कुमार, विमल शर्मा, किशोर कुमार, सुशीला, विमल, सरोज, प्रेमलता, अमरसिंह एवं कमला सहित अन्य स्टाफ सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

मुकुन्दगढ़ में आज निकाला जाएगा पथ संचलन

महानगर टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। निकटवर्ती मुकुन्दगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से संघ के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर 25 अक्टूबर को पथ संचलन निकाला जाएगा। संघ के नगर के कार्यकर्ताओं ने बताया कि दोपहर 2.15 बजे कानोरिया हॉस्पिटल के सामने, मुकुन्दगढ़ मण्डी से पथ संचलन शुरू होगा। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक अनुशासित कतार में नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरेंगे। पथ संचलन को लेकर संघ कार्यकर्ताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सवाई माधोपुर में पंचायतीराज चुनाव कार्यकर्ता सम्मेलन 28 को

महानगर टाइम्स संवाददाता

सवाई माधोपुर। भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को आयोजित बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी पंचायत राज चुनावों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई।

जिला महामंत्री विनोद अटल ने जानकारी दी कि आगामी 28 अक्टूबर को सवाई माधोपुर में पंचायत राज चुनाव कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में पंचायत राज चुनावों की तैयारियों, संगठन की मजबूती तथा चुनावी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन में विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पंचायत समिति प्रभारी एवं संयोजक, जिला परिषद वार्ड प्रभारी एवं संयोजक तथा पंचायत समिति वार्ड प्रभारी एवं संयोजक उपस्थित रहेंगे। जिला महामंत्री ने कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पंचायत राज चुनावों को लेकर संगठनात्मक कार्यों में जुटने का आह्वान किया।

इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष भरतलाल मथुरिया, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीना, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, ओमी कटारिया एवं संतोष मथुरिया आदि उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान आगाज की प्रेस वार्ता में चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

एक नवंबर की रैली में जुटेंगे 10 से 15 लाख लोग : अजय शर्मा

महानगर टाइम्स संवाददाता

नीमकाथाना। कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को 'वोट बचाओ' कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगाए।

इस दौरान विधायक सुरेश मोदी, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खुशाल चौहान सहित जिला कांग्रेस कमेटी से जुड़े अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं और उनके हिसाब से काम कर रहे हैं।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनावों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव से पहले लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए। उन्होंने हरियाणा, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों में भी चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी और बेईमानी के आरोप लगाए।

शर्मा ने कहा कि मताधिकार से वंचित होने का असर व्यक्ति की नागरिकता और सरकारी योजनाओं के लाभ पर भी पड़ सकता है। उन्होंने चिंता जताई कि जिन परिवारों की कई पीढ़ियां देश में रह रही हैं, उनके सदस्यों के वोट भी काटे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार आवाज उठा रहे हैं। अजय शर्मा ने 12 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के घेराव की तैयारी के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस ने बर्बरता की। इस दौरान निर्णय किया गया कि बूथ बीएलओ पार्टी कार्यकर्ता घर-घर तथा मोहल्ले-मोहल्ले जाकर मतदाता सूची से जुड़े मामलों पर नजर रखेंगे। पार्टी का प्रयास रहेगा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को उसके मताधिकार से वंचित नहीं होना पड़े। अजय शर्मा ने बताया कि 1 नवंबर को बड़ी रैली आयोजित करने की तैयारी है। उन्होंने दावा किया कि इस रैली में करीब 10 से 15 लाख लोग शामिल होंगे। उन्होंने राजस्थान के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन से भी बड़ी संख्या में रैली में पहुंचने का आह्वान किया।

गड़ीसर तालाब की सफाई और संरक्षण में जुटी नगर परिषद

जागी सरकार : नियुक्त होंगे सुरक्षाकर्मी, मूर्ति विसर्जन पर प्रतिबंध

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। नगर परिषद जैसलमेर की ओर से सफाईकर्मियों की टीमें लगाकर गड़ीसर तालाब की सफाई और कैचमेंट एरिया के संरक्षण को लेकर कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

गौरतलब है कि जयपुर महानगर टाइम्स के 22 अक्टूबर के अंक में 'गड़ीसर तालाब पर संकट, मूर्ति विसर्जन और उपेक्षा से खतरे में ऐतिहासिह धरोहर' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई है। इस पर सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए गड़ीसर तालाब से मलबा हटाने और इसके संरक्षण के उपाय करने को लेकर प्रशासन को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। नगर परिषद जैसलमेर ने तुरंत सफाईकर्मियों की टीमें लगाकर शुक्रवार को ही गड़ीसर की सफाई और कैचमेंट एरिया के सरंक्षण को लेकर कार्यवाही आरम्भ कर दी।

पानी की मात्रा बहुत कम हो जाने के कारण घाटों के आस-पास पूजन सामग्री, पॉलीथिन, मूर्तियां, मलबे का अत्यधिक जमाव हो जाने से गड़ीसर का सौंदर्य प्रभावित हो रहा था। आयुक्त पवन कुमार ने तत्काल सफाईकर्मियों की टीमें लगाकर वृहद् सफाई अभियान का आगाज किया। शुक्रवार देर शाम तक गड़ीसर काफी हद तक साफ हो गया। वहीं कैचमेंट एरिया को मशीनरी द्वारा मलबा हटाकर समतल किया गया। शनिवार प्रातः नगर परिषद द्वारा गड़ीसर तालाब पर श्रमदान का वृहद स्तर पर अभियान शुरू किया। साथ ही बड़ी तादाद में सफाईकर्मियों को भी लगाया गया।

सभापति विजय डांगरा, आयुक्त पवन कुमार, उप सभापति प्रतिनिधि देवीसिंह चौहान, स्वच्छता शाखा की सहायक अभियंता रेशु सिंह, स्वच्छता प्रभारी चुनाराम चौधरी, नरेशपाल सिंह सहित पार्षदों, कार्मिकों और विभिन्न संगठनों के साथ-साथ आमजन ने भागीदारी निभाते हुए गड़ीसर को चमका दिया। दो दिन पूर्व मलबे से अटा गड़ीसर दोपहर होते-होते पूरी तरह साफ सुथरा नजर आने लगा।

इनका कहना है...

गड़ीसर तालाब और कैचमेंट एरिया में विशेष अभियान चलाकर सफाई कर दी गई है। भविष्य में गड़ीसर तालाब में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया है। गड़ीसर तालाब हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है, आमजन इसमें किसी प्रकार का मूर्ति विसर्जन नहीं करें, ना ही तालाब और आस-पास गन्दगी फैलाएं।

पवन कुमार, नगर परिषद आयुक्त

गड़ीसर रियासतकाल की अनमोल धरोहर है। इसके संरक्षण और संवर्धन की हमारी सामहिक जिम्मेदारी है। हमें सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करने आगे आना होगा तथा आमजन को जागरूक रहना होगा।

विजय डांगरा, नगर परिषद सभापति

शिव विधायक ने दी चेतावनीः मांग नहीं मानी तो जयपुर-दिल्ली में जारी रहेगा आंदोलन

ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करे सरकारः भाटी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। तनोट माता मंदिर से शुरू हुई 13 दिन और 400 किलोमीटर की ओरण पदयात्रा शुक्रवार देर शाम तेमड़ेराय मंदिर में महाआरती के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान 7 देवी मंदिरों में दर्शन किए गए।

समापन पर हजारों श्रद्धालु जुटे। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी महाआरती में शामिल हुए। पदयात्रियों ने देवी-देवताओं की ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने और उनके संरक्षण की मांग उठाई। इस दौरान पोकरण विधायक प्रतापपुरी, भाजपा प्रदेश सचिव आईदान सिंह भाटी भी शामिल हुए।

महाआरती में शामिल हुए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि ओरणों का संरक्षण करना सरकारों की नैतिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाएं, ताकि इन पवित्र स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि यदि सरकारें इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती हैं, तो ऐसे आंदोलन आगे भी होते रहेंगे। ओरण संरक्षण के लिए आंदोलन के जरिए जयपुर और दिल्ली में बैठे लोगों को जगाने का काम किया जाएगा।

ओरण पदयात्रा से जुड़े सुमेर सिंह सांवता ने कहा कि उनकी मुख्य मांग है कि सरकार ओरण संरक्षण से जुड़े लोगों की बात सुने और देवी-देवताओं की ओरणों को सरकारी रिकॉर्ड में ओरण के नाम से दर्ज करे।

उन्होंने कहा कि ओरणों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए राजस्व रिकॉर्ड में उचित दर्ज होना जरूरी है। इससे इन पवित्र स्थलों की परंपराओं और उनसे जुड़ी मान्यताओं को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 अक्टूबर को कस्बे में पथ संचलन निकाला जाएगा। नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार ने बताया कि सूर्य मंडल खेल मैदान में कार्यक्रम होगा। पथ संचलन सूर्यमंडल से प्रारंभ होकर गणेशपुरा बस्ती से होते हुए अग्निशमन, पुलिस थाना, नानसा गेट, नाहरसिंह पार्क, बावड़ी गेट, महावीर व्यायामशाला के सामने से होते हुए मुरारका प्रेस, भक्तों की हवेली के सामने से होते हुए घेर का मंदिर, नया बाजार, बेलबाई खेल मैदान से चुना चौक, पोद्दार गेट, गणेश मंदिर, मितर चौक, सेकसरिया स्कूल के सामने से नानसा गेट, जैन मेडिकल के सामने से होते हुए पुनः सूर्यमंडल मैदान पहुंचेगा। खंड कार्यवाह विनोद जाखड़ ने बताया है कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नगर संघ चालक विश्वनाथ जोशी ने बताया कि पथ संचलन में संतों के सान्निध्य के साथ ही अखिल भारतीय केंद्रीय टोली सदस्य अशोक कुमार का भी सान्निध्य रहेगा।

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा आज

शिवसिंहपुरा पंचायत समिति की 17 ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क करेंगे विधायक रामबिलास मीना

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा की ओर से शिवसिंहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

भाजपा नेता शंभूलाल कुई वाले ने बताया कि कार्यक्रम में लालसोट विधायक रामबिलास मीना सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क कर आमजन से संवाद किया जाएगा। जनसंपर्क यात्रा सुबह 9 बजे थलोज (लालसोट), सुबह 9.30 बजे निर्झरना, सुबह 10 बजे चौण्डियावास, सुबह 10.30 बजे संवासा, सुबह 11 बजे थूण्याधिराजपुरा, सुबह 11.30 बजे रतनपुरा, दोपहर 12 बजे रायमलपुरा, दोपहर 12.30 बजे श्यामपुरा कलां, दोपहर 1 बजे नालावास, दोपहर 1.30 बजे झांपदा, दोपहर 2 बजे दौलतपुरा, दोपहर 2.30 बजे शिवसिंहपुरा, दोपहर 3 बजे तलावगांव, दोपहर 3.30 बजे महाराजपुरा, शाम 4 बजे श्रीमा, शाम 4.30 बजे कर्णपुरा, शाम 5 बजे लाखनपुर पहुंचेगी।

श्यामपुरा में नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान का संदेश

एक-एक वोट की समझाई ताकत

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। लोकतंत्र के महापर्व में आमजन की भागीदारी बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से श्यामपुरा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के महत्व, मताधिकार की ताकत और निष्पक्ष चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भूमिका का संदेश दिया गया।

स्वीप समन्वयक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों और नवाचारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने स्थानीय शैली में रोचक संवादों के माध्यम से मतदान की अहमियत को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रामबिलास मीणा, स्वीप प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, आरपी अभिनंदन त्रिवेदी, सुनील शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा और रामखिलाड़ी मीणा का विशेष योगदान रहा।

विद्यालय में मतदान के लिए किया जागरूक

सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। जिला स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करमोदा में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को मतदान का महत्व, मतदाता पंजीकरण और निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। स्वीप कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार शर्मा ने फॉर्म-6 से नव मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। चंद्रप्रकाश वर्मा ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारी दी। टीम ने ईसीआईनेट ऐप तथा फॉर्म-6,7 और 8 के उपयोग के बारे में भी बताया। बीएलओ आनंद शर्मा ने पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य हरीश शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

10 का जिला स्तर पर हुआ चयन

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। पीएम श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक कौशल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने निबंध, आशुभाषण, क्विज, चित्रकला और एकल गीत प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पांचों प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य रत्तीराम मीणा ने सृजनात्मक गतिविधियों को प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम बताया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मोहन उपाध्याय, प्रतियोगिता प्रभारी वनिता दिवेश ने परिणामों की जानकारी दी।

प्रतियोगिताओं के परिणाम

निबंध में सपना सैनी (पीएम श्री अशोक शर्मा विद्यालय) प्रथम व गौरा सैनी (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तालेड़ा जमात) द्वितीय।

आशुभाषण में कोमल सैनी (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट) प्रथम व आयुषी योगी (पीएम श्री अशोक शर्मा विद्यालय) द्वितीय

क्विज में यूडी सैनी (पीएम श्री अशोक शर्मा विद्यालय) प्रथम व गौरांश शर्मा (महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खोहरापाड़ा) द्वितीय।

चित्रकला में रेखा महावर (महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खोहरापाड़ा) प्रथम व रानी बानू (पीएम श्री अशोक शर्मा विद्यालय) द्वितीय।

एकल गीत में रीना गुर्जर (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट) प्रथम व कविता गुर्जर (पीएम श्री अशोक शर्मा विद्यालय) द्वितीय रहीं।

शरद पूर्णिमा आज: गोविंद देवजी मंदिर में बिछेगी शतरंज की बिसात

मंदिरों में सजेगी धवल झांकी ठाकुरजी को लगेगा खीर का भोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। छोटीकाशी में रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अपनी संपूर्ण कलाओं के साथ आलोकित चंद्रमा अपनी किरणों से अमृत वर्षा करेंगे। इस मान्यता के कारण लोग रात्रि को खुले आसमान के नीचे बैठ चंद्रमा को निहारेंगे। प्रायः सभी मंदिरों में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। चंद्रमा की किरणों में खीर रखकर भजन गाए जाएंगे। मध्य रात्रि या अगले दिन सुबह अमृतमयी खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

शरद पूर्णिमा का मुख्य आयोजन ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी में 25 अक्टूबर को होगा। श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा विशेष श्रृंगार और झांकी के दर्शन होंगे। श्वेत जरी-गोटे की धवल पार्चा जामा पोशाक धारण कराई जाएगी। पुष्पों और विशेष अलंकारों से श्रृंगार किया जाएगा तथा पूर्णिमा का विशेष मुकुट धारण कराया जाएगा।

संध्या झांकी के बाद श्रीमन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में शरद उत्सव की विशेष झांकी सजाई जाएगी। इसके दर्शन रात्रि 7:15 से 7:30 बजे तक होंगे। इस दौरान ठाकुर श्रीजी की शरद की खाट सजाई जाएगी, जिसमें चौसर और शतरंज की झांकी के दर्शन होंगे। साथ ही माला, पान और इत्र की विशेष सेवा अर्पित की जाएगी। शरद पूर्णिमा पर ठाकुर श्रीजी को खीर का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

अस्थमा रोगियों के लिए होगा निशुल्क औषधीयुक्त खीर का वितरण

गोपालपुरा बाइपास स्थित हिण्डोन-हाइट्स पर स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण स्मृति संस्थान की ओर से अस्थमा के रोगियों के लिए रविवार रात्रि 10 बजे औषधीयुक्त खीर का वितरण किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाल ने बताया कि इस औषधियुक्त खीर के सेवन और आवश्यक खान-पान व्यवहार के परहेज से असाध्य अस्थमा रोग का जड़ से इलाज हो जाता है। इस अवसर पर संस्थान संरक्षक यशपाल यश अस्थमा रोगियों को आवश्यक खान-पान के परहेज तथा लाइफ स्टाइल योग का प्रशिक्षण देंगे। डॉ. अविल जैन रोगियों का परीक्षण करेंगे।

मोतीडूंगरी गणेश जी धारण करेंगे चांदी का धवल मुकुट

जयपुर। शरद पूर्णिमा पर रविवार को श्री मोती डूंगरी गणेश जी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज नवीन सफेद पोशाक और चांदी का सफेद मुकुट धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर परिसर में सफेद फूलों से फूल बंगला सजाया जाएगा। शरद पूर्णिमा पर भगवान को खीर का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। रात्रि में चंद्रमा की रोशनी में खीर रखी जाएगी। इसके बाद अगले दिन प्रातःकाल श्रद्धालुओं में खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

श्री सरस निकुंज में होंगे महारास झांकी के दर्शन

जयपुर। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर महारास झांकी के दर्शन होंगे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में सायंकालीन संध्या आरती के बाद शाम 7 से रात्रि 9:30 बजे तक ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जू सरकार की भावमयी महारास झांकी के दर्शन होंगे। ठाकुर जी सरकार की विशेष लाड-सेवा की जाएगी। धवल चन्द्रिका के अनुरूप उज्ज्वल एवं मनोहारी सज्जा से सम्पूर्ण परिसर को श्वेत आभा से आलोकित किया जाएगा। श्री सरस परिकर के वैष्णव जन निरतत रास में रसिया रंगीला नन्दलाला है..., रास में श्री राधे जू गावें..., मोहन वेणु बजावें...जैसे भावपूर्ण पदों का गायन करेंगे। शरद पूर्णिमा पर श्री ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जू सरकार को विविध मधुर एवं मिष्ट व्यंजनों के साथ खीर का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

प्रेमभाया सरकार का शरद चांदनी उत्सव आज

जयपुर। श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से रविवार को चांदपोल बाजार के जय लाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया सरकार का शरद चांदनी उत्सव मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार का ऋतु पुष्पों से मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7:30 से रात्रि 11 बजे तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उत्सव के दौरान श्री प्रेमभाया सरकार को खीर का भोग अर्पित किया जाएगा।

सीताराम जी मंदिर में होगा भजनों से गुणगान

जयपुर। छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी में समाज श्री सीतारामजी समिति की ओर से रविवार को शरद महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शाम 6:30 बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित उत्सव में ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार, भजन संकीर्तन और औषधियुक्त खीर का वितरण होगा।

मंदिर के महंत नंदकिशोर शर्मा ठाकुरजी को नवीन सफेद पोशाक धारण करवाकर सुंदर फूलों की मालाओं से श्रृंगार करेंगे। मंदिर में राधा-कृष्ण का विग्रह भी विराजमान है, जिनकी प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। वर्ष में दो बार जन्माष्टमी और शरद पूर्णिमा के अवसर पर राधा-कृष्ण के विग्रह को निज गृह से बाहर लाकर उत्सव मनाया जाता है। शरद पूर्णिमा पर मंदिर प्रांगण में सफेद सिंहासन पर विराजमान कर भजन-कीर्तन से रिझाया जाता है।

समिति के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि शाम 7 बजे चंद्रमा की रोशनी में खीर रखी जाएगी। इसमें दमे की औषधि मिलाकर भगवान सीतारामजी के समक्ष भोग लगाया जाएगा। इसके बाद रात 10 बजे जयपुर के प्रसिद्ध वैद्य महेशचन्द्र शर्मा द्वारा निर्मित औषधियुक्त खीर का श्रद्धालुओं में वितरण किया जाएगा। मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की चंद्रमा की रोशनी में रखी औषधियुक्त खीर ग्रहण करने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

गोविंद देवजी मंदिर में होगा चंद्र गायत्री महायज्ञ

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। शरद पूर्णिमा पर ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी में रविवार को मंदिर कार्यालय के पास गायत्री परिवार के तत्वावधान में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह आठ से दस बजे तक शरद पूर्णिमा महोत्सव और निशुल्क चंद्र गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

देव आह्वान, सोडशोपचार पूजन के बाद निशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। श्रद्धालु 'ऊं क्षीरपुत्राय विद्महे अमृततत्त्वाय धीमहि तन्नो चन्द्रः प्रचोदयात्' चंद्र गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए देसी नस्ल की गाय के दूध से बनी खीर से विशेष आहुतियां प्रदान करेंगे। चंद्रदेव को आहुतियां प्रदान करने से मन को शांति मिलती है और भावनात्मक संतुलन बनता है। जिन लोगों में क्रोध, चिड़चिड़ापन और भावनात्मक उतार-चढ़ाव अधिक होता है, सही निर्णय नहीं ले पाते हैं, बार-बार विचार बदलते हैं, किसी मनोविकास से ग्रस्त हैं, यदि वे यदि चंद्रमा को चंद्र गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान करते हैं, तो उनको शीघ्र लाभ होता है। हवन में पलाश के वृक्ष की समिधा का भी उपयोग होगा। यज्ञ में कोई भी शामिल हो सकता है। इसके लिए कोई सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं है। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली यज्ञ संपन्न कराएंगी। इस मौके पर पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा, जहां लागत मूल्य पर श्रेष्ठ साहित्य उपलब्ध कराया जाएगा। इस सप्ताह जिनका जन्म दिन अथवा विवाह दिवस है, उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विशेष आहुतियां अर्पित करवाई जाएंगी। दोनों संस्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार यज्ञ से मनाए जाएंगे।

टूगेदर वी शाइन कार्यक्रम का आयोजन

स्वस्थ हृदय का बताया महत्व, हृदय रोगों से बचाव की दी जानकारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट और रोटरी क्लब जयपुर स्पार्कल के संयुक्त तत्वावधान में एमआई रोड स्थित होटल चाणक्य, में टूगेदर वी शाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता, संगीत, मनोरंजन और सामाजिक सौहार्द्र का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एसएसबीसी फाउंडेशन के संस्थापक मदन यादव तथा पूर्व पार्षद ममता यादव उपस्थित रहीं। सीके बिरला हॉस्पिटल्स, रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल, जयपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल शर्मा ने हेल्थ अवेयरनेस पर बात की। रही। डॉ. शर्मा ने स्वस्थ हृदय के महत्व, हृदय रोगों से बचाव, संतुलित जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। शांतनु सिंह, आशीष शर्मा ने स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया। गायक अनिल ने मनमोहक गीतों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजन करना है, जिनसे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़े और लोगों को सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिले। ह्यूमन ग्लोरी वुमेन्स क्लब की अध्यक्ष एवं ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष मनीषा जैन 'कुसुम' ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर स्पार्कल के अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन, सचिव डॉ. अनुराग तोमर एवं मेंटर रोटेरियन कुलविंदर सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जयपुर पहुंचीं 40 देशों की सुपर मॉडल्स आज सजेगा अंतरराष्ट्रीय फैशन का मंच

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर की ऐतिहासिक विरासत, राजस्थानी संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय फैशन का संगम 25 अक्टूबर को देखने को मिलेगा। प्रियंकाज इवेंट्स और एस्थेरिया बैरीज ग्रुप ऑफ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स की ओर से प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फैशन एवं ब्यूटी इवेंट 'मिस एवं मिसेज सुपर मॉडल वर्ल्डवाइड-2026' का आयोजन किया जा रहा है। ग्रैंड फिनाले रविवार को आगरा रोड स्थित एस्थेरिया बैरीज रिसॉर्ट एंड स्पा में आयोजित होगा। आयोजन में विभिन्न देशों से आईं सुपर मॉडल्स फैशन, सौंदर्य, संस्कृति और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगी। ग्रैंड फिनाले से पहले शनिवार को 40 देशों से आईं मॉडल्स ने जयपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल का दीदार किया और जयपुर की विश्वविख्यात आभूषण परंपरा को करीब से जाना। शहर भ्रमण के दौरान मॉडल्स सेठ पन्नालाल ज्वेलर्स भी पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक भारतीय आभूषणों की बारीक कारीगरी, अनूठे डिजाइन और एंटीक ज्वेलरी कलेक्शन को देखा।

श्याम प्रभु को भजनों से रिझाया

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता) शहर में विभिन्न स्थानों पर शनिवार को श्याम भजन संध्याओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में प्रताप नगर के दिनाव अपार्टमेंट में श्री श्याम सेवा समिति की ओर से पंचम विशाल श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। श्याम प्रभु के फूलों से सजे दरबार में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। आकर्षक श्रृंगार से सजे श्रीकृष्ण के स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हुए। समिति के आयोजन में श्याम प्रेमियों ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन किया। प्रताप नगर सांगानेर स्थित इम्प्रेस गार्डन में श्री श्याम सुंदर परिवार के तत्वावधान में 'एक शाम श्याम सरकार के नाम' भजन संध्या हुई। भजन गायकों ने श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आयोजन में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए।

कलश यात्रा निकाली, आज 151 जोड़े यज्ञ में देंगे सवा लाख आहुतियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। श्री श्याम स्नेह मिलन परिवार सेवा समिति के 18वें वार्षिकोत्सव के तहत शनिवार को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा न्यू लोहामंडी रोड नंबर 14 स्थित महादेव नगर के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ रवाना होकर उत्सव स्थल ऑल बेस्ट चिल्ड्रन्स स्कूल, शेखावाटी नगर, रोड नंबर 14 पहुंची। यहां कलशों की आरती उतारी गई। रविवार सुबह 8 बजे से 51 कुंडीय श्री श्याम महायज्ञ होगा। इसमें 151 जोड़े यज्ञ में सवा लाख आहुतियां देंगे। इसी दिन शाम 7:15 बजे से श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा।

शरद पूर्णिमा पर होगा औषधियुक्त खीर का वितरण

चांदी की श्वेत पोशाक धारण करेंगे खोले के हनुमानजी महाराज

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। शरद पूर्णिमा पर श्री खोले के हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमानजी महाराज को 31 किवंटल दूध से तैयार खीर (औषधियुक्त खीर) का भोग अर्पित किया जाएगा। भगवान को चांदी की श्वेत पोशाक धारण कराई जाएगी। मंदिर परिसर में शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद रात 11:30 बजे महाआरती की जाएगी तथा मध्यरात्रि 12 बजे से श्रद्धालुओं को औषधियुक्त शीतल खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा उत्सव के तहत मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक भजन-कीर्तन के माध्यम से हनुमानजी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहेगा। शरद पूर्णिमा के विशेष अवसर पर हनुमानजी महाराज को चांदी की श्वेत पोशाक धारण कराई जाएगी तथा 31 किवंटल दूध से तैयार खीर का भोग अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि 11:30 बजे हनुमानजी महाराज की महाआरती होगी। इसके पश्चात मध्यरात्रि 12 बजे से श्रद्धालुओं को औषधियुक्त शीतल खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने की धार्मिक परंपरा के अनुसार खीर को विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दमा रोग से पीड़ित लोगों को भी परंपरा के अनुसार औषधियुक्त खीर उपलब्ध कराई जाएगी।

नृत्य गुरु संगीता सिंघल के निर्देशन में 'नृत्यांजलि' समारोह एक नवंबर को

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। शिवम डांस एकेडमी की ओर से 1 नवंबर को शाम 6 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में नृत्य समारोह 'नृत्यांजलि' आयोजित किया जाएगा। जयपुर घराने की वरिष्ठ कथक नृत्य गुरु विदुषी संगीता सिंघल के निर्देशन में होने वाले समारोह में उनके 40 शिष्य और उनके पुणे स्थित शिष्य वरुण शर्मा के 30 शिष्य अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समारोह की खासियत गुरु-शिष्य और शिष्य की अगली पीढ़ी की कला साधना का अनूठा संगम होगा। संगीता सिंघल पं. बिंदादीन महाराज की ठुमरी पर एकल भावाभिनय प्रस्तुत करेंगी, वहीं अपने शिष्यों के साथ गणेश स्तुति और चतुरंग में भी भाग लेंगी। समारोह में कथक की लयकारी, पद संचालन और भावाभिव्यक्ति के विविध रंगों के साथ गुरु-शिष्य परंपरा की समृद्ध विरासत साकार होगी।

गुंजन शर्मा का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 के लिए चयन

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। राजस्थान विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तीन स्वयंसेवकों का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 के लिए चयन हुआ है। चयनित स्वयंसेवकों में हिंदी विभाग के छात्र जालम सिंह, महारानी कॉलेज की छात्रा गुंजन शर्मा और महाराजा कॉलेज के छात्र पुलकित तिवाड़ी शामिल हैं। शिविर का आयोजन हरियाणा के गुरुग्राम स्थित द्रोणाचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज में होगा। तीनों स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने के बाद संभाग स्तरीय चयन प्रक्रिया में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने शिविर में स्थान हासिल किया। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में चयन राजस्थान विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए उपलब्धि है।

फिजियोथैरेपी शिविर में 130 प्रेमी भक्त हुए लाभान्वित

सदगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज का 130वां जन्मोत्सव भक्ति भाव से सम्पन्न

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। आस्था भक्ति श्रद्धा के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में पंच दिवसीय सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज के 130वें जन्मोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। उत्सव के तहत संत-महात्माओं ने सर्वानंद महाराज की महिमा का गुणगान किया। पंच दिवसीय श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब, गीता जी के पाठों का भोग परायण हुआ। सत्गुरु सर्वानंद महाराज के श्री विग्रह के समक्ष 40 किलो महाप्रसादी का भोग लगाया गया। बधाई गीतों के साथ शहनाई वादन पर भक्तों ने जन्मोत्सव का आनंद लेते हुए गुरुदेव के जय कारे लगाए। इस अवसर पर फिजियोथैरेपी शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए। प्रातः 9 बजे स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 130 से अधिक भक्तों को निशुल्क परामर्श दिया गया।

श्रीजी का किया कलशाभिषेक व शांतिधारा

भांकरोटा के जैन मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक मेला शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। अजमेर रोड स्थित भांकरोटा के अति प्राचीन एवं अतिशय क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक मेला शनिवार को शुरू हुआ। आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी ससंघ के सान्निध्य में विविध आयोजन हुए। मेला मुख्य संयोजक नगेन्द्र सेठी ने बताया कि मेले के प्रथम दिन शनिवार को आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। कमला नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर से विहार प्रारंभ होकर अजमेर रोड बस स्टैंड होते हुए मंदिर परिसर में मंगल प्रवेश हुआ। इसके बाद आर्यिका संघ के सान्निध्य में श्रीजी का कलशाभिषेक और शांतिधारा हुई। आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी ने श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वचन प्रदान किया।

आज मुख्य आयोजन

वार्षिक मेले का मुख्य आयोजन रविवार प्रातः 7 बजे श्रीजी के कलशाभिषेक एवं शांतिधारा के साथ प्रारंभ होगा। प्रातः 8 बजे आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी के मंगल प्रवचन होंगे। 9:30 बजे आर्यिका संघ की आहारचर्या होगी। सुबह 11:15 बजे आर्यिका संघ के सान्निध्य में विधान पूजन प्रारंभ होगा। पूजन के बाद अतिथियों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सहयोगियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। संध्याकालीन सत्र में श्रीजी की महामंगल आरती, ब्रह्मचारिणी शैली दीदी के प्रवचन होंगे। इसके साथ दो दिवसीय वार्षिक मेले का समापन होगा। अभिषेक जैन ने बताया कि वार्षिक मेले में जयपुर शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

श्री समवशरण विधान पूजा का संगीतमय आयोजन

जयपुर। गणिनी प्रमुख आर्यिका रत्न जिनदेवी माताजी ससंघ के सान्निध्य में आगरा रोड पर खानिया स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर श्री मुरलीधर जी राणा की नसियां में मनाए जा रहे चार दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव में शनिवार प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद दोपहर को श्री समवशरण विधान पूजा का संगीतमय आयोजन हुआ। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य रत्न बाहुबली सागर महाराज की पट् शिष्या आर्यिका जिनदेवी माताजी ससंघ के सान्निध्य में सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं।

बाड़ा पदमपुरा में वार्षिक मेला आज, भक्ति संध्या में झूले श्रद्धालु

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। दिगंबर जैन धर्मावलंबियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा (बाड़ा) का वार्षिक मेला (वार्षिकोत्सव) रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पूर्व 24 अक्टूबर को शाम को महाआरती के बाद भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुनि मार्दवनन्दी महाराज के सान्निध्य में कई धार्मिक आयोजन हुए। अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद मंत्री एडवोकेट हेमन्त सोगानी के नेतृत्व में रविवार प्रातः 7 बजे भूगर्भ से प्रकटित मूलनायक भगवान पदमप्रभू की प्रतिमा के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किए जाएंगे। मेला संयोजक जितेन्द्र मोहन जैन ने बताया कि प्रातः 8.30 बजे भगवान पद्मप्रभु की विशाल खडगासन प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक होगा। अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं महामंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी ने बताया कि प्रातः 11.15 बजे से प्रतिष्ठाचार्य अनिल कुमार जैन शास्त्री के निर्देशन में संगीतमय पद्मप्रभ विधान होगा। दोपहर में 3.15 बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी। शाम 4.15 बजे जयकारों के बीच श्रीजी का कलशाभिषेक किया जाएगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें
और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram twitter YouTube

शरद पूर्णिमा- चांदनी के बहाने जीवन में संवेदना और संतुलन की तलाश

कुंवर शीलवर्धन प्रताप नारायण सिंह

भारतीय संस्कृति में प्रकृति केवल सौंदर्य की सृष्टा नहीं, अपितु जीवन-दर्शन की मौन व्याख्याता भी है। उसकी प्रत्येक ऋतु, प्रत्येक रंग और प्रत्येक रूप मनुष्य के अंतर्मन से संवाद करता है।

कहीं वसंत नवजीवन का संदेश लेकर आता है, तो कहीं वर्षा विरहाकुल हृदय की अभिव्यक्ति बन जाती है। इन्हीं ऋतु-संवेदनाओं के मध्य शरद पूर्णिमा ऐसी अनुपम वेला है, जब आकाश में अवतरित पूर्णचंद्र अपनी धवल चांदनी से धरा को अभिसिंचित करता है और समूची प्रकृति किसी अलौकिक सौंदर्य में निमग्न प्रतीत होती है। वर्षा के अवसान के पश्चात् निर्मल नभ, शीतल समीर और चंद्रकिरणों की रजत आभा मानो मनुष्य को सांसारिक आपाधापी से विरत होकर आत्मावलोकन का आमंत्रण देती है। यह पर्व केवल चंद्रदर्शन का अवसर नहीं, बल्कि जीवन में संवेदना, संतुलन और सद्भाव के पुनर्जागरण का सांस्कृतिक संदेश भी है।

भारतीय लोकजीवन में शरद पूर्णिमा का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। 'को जागर्ति' अर्थात् कौन जाग रहा है–इस लोकमान्यता में मां लक्ष्मी के आगमन और समृद्धि की कामना का भाव निहित है। किंतु जागरण का एक व्यापक अर्थ यह भी है कि मनुष्य अपने विवेक, कर्तव्य और आत्मबोध के प्रति जागरूक रहे। वास्तविक समृद्धि केवल स्वर्ण, संपदा और वैभव के संचय में नहीं, अपितु संतोष, सदाचार, करुणा और उदारता से संपन्न जीवन में प्रतिष्ठित होती है। जो व्यक्ति दूसरों की पीड़ा के प्रति संवेदनशील है, अपने दायित्वों के प्रति सजग है और विपरीत परिस्थितियों में भी मानवीय मर्यादाओं का परित्याग नहीं करता, वस्तुतः वही जीवन की सच्ची लक्ष्मी का अधिकारी है।

शरद पूर्णिमा की रात्रि का संबंध श्रीकृष्ण की महारास लीला से भी जुड़ा है। भारतीय भक्तिधारा में रास केवल नृत्य और संगीत की मोहक छवि नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के अनन्य अनुराग की आध्यात्मिक अभिव्यक्ति है। वृंदावन की कल्पित कुंजों में बिखरी चांदनी, यमुना की लहरों का कलनाद और मुरली की मधुर तान सदियों से भारतीय काव्य-चेतना को अनुप्राणित करते रहे हैं। सूरदास की भक्ति, रसखान का कृष्णानुराग और वैष्णव साहित्य की माधुर्य-परंपरा प्रेम को आत्मविस्मृति, समर्पण और अहंकार के विसर्जन का माध्यम मानती है। इस दृष्टि से रास का संदेश है कि जहां स्वार्थ का आग्रह क्षीण होता है, वहीं आत्मीयता का विस्तार होता है। प्रेम अधिकार जताने में नहीं, दूसरे के अस्तित्व को सम्मान देने में निहित है; भक्ति केवल आराधना में नहीं, बल्कि अपने आचरण को पवित्र और परहितकारी बनाने में भी प्रतिष्ठित है।

इस पर्व पर खीर बनाकर चंद्रमा की चांदनी में रखने की परंपरा भारतीय घर-आंगन की आत्मीय स्मृतियों का अभिन्न अंग है। लोकविश्वास में इस खीर को अमृततुल्य माना जाता है। आस्था और परंपरा के इस भाव का सम्मान करते हुए यह विवेक बनाए रखना भी आवश्यक है कि धार्मिक मान्यताएं और वैज्ञानिक निष्कर्ष अलग-अलग आधारों पर प्रतिष्ठित होते हैं। फिर भी इस परंपरा की सांस्कृतिक महत्ता निर्विवाद है। परिवार का एकत्र होना, प्रसाद का वितरण, बड़ों का स्नेह और बच्चों की उत्सुकता पर्व को आत्मीयता के उत्सव में रूपांतरित कर देते हैं। परंपराएं तभी जीवित रहती हैं, जब वे अगली पीढ़ी तक केवल कर्मकांड बनकर नहीं, बल्कि अपने भीतर निहित सद्भाव और जीवन-मूल्यों के साथ पहुंचती हैं।

वर्तमान समय में मनुष्य ने भौतिक प्रगति के अनेक सोपान पार किए हैं, किंतु इस उपलब्धि के समानांतर अंतर्मन की शांति और संबंधों की ऊष्मा अनेक चुनौतियों से घिरी हुई है। संचार के असंख्य साधनों ने दूरियों को घटाया है, परंतु कई बार निकट बैठे व्यक्तियों के बीच भी संवादहीनता की दीवार खड़ी कर दी है। प्रतिस्पर्धा की तीव्रता ने आकांक्षाओं को प्रबल किया है, किंतु धैर्य और संतोष के अवकाश को संकुचित भी किया है। उपलब्धियों की दौड़ में मनुष्य दूसरों से आगे निकलने का प्रयत्न तो करता है, परंतु अनेक बार स्वयं से संवाद करना भूल जाता है। ऐसे समय में शरद पूर्णिमा की चांदनी हमें ठहरने, अपने भीतर झांकने और जीवन की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने की प्रेरणा देती है। आखिर जिस सफलता में मन की शांति न हो और जिस समृद्धि में संबंधों की मधुरता न बचे, उसकी पूर्णता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। चंद्रमा की महिमा उसके शीतल प्रकाश में है। वह सूर्य की भांति प्रखर ताप से नहीं, बल्कि सौम्य आभा से रात्रि की नीरवता को सौंदर्य प्रदान करता है। मनुष्य के व्यक्तित्व में भी प्रतिभा और पराक्रम के साथ विनम्रता, सहिष्णुता और करुणा का समावेश आवश्यक है। ज्ञान यदि अहंकार को पोषित करे, शक्ति यदि दुर्बल को भयभीत करे और सफलता यदि मनुष्य को दूसरों की पीड़ा से विमुख कर दे, तो वह उपलब्धि अपने नैतिक अर्थ खो देती है। जीवन का वास्तविक वैभव इस बात में नहीं कि हमारे पास कितना है, बल्कि इसमें है कि हमारे होने से किसी दूसरे के जीवन में कितनी आशा, सहजता और प्रसन्नता का संचार होता है। दूसरों के अंधकार को कोसने के स्थान पर उनके जीवन में प्रकाश का एक छोटा-सा दीप प्रज्ज्वलित करना ही मानवीय संवेदना की सार्थक परिणति है।

प्रकृति के प्रति मनुष्य का उत्तरदायित्व भी इसी संवेदनशील दृष्टि का विस्तार है। शरद की निर्मल रात्रि, खुला आकाश और चंद्रकिरणों से आलोकित धरती उस प्राकृतिक वैभव का स्मरण कराते हैं, जिसके सहारे जीवन की समस्त गतिविधियां संचालित होती हैं। प्रदूषण, अनियंत्रित शहरीकरण और संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के बीच प्रकृति से आत्मीय संबंध स्थापित करना समय की आवश्यकता है। विकास और पर्यावरण परस्पर विरोधी नहीं होने चाहिए; विवेकपूर्ण विकास वही है, जो भावी पीढ़ियों के जीवनाधार को सुरक्षित रखे। प्रकृति के सौंदर्य का उत्सव मनाना तभी सार्थक होगा, जब हम उसकी निर्मलता और संतुलन की रक्षा को अपना नैतिक दायित्व भी स्वीकार करें।

शरद पूर्णिमा का संदेश सामाजिक जीवन के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। चंद्रमा की चांदनी किसी भेदभाव के बिना समूची धरा पर बिखरती है। उसी प्रकार मनुष्यता का प्रकाश भी जाति, वर्ग, भाषा और आर्थिक विषमता की सीमाओं से परे सबके प्रति सम्मान का भाव विकसित करे। समाज की वास्तविक समृद्धि तभी संभव है, जब समर्थ व्यक्ति असहाय का संबल बने, संपन्न व्यक्ति अभावग्रस्त की पीड़ा समझे और परिवार अपने एकाकी तथा वृद्ध सदस्यों के प्रति आत्मीय उत्तरदायित्व निभाएं। उत्सवों का आलोक उन घरों तक भी पहुंचना चाहिए, जहां अभाव, बीमारी और अकेलापन जीवन की सहज प्रसन्नता को आच्छादित किए हुए हैं। अंततः शरद पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि जीवन की पूर्णता बाहरी वैभव से अधिक अंतर्मन की निर्मलता में निहित है।

जिस प्रकार मेघों के छंटने पर चंद्रमा की आभा निखर उठती है, उसी प्रकार अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष के आवरण हटने पर मनुष्य का वास्तविक स्वरूप प्रकाशित होता है। यदि इस पर्व पर हम अपने संबंधों में आत्मीयता, व्यवहार में विनम्रता, विचारों में उदारता और प्रकृति के प्रति अपने आचरण में उत्तरदायित्व का संकल्प धारण कर सकें, तो चांदनी का यह उत्सव हमारे जीवन में स्थाई अर्थ ग्रहण कर लेगा। आकाश का पूर्णचंद्र प्रतिवर्ष उदित होता है; आवश्यकता केवल इतनी है कि उसके शीतल प्रकाश का कुछ अंश हमारे अंतर्मन में भी उतर सके। संवेदना से संपन्न हृदय, संतुलित विचार और सद्भावपूर्ण आचरण ही जीवन की वास्तविक पूर्णिमा हैं। यही शरद पूर्णिमा का शाश्वत संदेश है और यही वह उजास है, जिसकी आज के समाज को सर्वाधिक आवश्यकता है।

शरद पूर्णिमा की रात चांदनी में क्यों रखी जाती है खीर?

शरद पूर्णिमा का पर्व इस साल 25 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होते हैं और उनकी किरणें अमृत के समान मानी जाती हैं। यही वजह है कि इस रात खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखने की परंपरा है। लेकिन चांदनी में खीर रखने के पीछे क्या धार्मिक मान्यता है और इसे अगले दिन प्रसाद के रूप में क्यों ग्रहण किया जाता है? आइए जानते हैं। शरद पूर्णिमा की रात खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक और लोक मान्यताओं के अनुसार, इस रात चंद्रमा की किरणें अमृत के समान होती हैं। ऐसा माना जाता है कि चांदनी में रखी खीर विशेष हो जाती है। इसी विश्वास के चलते लोग रात में खीर को खुले आसमान के नीचे रखते हैं और अगले दिन सुबह स्नान के बाद इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। भारतीय धार्मिक परंपरा में चंद्रमा को शीतलता, मन और अमृत का प्रतीक माना गया है। पौराणिक मान्यताओं में उनकी किरणों को अमृततुल्य बताया गया है। इसी धार्मिक विश्वास के कारण इस रात चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने को खास महत्व दिया जाता है। शरद पूर्णिमा का संबंध भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से भी जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी रात भगवान कृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ महारास किया था। इसलिए इस पूर्णिमा को प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद का प्रतीक भी माना जाता है। इस अवसर पर कई वैष्णव परंपराओं में विशेष पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं में चांदनी में रखी खीर को विशेष महत्व दिया जाता है, शरद पूर्णिमा पर खीर बनाते समय साफ-सफाई का ध्यान रखें। खीर को पूरी रात खुले में छोड़ने से उसमें धूल, कीड़े और सूक्ष्मजीव पहुंच सकते हैं। इसलिए खीर को साफ बर्तन में रखकर ऊपर से ढकें और सुरक्षित तापमान पर रखने का ध्यान दें।

चांदनी रात में बरसेगी आस्था, खीर और मां लक्ष्मी की आराधना का विशेष महत्व

अंजलि सिंह

शरद पूर्णिमा का स्थान किसी चमत्कारी रात्रि से कम नहीं है। यह पर्व आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह पूरे वर्ष की वह एकमात्र रात है जब चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। अपनी दिव्य चांदनी से वह पृथ्वी पर अमृत की वर्षा करता है।

शरद पूर्णिमा को कई नामों से जाना जाता है, कोजागर पूर्णिमा (को जाग रहा है?), रास पूर्णिमा, और कौमुदी व्रत।

मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी शीतल चांदनी जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता का संदेश देती है। यह रात्रि न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह त्यौहार देवी महालक्ष्मी और भगवान श्रीकृष्ण के रास-लीला से जुड़ा हुआ है।

महालक्ष्मी का पृथ्वी पर आगमन (कोजागर व्रत): शरद पूर्णिमा को कोजागर पूर्णिमा भी कहा जाता है। 'कोजागर' का अर्थ है, 'कौन जाग रहा है?' शास्त्रों के अनुसार, इस रात धन और समृद्धि की देवी, मां महालक्ष्मी, पृथ्वी पर विचरण करने आती हैं। वह हर घर के आसपास घूमकर देखती हैं कि कौन भक्त जागकर, पूर्ण श्रद्धा से उनका स्मरण और पूजा कर रहा है।

जो भक्त पूरी रात जागकर (जागरण करके) देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना करते हैं, उन्हें देवी लक्ष्मी अक्षय धन, वैभव और सौभाग्य का आशीर्वाद देती हैं। यही कारण है कि यह रात विशेष रूप से व्यापारी वर्ग और धन की इच्छा रखने वालों के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है।

भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला: ब्रज क्षेत्र और वैष्णव संप्रदाय के लिए यह रात रास पूर्णिमा के रूप में जानी जाती है। इसी रात भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी योग माया से वृंदावन के वनों में राधा और गोपियों के साथ दिव्य महारास लीला की थी। चंद्रमा की शीतल चांदनी में हुआ यह रास दिव्य प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, जो आत्मा के परमात्मा से मिलन को दर्शाता है। इस दिन श्रीकृष्ण की आराधना करने वाले भक्त उनके दिव्य प्रेम और भक्ति भाव का स्मरण करते हैं।

चंद्रमा की सोलह कलाएं और अमृत वर्षा: वर्षभर में, केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है, जिससे उसकी किरणें सबसे अधिक ऊर्जावान और शीतल होती हैं। इस रात्रि को चंद्रमा से निकलने वाली किरणें केवल प्रकाश नहीं होतीं, बल्कि उनमें अमृत के समान दिव्य औषधीय गुण होते हैं। इसलिए, भक्त इस रात्रि में खीर बनाकर उसे चांदनी में रखते हैं, ताकि वह अमृत से युक्त हो जाए।

धार्मिक मान्यताओं में चंद्रमा की किरणों को शीतलता और आरोग्य से जोड़ा गया है। हालांकि, चांदनी में रखने से खीर के औषधीय गुण बढ़ने या बीमारियों के उपचार संबंधी दावों के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। खीर को खुले में रखने के बजाए स्वच्छ और ढके हुए पात्र में रखना खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर है।

वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी रहस्य: धार्मिक महत्व के साथ-साथ, शरद पूर्णिमा का विधान आयुर्वेद और ज्योतिष में गहरे वैज्ञानिक आधार रखता है, इस मौसम में खानपान और दिनचर्या का ध्यान रखना उपयोगी माना जाता है। चंद्रमा की शीतलता

भारतीय परंपरा में मन की शांति और सौम्यता से जुड़ी रही है। हालांकि, शरद पूर्णिमा की चंद्र किरणों से पित्त दोष दूर होने, आंखों की रोशनी बढ़ने या सांस और त्वचा संबंधी रोगों के उपचार का दावा वैज्ञानिक रूप से स्थापित नहीं है। इसी तरह, चंद्रमा की रोशनी से खीर में मौजूद बैक्टीरिया नष्ट होने की धारणा का भी विश्वसनीय वैज्ञानिक आधार नहीं है।

औषधीय गुणों से युक्त चंद्र किरणें आयुर्वेद के अनुसार, शरद ऋतु में पित्त (शरीर की गर्मी) का प्रकोप बढ़ जाता है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है, और उसकी शीतल किरणें शरीर के पित्त दोष को शांत करने, तनाव कम करने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करती हैं। ऐसा माना जाता है कि लंकाधिपति रावण भी अपनी पुनर्योवन शक्ति को बढ़ाने के लिए शरद पूर्णिमा की रात में दर्पण के माध्यम से चंद्र किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण करता था।

खीर का वैज्ञानिक आधार: चांदनी में खीर रखने की परंपरा के पीछे भी एक तर्कसंगत कारण है, ऊर्जा अवशोषण खीर में चावल (कार्बोहाइड्रेट) और दूध (लैक्टोज) होता है। ये दोनों ही तत्व चंद्रमा की ऊर्जा और शीतलता को अवशोषित करने में सहायक होते हैं। बैक्टीरिया का नाश शरद पूर्णिमा से वर्षा ऋतु का अंत और शीत ऋतु का आरंभ होता है।

वर्षा के बाद कीटाणुओं की अधिकता होती है। चंद्रमा की किरणें, जिनमें पराबैंगनी और इंफ्रारेड किरणें संतुलित रूप में होती हैं, खीर को रात भर सुरक्षित रखने में और उसके औषधीय गुणों को बढ़ाने में मदद करती हैं। स्वास्थ्य लाभ अगली सुबह इस खीर का सेवन करने से आंखों की रोशनी, सांस की बीमारियों और त्वचा रोगों में लाभ मिलता है।

ज्योतिषीय महत्व: ज्योतिष में चंद्रमा को मन, माता, धन और भावनाओं का कारक है। इस दिन चंद्रमा का पूर्ण होना कुंडली में कमजोर चंद्रमा वाले जातकों के लिए अत्यंत शुभ होता है। इस रात चंद्र देव की पूजा करने से मानसिक कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है। जिन व्यक्तियों का चंद्र कमजोर हो उन्हें पूरी रात चंद्रमा के मंत्र का जाप करना चाहिए।

पूर्णता, समर्पण और सकारात्मकता का संदेश: शरद पूर्णिमा हमें स्वास्थ्य, समृद्धि और आध्यात्मिक जागृति का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। यह हमें सिखाती है कि जीवन में पूर्णता और समर्पण का क्या महत्व है। चाहे आप मां लक्ष्मी की कृपा चाहते हों या भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम में लीन होना चाहते हों, यह रात अपनी दिव्य ऊर्जा से हर कामना को पूरा करने की शक्ति रखती है। इस साल, आप भी रात भर जागकर, भक्ति में लीन होकर, चंद्रमा की अमृतमयी किरणों को अपने जीवन में समाहित करें और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करें।

राशिफल

आज दिनांक 25 अक्टूबर, 2026, रविवार, विक्रम संवत् 2083, आश्विन मास, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, रेवती नक्षत्र, वणिज करण, हर्षण योग, राहुकालः शाम 4:54 से 5:49 बजे, सूर्योदय सुबह 6:29 बजे, सूर्यास्त सायं 5:54 बजे, चंद्रोदय शाम 1:39 बजे,चंद्रास्त सुबह 12:45 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:07 बजे से 12:59 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:26 से 5:14 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

मेष जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके लिए बातचीत करते रहना जरूरी है। किसी भी पेंडिंग मुद्दे को ईमानदारी के साथ हैंडल करें। आज बंधन को मजबूत करने और अपने साथी के करीब आने का एक अच्छा समय है। जीवनसाथी की बात मानकर जो काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आज आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृषभ आज का दिन काफी रोमांटिक साबित हो सकता है। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वाले जातक अपनी बीच की दूरियां कम करने में सक्षम रहेंगे। डाइट में हरी सब्जियां शामिल करें। बहुत ज्यादा तनाव लेने से बचें। ग्रहों की चाल आज आपके पक्ष में परिणाम लेकर आई है। मन में प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन स्टूडेंट्स किसी असाइनमेंट या प्रोजेक्ट के चक्कर में खुद के लिए वक्त निकालने में प्रॉब्लम का सामना करेंगे। लव लाइफ पर ध्यान देने की जरूरत है। आय में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा जातक अपने उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ उठा सकेंगे। विरोधियों से सतर्क रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क आज सोच-समझकर चुनाव करना आपको स्टेबिलिटी बनाए रखने और अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी बढ़ाने में मदद करेगा। आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी।

सिंह आज का दिन खुशनुमा रहने वाला है। कुछ जातक आज अपने पार्टनर के साथ अच्छा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। करियर में पॉलिटिक्स का शिकार होने से बचें। रोज एक्सरसाइज करें। आज आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव भरा दिन रहेगा, लेकिन आयात-निर्यात करने वालों को आज बड़ा फायदा होगा।

कन्या आज के दिन आपको सभी टास्क समय पर पूरे कर लेने चाहिए। इससे आप बॉस की नाराजगी से बच सकते हैं। पैसों के मामले में दिन शुभ माना जा रहा है। बहुत ज्यादा काम का प्रेशर न लें। आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करना हानिकारक हो सकता है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

तुला आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें समझदारी और आत्मविश्वास से संभाल लेंगे। किसी भी विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसानदेह हो सकते हैं। आय के नए स्रोत बनने के योग हैं।

वृश्चिक आज का दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। सिंगल लोगों को अपने ऑफिस या क्लास में कोई नया साथी मिल सकता है। धन को समझदारी के साथ मैनेज करें। स्ट्रेस कम लें। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा।

धनु आज आप पाएंगे कि आप अपने गोल्स के करीब पहुंच रहे हैं। मुसीबतों को पार करने की अपनी क्षमता पर भरोसा रखें। अपने शरीर की जरूरतों पर फोकस करें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

मकर चाहे प्यार, करियर, पैसा या हेल्थ हो, अप्रत्याशित अवसरों के लिए तैयार रहें। सभी बदलावों को खुले दिल और दिमाग से अपनाएं। आज अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहें, वे आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभ आज का दिन नॉर्मल रहने वाला है। काम के सिलसिले में भागदौड़ बढ़ सकती है। सेहत पर निगरानी रखें। परिवार के बुजुर्गों का ख्याल रखें। रोजाना योग करें। जंक फूड्स से दूरी बनाएं। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ।

मीन आज का आपका दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। लव के मामले में साथी के साथ अनबन करने से बचें। खुद की सेहत पर ध्यान दें। परिवार के साथ कुछ समय बिताना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। तनाव से बचने के लिए परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताएं।

दूसरों की मदद

प्रेरक प्रसंग

ईश्वर जो करता है सदा ही अच्छा करता है। इसमें जिस व्यक्ति का विश्वास हो जाए उसके अनेक बिगड़े काम भी स्वतः सुधर जाते हैं। न सुधरने पर उसे दुःख महसूस नहीं होता। वह लाभ तथा हानि, दोनों अवस्थाओं में प्रसन्न रहता है। इसे ईश्वर की इच्छा मानता है। संत नजीर भी ऐसे ही व्यक्ति थे। वह दीन-दुखियों की सेवा को भी भगवान की सेवा ही मानते थे। यह बात उन दिनों की है जब नजीर पेशवा के पुत्र को मकतब पढ़ाने जाते। उन्हें आने-जाने के लिए पेशवा से एक घोड़ी भी मिली हुई थी। वह घोड़ी का भी पूरा ख्याल रखते। एक बार वह अपना वेतन लेकर घर जा रहे थे। एक बूढ़े ब्राह्मण ने उनकी घोड़ी रोककर उनसे कहा- 'मेरी पुत्री का विवाह नजदीक है। मेरे पास पैसे नहीं हैं। यदि आप कुछ आर्थिक सहायता कर देते तो मेरा काम सरल हो जाता।' 'कोई बात नहीं बाबा। ईश्वर की यही मर्जी है कि मैं तुम्हारी मदद करूं, वरना तुम्हारी हमारी आज मुलाकात न होती। पिछले कल भी मेरी जेब खाली थी। आने वाले कल भी शायद ही मेरी जेब में रकम होती... मुझे आज ही वेतन मिला है। पैसे काफी हैं। उम्मीद है तुम्हारे ये काफी काम आएंगे।' कहते-कहते संत नजीर ने पूरा वेतन उस बूढ़े ब्राह्मण के हाथों पर रख दिया।

बूढ़े ने तो एक बार भी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी रकम एक बार मांगने पर एक ही व्यक्ति से मिल जाएगी। वृद्ध ब्राह्मण जब दोनों हाथ जोड़ धन्यवाद करने और दुआ देने लगा तो संत नजीर ने कहा- 'इसकी कोई जरूरत नहीं। यही ईश्वर की मर्जी थी। मेरा मानना है व्यक्ति को अपने धन का खुद तो प्रयोग करना ही चाहिए, दूसरों की मदद में भी खर्च करना चाहिए।'

दो परिवार

कमजोर आदमी ही क्रोध करता है। क्रोध से दूसरे का नुकसान होगा या नहीं ये तो पता नहीं पर खुद का जरूर होता है। क्रोध करना मतलब जलते हुए अंगारे किसी पर फेंकना। सामने वाला जलेगा या नहीं पर खुद का हाथ जरूर जल जाएगा। अच्छा, क्रोध का एक भरा-पूरा परिवार है। क्रोध का बड़ा भाई है अहंकार। जब अहंकार को चोट लगती है तो झट से छोटा भाई क्रोध निकल के आ जाता है पहले बड़े भाई का पक्ष लेने। क्रोध की पत्नी का नाम हिंसा है। पति को अकेले लड़ते देख उसकी पत्नी हिंसा आ जाती है। क्रोध में आदमी हिंसक हो जाता। क्रोध में मारपीट पर उतर आता है। साथ ही इसकी एक नकचढ़ी बहन जिद है जो भाई का साथ देने आ जाती है। आदमी जिद्दी हो जाता है क्रोध के समय कहता है आज मैं नहीं या ये नहीं, अभी फैसला होगा। ये तो हुआ गुस्से का परिवार। शास्त्रों में एक आध्यात्मिक परिवार का भी वर्णन मिलता है। आदमी इस परिवार में रहे तो आनंद चैन से रहेगा। इसमें धैर्य को पिता बताया गया है। जैसे एक पिता कहता है धैर्य रखो।

जैसे सब ठीक हो जाएगा, वैसे ही आदमी को हर स्थिति परिस्थिति में धैर्य रखना चाहिए। क्षमा को माता कहा गया है। मां कहती है- अरे छोड़ो भाई, आगे बढ़ो, जो हो गया सो हो गया। माफ करो और आगे बढ़ो। शांति को पत्नी माना गया है। कोई छोटी बड़ी बात हो जाती है तो पत्नी कहती है - शांति रखो, ठंड रखो, जाने दो।

सत्य को पुत्र कहा गया है। जैसे पुत्र की कदम-कदम पर रक्षा करनी पड़ती है वैसे ही सत्य की भी रक्षा करनी पड़ती है। सत्य बोलो, सत्य आचरण करो। हां! सत्य लेकिन हितकारी और मधुर होना चाहिए, भंडाफोड़ नहीं। संयम को अपना भाई बनाएं वो हर कदम कदम पर भाई की तरह आपका साथ देगा। शील और लज्जा दो बहनें भी हैं आध्यात्मिक परिवार में हर हाल में इनकी रक्षा की जानी चाहिए। ऐसे आध्यात्मिक परिवार में रहा जाए तो आनंद ही आनंद है। हालांकि है जरा मुश्किल फिर भी प्रयास करने में क्या बुराई है।

सांईजी की बेरी में हाजी कादर शाह बाबा का 49वां उर्स 28 से 30 तक

दिल्ली के मशहूर कव्वाल आमिल आरिफ साबरी बांधेंगे समां

परचम कुशाई से होगा आगाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

जालोर। रानीवाड़ा और मालवाड़ा के बीच स्थित सांईजी की बेरी में हजरत हाजी कादर शाह बाबा का 49वां सालाना उर्स 28 से 30 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन में राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से जायरीन पहुंचकर चादर पेश करेंगे और अमन-चैन, खुशहाली व भाईचारे की दुआ मांगेंगे। दरगाह परिसर में रोशनी और सजावट सहित तैयारियां की जा रही हैं।

दरगाह कमेटी सदर मिस्त्री आबाद खान के अनुसार, 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बुलंद दरवाजे पर परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज होगा। गुजरात के डीसा शरीफ से पीर-ए-तरीकत सैय्यद मोहम्मद अली कादरी और सैय्यद हसन अली कादरी की ओर से मुबारक परचम भेजा जाएगा।

29 अक्टूबर को दोपहर की नमाज के बाद कुरानख्वानी, संदल शरीफ, चादरपोशी और गुलाबपोशी की रस्में होंगी। इस अवसर पर जायरीनों के लिए बड़े लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। रात को दिल्ली के मशहूर कव्वाल आमिल आरिफ साबरी सूफियाना कलाम और कव्वालियां पेश करेंगे। 30 अक्टूबर की सुबह कुल की फातिहा के साथ उर्स का समापन होगा।

कौमी एकता की मिसाल है दरगाह

सांईजी की बेरी स्थित दरगाह को क्षेत्र में कौमी एकता और गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यहां विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग अकीदत के साथ पहुंचते हैं। उर्स के दौरान इबादत, कव्वाली, लंगर और दुआओं के जरिए इंसानियत, सेवा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाएगा।

'हकीम नीम' को लेकर खास मान्यता

दरगाह परिसर में मौजूद नीम का पेड़ भी लोगों की आस्था का केंद्र है। खादिम के अनुसार, इसे 'हकीम नीम' कहा जाता है। स्थानीय मान्यता है कि इसकी एक विशेष डाली के पत्ते सामान्य नीम की तुलना में मीठे होते हैं, जिन्हें जायरीन तबर्रुक के रूप में ले जाते हैं। पेड़ की जमीन से बाहर निकली जड़ को लेकर भी लोकमान्यता प्रचलित है। हालांकि, इन मान्यताओं के औषधीय प्रभाव के वैज्ञानिक प्रमाण की पुष्टि नहीं है और किसी बीमारी में चिकित्सकीय उपचार जरूरी है।

रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति चुनाव

44 नामांकन में एक खारिज, कल होगी नाम वापसी

महानगर टाइम्स संवाददाता

रामगढ़ पचवारा। पंचायत राज चुनाव 2026 के तहत पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के 17 वार्डों में शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गणराज बडगोती की उपस्थिति में कुल 44 नामांकन पत्रों की जांच में वार्ड 13 से राहुवास निवासी प्रत्याशी रतिराम मीणा का नामांकन पत्र निरस्त किया गया। अब नामांकन वापसी की प्रक्रिया 26 अक्टूबर को होगी।

भाजपा-कांग्रेस के सभी वार्डों में प्रत्याशी घोषित

भाजपा और कांग्रेस ने सभी 17 वार्डों में अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं, बसपा की ओर से एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि आठ प्रत्याशियों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरने के लिए आवेदन किया है।

शिवसिंहपुरा पंचायत समिति चुनावः 45 नामांकन मिले, दो आवेदन निरस्त

लालसोट। पंचायत राज चुनाव के तहत पंचायत समिति शिवसिंहपुरा के वार्ड संख्या 1 से 15 तक के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की समीक्षा एवं छंटनी की गई। रिटर्निंग अधिकारी नवज्योति कंवरिया की अध्यक्षता में हुई प्रक्रिया के दौरान आवश्यक दस्तावेज के अभाव में दो नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि 15 वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए कुल 45 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें भाजपा और कांग्रेस के 15-15 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 13 आवेदन शामिल थे। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान निर्धारित दस्तावेजों के अभाव में दो आवेदन निरस्त किए गए।

लालसोट पंचायत समिति चुनाव 53 नामांकन में से दो खारिज, एक मर्ज, 50 प्रत्याशी मैदान में

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। पंचायत समिति लालसोट के वार्ड संख्या 1 से 19 तक के चुनाव को लेकर शनिवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा एवं संवीक्षा की गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विजेंद्र मीणा की अध्यक्षता में हुई प्रक्रिया के दौरान आवश्यक दस्तावेज के अभाव में दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, वहीं एक का आवेदन मर्ज कर दिया गया। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि 19 वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए कुल 53 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें भाजपा के 19, कांग्रेस के 19, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के दो तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 10 नामांकन शामिल थे। संवीक्षा के दौरान दो नामांकन पत्र निरस्त किए गए वहीं एक आवेदन को मर्ज किया गया।

दीपदान महोत्सव आज से, प्रतिदिन पांच दीपक जलाने का किया आह्वान

महानगर टाइम्स संवाददाता

चूरू। कार्तिक मास के पावन अवसर पर गीता भवन राधा-कृष्ण मंदिर में दीपदान महोत्सव का शुभारंभ रविवार रात्रि 7.15 बजे होगा। मार्गदर्शक डॉ. जनार्दनाचार्य श्रीनिवास रामानुजदास (गो-गीता सेवा) ने क्षेत्रवासियों से कार्तिक मास में प्रतिदिन अपने-अपने घरों में कम से कम पांच दीपक जलाने का विशेष आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास में दीपदान का विशेष धार्मिक महत्व है। दीप प्रज्ज्वलन से जीवन में सकारात्मकता, श्रद्धा और भक्ति का संचार होता है तथा भगवान श्री राधा-कृष्ण की कृपा प्राप्त करने की भावना प्रबल होती है।

सालासर बालाजी के लक्खी मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हाथों में निशान, जुबां पर जयकारे, त्रयोदशी तक दस लाख श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

महानगर टाइम्स संवाददाता

सालासर। शरद पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले सालासर बालाजी के लक्खी मेले को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। देशभर से भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। हाथों में निशान लेकर श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते बालाजी दरबार की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहपुर नेशनल हाईवे से शोभासर होकर सालासर तक का मार्ग जयकारों और भजनों से गूंज रहा है। मंदिर में बालाजी के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी हैं। त्रयोदशी तक करीब दस लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने की जानकारी है। शोभासर से सालासर तक जगह-जगह भंडारे और सेवा शिविर लगाए गए हैं। श्रद्धालु पैदल यात्रा कर निशान अर्पित कर रहे हैं और बालाजी के दरबार में धोक लगा रहे हैं। नागरमल पुजारी ने बताया कि लाखों श्रद्धालुओं की बालाजी महाराज में गहरी आस्था है और भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए दरबार में पहुंचते हैं। पूरे सालासर धाम में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का माहौल बना हुआ है।

नुक्कड़ नाटक और रंगोली से दिया मतदान जागरूकता का संदेश

इंदिरा पब्लिक स्कूल में ईएलसी क्लब की गतिविधियां आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के प्रति जागरूकता और मताधिकार के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को इंदिरा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट में ईएलसी क्लब के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। दोनों प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

जिला कलेक्टर ने जलापूर्ति योजनाओं एवं हेडवर्क्स का किया निरीक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए 193 आरडी स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के हेडवर्क्स का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं तथा जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने इनटेक पंप हाउस, संचालित 7 एवं 14 ग्राम बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत 22 ग्राम जलापूर्ति योजना के लिए निर्माणाधीन नवीन पंप हाउस एवं आरडब्ल्यूआर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने योजना से लाभान्वित छंगानियों की बस्ती पहुंचकर सौर ऊर्जा आधारित पंपिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से घरों तक पेयजल आपूर्ति तथा पशुधन के लिए पशु खेलियों में जल उपलब्धता की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद रोजानियों की बस्ती स्थित पीएचईडी हेडवर्क्स का निरीक्षण कर इससे जुड़े 14 ग्रामों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

डिडवाना में भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन आज

विधायक रामबिलास डूंगरपुर होंगे मुख्य अतिथि

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। डिडवाना में रविवार को भाजपा के जिला परिषद वार्ड 12 के प्रत्याशी एडवोकेट प्रकाशचन्द्र शर्मा एवं पंचायत समिति सदस्य वार्ड 1 की प्रत्याशी सपना सैनी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 बजे महात्मा गांधी कन्या शाला स्कूल के सामने किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल का विजयादशमी उत्सव कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

खाटूश्यामजी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मंडल खाटूश्यामजी द्वारा सोमवार को विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। मनमोहन कुमार एवं कालूराम स्वामी ने बताया कि दोपहर 2 बजे मंडा रोड स्थित परसरामपुरिया धर्मशाला में संत रोशननाथ महाराज व श्यामदास महाराज के सान्निध्य में उत्सव शुरू होगा। इस अवसर पर मंडल के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहेंगे। उत्सव के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि विजयादशमी उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा, अनुशासन, संगठनात्मक एकता एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज खाटूश्यामजी व सालासर के दौरे पर

खाटूश्यामजी में श्याम बाबा के दर्शन, कार्यकर्ताओं से संवाद और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोनों मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे। खाटूश्यामजी में 'मन की बात' कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं से संवाद और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। इसके बाद सालासर में बालाजी के दर्शन कर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह सुबह 10.05 बजे खाटूश्यामजी पहुंचेंगे। सुबह 10.15 से 10.45 बजे तक श्री श्याम बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक होटल मैस्टिफ सलेक्ट अपराजिता में 'मन की बात' एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक खाटूश्यामजी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 1.45 बजे खाटूश्यामजी से हेलीकॉप्टर द्वारा सालासर के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.10 बजे शोभासर हेलीपैड, सालासर पहुंचेंगे। दोपहर 2.25 से 3 बजे तक सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। दोपहर 3.10 से 4.10 बजे तक चमेली देवी सभागार, अंजनी माता मंदिर के पास, लक्ष्मणगढ़ रोड, जूलियासर में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। शाम 4.20 बजे शोभासर हेलीपैड पहुंचेंगे।

परमात्मा के अहसास से जागृत हो मानव मन : सतगुरु माता सुदीक्षा

79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आगाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

सवाई माधोपुर। 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का शुभारंभ सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में हुआ। 26 अक्टूबर तक आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। समागम के प्रथम दिवस 'मानवता के नाम संदेश' में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि वास्तविक आध्यात्मिक जागृति परमात्मा की उपस्थिति का एहसास करते हुए जीवन जीने से आती है। उन्होंने प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ सभी को स्वीकार करने तथा परिवार, समाज और देश के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी की शोभायात्रा निकाली गई। निरंकारी इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम और स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ओलंपियाड 2026

राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब टीम

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 25 से 27 अक्टूबर तक होने वाली इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ओलंपियाड स्पर्धा-2026 में राजस्थान की ओर से पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता में क्लब के 12 बालक-बालिका खिलाड़ी कराटे स्पर्धा के तहत काता एवं कुमिते इवेंट में अपनी खेल प्रतिभा, तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष संजयसिंह शेखावत ने बताया कि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ओलंपियाड में जूडो, कराटे, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्लब की टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई है। टीम के साथ पुरुष कोच रक्षित कायथ, महिला कोच तनुश्री सक्सेना, आरुष फिजियोथेरेपिस्ट तथा क्लब के सचिव महेश कायथ भी प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

श्री जानकी नाथ मंदिर में शरद पूर्णिमा पर होंगे धार्मिक कार्यक्रम

महानगर टाइम्स संवाददाता

सीकर। नानी गेट स्थित श्री जानकीवल्लभ मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर की मीडिया प्रभारी गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि महंत मधुसूदनाचार्य महाराज के सान्निध्य में शाम 6.30 बजे महाआरती, शाम 7 बजे भजन-कीर्तन तथा इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

श्री लक्ष्मीनारायण श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

नीमकाथाना। श्री त्रिवेणी धाम सत्संग मण्डल की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर श्याम मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा। संयोजक श्री गोपाल गो शाला समिति अध्यक्ष दौलतराम गोयल ने जानकारी दी कि रात्रि 9 से 11.15 बजे तक 2 घन्टे हरी नाम संकीर्तन होगा। उसके बाद खीर प्रसादी का भोग लगेगा। उसके बाद सभी को साथ में प्रसाद ग्रहण करवाया जाएगा।

शरद पूर्णिमा महोत्सव आज, खीर के साथ देंगे श्वास रोग की दवा

श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। शहर में रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन स्थित इच्छापूर्ण बालाजी धाम, बाबा श्री केशवदास आश्रम जालपाली व श्री रघुनाथ मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर के साथ दमा, श्वास रोग के रोगियों को निशुल्क दवा दी जाएगी। दवा का वितरण वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. एस.एन. राव व उनकी टीम की देखरेख में मध्य रात्रि के बाद किया जाएगा।

शरद पूर्णिमा पर श्री शर्मा आयुर्वेदिक स्टोर में होगा औषधीय खीर वितरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

अजमेर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर अजमेर के कचहरी रोड स्थित श्री शर्मा आयुर्वेदिक स्टोर की ओर से 25 अक्टूबर को विशेष औषधीय खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पारंपरिक विधि से तैयार खीर का वितरण किया जाएगा। आयुर्वेदिक परंपरा में शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में रखी जाने वाली खीर का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता के अनुसार, इस रात खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा प्रचलित है। इसी परंपरा के तहत औषधीय खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गिरीश शर्मा व श्रीधर शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है।

रात 12 बजे से शुरू होगा वितरण

उन्होने बताया कि श्री शर्मा आयुर्वेदिक स्टोर पर औषधीय खीर का वितरण 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि 12 बजे से शुरू किया जाएगा। खीर प्राप्त करने के इच्छुक लोगों को उसी दिन शाम 7 बजे तक स्टोर पर पहुंचकर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

सामुदायिक भवन की दिनदहाड़े सात लोहे की जालियां चोरी, मकान से पानी की मोटर भी ले गए बदमाश

पत्रकार कॉलोनी में फिर चोरों का धावा, दहशत में लोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी में चोरी और आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बेखौफ बदमाश अब दिनदहाड़े सरकारी भवनों और रिहायशी मकानों को निशाना बना रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में जेडीए के सामुदायिक भवन की दीवार पर लगी लोहे की सात जालियां चोरी कर ली गईं, वहीं कॉलोनी के सी-19 स्थित एक मकान से चोर पानी की मोटर खोलकर ले गए। लगातार हो रही वारदातों से कॉलोनीवासियों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, जेडीए के सामुदायिक भवन से दो बदमाश दिनदहाड़े लोहे की सात जालियां खोलकर ले गए। बताया जा रहा है कि आरोपी ट्रॉली लेकर आए थे। घटना की जानकारी पत्रकार कॉलोनी के अध्यक्ष नरेंद्र सर्वोदयी ने जेडीए अधिकारियों को दी है। वहीं, सी-19 स्थित मकान से चोरी हुई पानी की मोटर के मालिक ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही करीब नौ हजार रुपए की मोटर खरीदी थी।

पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

पत्रकार कॉलोनी के अध्यक्ष नरेंद्र सर्वोदयी के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों ने एसीपी और मुख्यमंत्री के उप सचिव से मुलाकात कर बढ़ती चोरी और आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, दिनभर कॉलोनी में घूमकर रेकी करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और चोरी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं के कारण उनमें असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कुछ लोगों के अनुसार, पुलिस से अपेक्षित कार्रवाई की उम्मीद कम होने के चलते लोग शिकायत दर्ज कराने से भी बचने लगे हैं। कॉलोनीवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर चोरों और अन्य अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों का भरोसा बहाल हो सके।

कार चोरी से लेकर पेट्रोल और बैटरी लूट तक की वारदातें

कॉलोनी में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सितंबर माह में रोहित विजय के मकान के बाहर खड़ी क्रेटा कार को बदमाश चुरा ले गए थे। कार के पहियों में लॉक लगा होने के बावजूद चोर उसे तोड़कर वाहन ले गए। कार मालिक के अनुसार, इस वारदात को अंजाम देने में बदमाशों को करीब 45 मिनट लगे। इससे पहले भास्कर इंक्लेव प्रथम की बालाजी रेजीडेंसी के बाहर खड़ी एक कार के आगे के दोनों पहिये खोलकर चोर ले गए थे। हैरानी की बात यह रही कि बदमाश पहियों की जगह ईंटें लगाकर चले गए। कुछ दिन पहले पत्रकार कॉलोनी के प्रथम ब्लॉक स्थित एक मकान से बाइक भी चोरी हो गई थी। सितंबर माह में ही सामुदायिक केंद्र के पास सुधीर सोनी के घर के बाहर खड़ी कार से रात करीब तीन बजे बदमाश पेट्रोल निकालकर ले गए। वहीं, हाल ही में गांधी विहार क्षेत्र में एक निजी क्लिनिक पर हेलमेट पहनकर और बिना नंबर प्लेट के स्कूटर से पहुंचे एक बदमाश ने महिला कर्मचारी से चार हजार रुपए की ठगी कर ली। गत माह बदमाशों ने चाकू दिखाकर एक रोड रोलर कर्मी से रोड रोलर की बैटरी भी लूट ली थी। कॉलोनी में वाहनों से पेट्रोल और रसोई गैस सिलेंडर चोरी होने की घटनाएं भी लगातार सामने आने की बात स्थानीय लोग कह रहे हैं।

नए थाने खुलने के बावजूद अपराधों पर अंकुश नहीं

कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में नए पुलिस थाने खुलने के बावजूद चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। पहले मुहाना थाने के अंतर्गत नारायण विहार और पत्रकार कॉलोनी दोनों क्षेत्र आते थे। अब दोनों क्षेत्रों के लिए अलग-अलग थाने स्थापित हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र का दायरा कम होने और पुलिस संसाधनों में बढ़ोतरी के बावजूद वारदातों में कमी नजर नहीं आ रही है।

दादा ने पोती पर धारदार हथियार से किया हमला, इलाज के दौरान मौत

बूंदी (महानगर टाइम्स संवाददाता)। 70 वर्षीय दादा ने पारिवारिक कलह के चलते अपनी ही 15 साल की पोती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे कोटा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता ने अपने ही पिता के खिलाफ थाने में हत्या की शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी दादा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि घटना नैनवां थाना क्षेत्र की दूगारी पंचायत के दौलतपुरा गांव स्थित कालबेलिया बस्ती की है। शुक्रवार देर रात परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान मोहननाथ कालबेलिया ने अपनी पोती पूजा कालबेलिया पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पूजा की गर्दन पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में परिजन बालिका को तत्काल नैनवां अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कोटा रेफर कर दिया।

खाद्य विभाग की टीम ने दोनों प्लांटों से पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

डीग में 1800 किलो मिलावटी पनीर नष्ट, दो आरोपी गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

डीग। पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के निर्देशन में जिले में अपराध और मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत कैथवाड़ा थाना पुलिस, जिला डीएसटी और खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को मिलावटी पनीर बनाने वाले दो अलग-अलग प्लांटों पर कार्रवाई की। टीम ने दोनों स्थानों से करीब 1800 किलो मिलावटी पनीर बरामद कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी से सैंपल लेने के बाद मौके पर ही नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के अनुसार दोनों प्लांटों में सोयाबीन तेल, पामोलीन ऑयल और एसएमपी पाउडर का इस्तेमाल कर मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा था। तैयार पनीर को हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। खाद्य विभाग की टीम ने दोनों प्लांटों से पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। दोनों प्लांटों को सील कराया गया है।

पहली कार्रवाई गांव जाजमका में शरीफ के मकान में संचालित डेयरी पर की गई। मुखबिर की सूचना पर कैथवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो डेयरी में पनीर तैयार किया जा रहा था। पुलिस को देखकर प्लांट में काम कर रहे कुछ लोग मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके से साहिल पुत्र इस्लाम निवासी गढ़ी झीलपट्टी को पकड़ा। पूछताछ में उसने प्लांट को मकसूद निवासी घासेड़ा का बताया और स्वयं को वहां मुनीम के रूप में काम करना बताया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह की टीम ने मौके से तैयार पनीर, पामोलीन और एसएमपी पाउडर के सैंपल लिए। प्लांट से करीब 1600 किलो मिलावटी पनीर मिला, जिसे सैंपल लेने के बाद मौके पर नष्ट कराया गया। मामले में साहिल को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। दूसरी कार्रवाई मांची के जंगल में ग्राम धर्मशाला के पास अयूब की डेयरी पर की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर टीनशेड में चल रहे प्लांट से पनीर निकाल रहे अल्ली उर्फ अलीजान पुत्र सुब्बा निवासी ओलन्दा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने प्लांट अयूब और मुफीद निवासी ओलन्दा का होना बताया। मौके से करीब 200 किलो मिलावटी पनीर, 18 कट्टे एसएमपी पाउडर, 3 कट्टे मशीन क्लीन पाउडर, 11 पीपे रिफाइंड पामोलीन ऑयल और 2 पीपे सोयाबीन तेल बरामद किए गए। इसके अलावा पनीर की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप गाड़ी भी जब्त की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पनीर का सैंपल लेने के बाद करीब 200 किलो पनीर को मौके पर नष्ट कराया। पुलिस ने दोनों मामलों में बीएनएस की संबंधित धाराओं और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार प्लांट संचालकों और अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

खाटूश्यामजी जा रही बस में लगी आग चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। झालावाड़ से खाटूश्यामजी जा रही रोडवेज बस में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। नेशनल हाईवे-52 पर देवरीघाटा के पास बस के पिछले पहिए के नजदीक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। बस के पीछे चल रहे एक कार चालक ने धुआं देखकर बस को ओवरटेक किया और चालक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया और उसमें सवार यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बस में मौजूद अग्निशमन सिलेंडर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। बस में 11 से अधिक यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, झालावाड़ डिपो की रोडवेज बस शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे झालावाड़ से खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुई थी। बस नेशनल हाईवे-52 पर शहर से करीब छह किलोमीटर दूर देवरीघाटा पहुंची थी। इसी दौरान बस के पिछले पहिए के पास से अचानक धुआं निकलने लगा और आग लग गई। पीछे चल रहे कार चालक ने इसकी जानकारी बस चालक को दी। चालक ने तुरंत बस रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई

घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड प्रभारी श्याम खटाना ने दमकल दल को मौके पर रवाना किया। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बस में आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक की सतर्कता और समय पर बस रोकने के कारण सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग बुझने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

दो दिन पहले ही बस का हुआ था मेंटेनेंस

रोडवेज डिपो मैनेजर पवन कुमार सैनी ने बताया कि बस के पीछे चल रहे एक कार सवार ने पिछले हिस्से से धुआं निकलते देखा था। उसने बस को ओवरटेक कर चालक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद चालक ने तत्काल बस रोककर यात्रियों को नीचे उतारा और आग बुझाने का प्रयास किया। मैनेजर के अनुसार, बस का दो दिन पहले ही मेंटेनेंस किया गया था। इस दौरान पहियों में लगने वाले ब्रेक लाइनर बदले गए थे। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि ब्रेक लाइनर अधिक टाइट होने के कारण ब्रेक लगाने के दौरान घर्षण से गर्मी बढ़ गई होगी, जिससे आग लग सकती है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो लोगों की मौत

धौलपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में गढ़ी आछेलाल गांव के पास तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए हैं। राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि हादसा शनिवार तड़के हुआ। राहगीरों ने सड़क पर कार पलटी हुई देखी तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को गढ़ी आछेलाल गांव के पास कार पलटी हुई मिली। एक व्यक्ति का शव कार के पास पड़ा था, जबकि दूसरा चालक की सीट पर फंसा हुआ था। दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें थीं। थानाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान गढ़ी आछेलाल निवासी राजकुमार और दिघी निवासी भूपेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद ग्रामीण भी वहां एकत्र हो गए। इनमें मृतकों के परिजन भी शामिल थे। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

साइकिल सवार रिटायर्ड कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

अलवर। अलवर में साइकिल सवार रिटायर्ड कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पहले लोगों को लगा कि कार की टक्कर से मौत हुई है। लेकिन सीसीटीवी खंगालने पर हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी सामने आई। घटना शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र की शुक्रवार की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस ने बताया कि साउथ वेस्ट ब्लॉक कॉलोनी निवासी रिटायर्ड रोडवेज कंडक्टर नरेंद्र कुमार की मौत हो गई। बुजुर्ग साइकिल से नीचे उतरे, फिर साइकिल को छोड़ दिया, सड़क पर गिर गई। उसके बाद खुद भी जमीन पर गिर गए। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3.10 बजे की है। पड़ोसी युवक विक्रम ने बुजुर्ग की एक्सीडेंट में मौत होना बताया था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि कार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अरावली विहार थाना पुलिस ने जब घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की, तो पूरा घटनाक्रम साफ हो गया। फुटेज में नरेंद्र कुमार साइकिल से आते दिख रहे हैं। अचानक तबीयत बिगड़ने पर वे साइकिल को वहीं पटक कर उससे दूर हटते हैं और गिर जाते हैं। जांच में स्पष्ट हुआ है कि बुजुर्ग की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं, बल्कि हार्ट अटैक से हुई है।

जुड़वां भाई हत्याकांड : मां और प्रेमी के साथ बड़े भाई की भूमिका भी आई सामने

पुलिस ने नाबालिग को किया निरुद्ध

महानगर टाइम्स संवाददाता

भरतपुर। डीग जिले के जनूथर थाना क्षेत्र के बड़ेसरा गांव में 13 वर्षीय जुड़वां भाइयों की हत्या के मामले में जांच के दौरान एक और अहम खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, दोनों बच्चों की हत्या के मामले में उनकी मां प्रीति और उसके कथित प्रेमी राजेश के साथ मृतकों के बड़े नाबालिग भाई की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस ने नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है। उसने वारदात के बाद शवों को ठिकाने लगाने और साक्ष्य छिपाने में मदद की थी।

डीग पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ ने बताया कि जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर बड़े भाई की भूमिका की भी पड़ताल की गई। पुलिस अब इस मामले में उपलब्ध साक्ष्यों को मजबूत करने और घटनाक्रम की सभी कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। नाबालिग के खिलाफ किशोर न्याय से जुड़े कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एसपी शरण गोपीनाथ ने बताया कि बड़ेसरा गांव में दो जुड़वां भाइयों की हत्या के इस मामले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। पुलिस जांच में बच्चों की मां प्रीति और उसके कथित प्रेमी राजेश की भूमिका सामने आई थी। अब जांच के दौरान मृतकों के बड़े भाई की कथित संलिप्तता सामने आने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। नाबालिग बड़े भाई ने हत्या के बाद शवों को ठिकाने लगाने और वारदात से जुड़े साक्ष्य छिपाने में मदद की थी। इसी आधार पर पुलिस ने नाबालिग को निरुद्ध किया है। पुलिस अब उसकी भूमिका से संबंधित तथ्यों और साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण कर रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। मृतकों का बड़ा भाई नाबालिग है, ऐसे में उसके खिलाफ कार्रवाई के दौरान किशोर न्याय से संबंधित कानूनी प्रावधानों और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ ने स्पष्ट किया है कि नाबालिग की भूमिका सामने आने के बाद उसके विरुद्ध निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई है।

पिकअप-कैंपर की भिड़ंत में एक ही परिवार के 8 घायल

मतदान केंद्र पर वोट देने जा रहे थे सभी लोग

- मोहनगढ़ क्षेत्र में नेहड़ाई रोड पर नहरी इलाके के पास
- घायलों में दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जिले में चल रहे पंचायत चुनाव के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। मोहनगढ़ क्षेत्र में नेहड़ाई रोड पर नहरी इलाके के पास पिकअप और कैंपर गाड़ी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक ही परिवार के 8 लोग बुरी तरह घायल हो गए। परिवार के सभी सदस्य कैंपर गाड़ी में सवार होकर वोट देने निकले थे। घायलों में दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। परिवार के सभी सदस्य मतदान करने के लिए खारा गांव जा रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, परिवार के सदस्य नहरी क्षेत्र से कैंपर में सवार होकर खारा में वोट डालने जा रहे थे। इसी दौरान नेहड़ाई रोड पर सामने से आ रही खाद से भरी पिकअप से उनकी गाड़ी की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। टक्कर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप का एक पहिया उखड़कर करीब 20 फीट दूर जा गिरा। वहीं, कैंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका टायर भी ब्लास्ट हो गया। सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराने के बाद कैंपर रुकी।

10 दिन तक बनाकर रखा बंधक, स्कॉर्पियो में डाल ले गए हरियाणा

जयपुर से कॉलेज स्टूडेंट का किडनैप, 7 लाख की मांगी फिरौती

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जयपुर से कॉलेज स्टूडेंट का किडनैप कर 7 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो करेंसी) के दिए रुपयों की वसूली के लिए बदमाशों ने 10 दिन तक बंधक बनाकर रखा। स्कॉर्पियो में डालकर हरियाणा ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट की। प्रताप नगर थाना पुलिस ने किडनैप स्टूडेंट को ढूंढ निकाल दोनों किडनैपर्स को शनिवार को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की है।

पुलिस फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) रंजिता शर्मा ने बताया- किडनैप कर फिरौती मांगने के मामले में आरोपी नवीन नायक (24) और भागीरथ उर्फ मंगल (28) निवासी भिवानी हरियाणा को अरेस्ट किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज स्कॉर्पियो को भी जब्त किया है। किडनैप कॉलेज स्टूडेंट को ढूंढने और किडनैपर्स को पकड़ने के लिए टेक्नोलोजी का यूज लिया गया। प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम ने शनिवार तड़के हरियाणा के भिवानी में किडनैप कॉलेज स्टूडेंट नील किशोर को ढूंढ निकाला। पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी में डालकर किडनैप स्टूडेंट को ले जाते समय दोनों आरोपियों को दबिश देकर धर-दबोचा।

7 लाख के चक्कर में बनाया बंधक

महाराष्ट्र के नासिक निवासी नील किशोर घेटिया बीबीए की पढ़ाई कर रहा है। वह एक्ट्रा इनकम के लिए यूएसडीटी ट्रेडिंग भी कर लेता है। टेलीग्राम ऐप के जरिए यूएसडीटी पेनल चलाने वाले रजत नाम के लड़के से जान-पहचान हुई। 5 अक्टूबर को रजत ने यूएसडीटी में पैसा लगाने की कहकर मिलने बुलाया। कहे अनुसार रजत के दोस्त के प्रताप नगर स्थित फ्लैट पर पहुंचा। वहां नवीन ने यूएसडीटी खरीदने के लिए उसे 7 लाख रुपए दिए। उसने अपने परिचित एस.के नाम के व्यक्ति को रुपए दे दिए। रुपए देने के बाद भी किसी कारणवश यूएसडीटी ट्रांसफर नहीं किए। दूसरे दिन यूएसडीटी ट्रांसफर नहीं होने पर आरोपी नवीन ने अपने दिए रुपए वापस लौटने की कहा।

बंधक बनाकर की मारपीट

रुपए नहीं मिलने पर आरोपियों ने फ्लैट के कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट की। 15 अक्टूबर (10 दिन) तक फ्लैट पर बंधक बनाकर रख मारपीट की। 15 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे आरोपी दोस्त नवीन और मंगल उसे ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो में डालकर जयपुर से नवीन के हरियाणा भिवानी स्थित गांव ले गए। पहली मंजिल पर बने कमरे में ले जाकर बुरी तरह मारपीट की। उसके बाद पिता के मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल कर उसे छोड़ने की एवज में 7 लाख रुपए मांगे। धमकाया आज 7 लाख रुपए नहीं दिए तो हम इसको मरवा देंगे।

गाली-गलौज का विरोध करने पर नाबालिग ने युवक की पीठ में मारी कैंची

महानगर टाइम्स संवाददाता

कोटा। कोटा में चाय की दुकान पर एक व्यक्ति पर नाबालिग ने कैंची से हमला कर दिया। विज्ञान नगर थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी में शनिवार दोपहर यह वारदात हुई। वारदात में सत्यनारायण की पीठ में कैंची घुस गई। घायल युवक कैंची लगी हालत में ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों की टीम ने कैंची निकालकर उसका इलाज किया। घायल सत्यनारायण ने बताया कि वह चाय की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान एक लड़का आया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने पीठ में कैंची मार दी और मौके से भाग गया। विज्ञान नगर थाने के हेड कांस्टेबल कमल किशोर ने बताया कि घायल को अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज करवाया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

'भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए कुशल प्रतिभाओं की जरूरत'

डॉ. प्रीति अदाणी ने शोध, नवाचार और तकनीकी शिक्षा पर दिया जोर

महानगर टाइम्स संवाददाता

अहमदाबाद। अदाणी विश्वविद्यालय की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी ने भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच अधिक गहरे सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के सेमीकंडक्टर मिशन को सफल बनाने के लिए केवल अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि ऐसी कुशल प्रतिभाओं की भी जरूरत है जो जटिल तकनीकों को डिजाइन, विकसित और बेहतर बना सकें।

अदाणी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'कॉन्क्लेव ऑन हार्डवेयर, इनोवेशन, प्रोसेसिंग एंड सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज (सीएचआईपीएस) 2026 को

संबोधित करते हुए डॉ. अदाणी ने कहा, 'हमारी तकनीकी प्रगति का वास्तविक पैमाना यह नहीं होगा कि मशीनें कितनी बुद्धिमान बनती हैं, बल्कि यह होगा कि हम मानव बुद्धिमत्ता का कितना विवेकपूर्ण उपयोग कर बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं।

'अदाणी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में क्वालकॉम, एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, सिनोप्सिस, सिरिल अमरचंद मंगलदास और इनफिनियन टेक्नोलॉजीज के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इन विशेषज्ञों ने वायरलेस टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर डिजाइन, मेमोरी एवं स्टोरेज, पावर सिस्टम्स और कानूनी ढांचे सहित सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में उभर रहे अवसरों और चुनौतियों पर विचार साझा किए।

सम्मेलन के दौरान तीन प्रमुख पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। इनमें 'द फ्यूचर ऑफ सेमीकंडक्टर डिजाइन इन इंडिया' में देश की डिजाइन क्षमताओं को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई। वहीं, 'सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंगः शेपिंग इंडिया'स टेक्नोलॉजिकल फ्यूचर' सत्र में विनिर्माण की भूमिका और भारत के तकनीकी भविष्य पर उसके प्रभाव का विश्लेषण किया गया। जबकि 'कैरियर ऑपर्च्युनिटीज इन द सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम' सत्र रोजगार के अवसरों, आवश्यक कौशल और भविष्य के करियर मार्गों पर फोकस रहा।

सतना-देवेंद्रनगर और रीवा-चुरहट रेलखंड का शुभारंभ

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की नई यात्री सेवा

महानगर टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में शनिवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सतना-देवेंद्रनगर एवं रीवा-चुरहट नई रेल लाइनों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्रनगर-चुरहट नई यात्री रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

चुरहट रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा, सीधी के सांसद राजेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नागौद रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह, खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी के माध्यम से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में एक नई जीवनरेखा स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी तथा क्षेत्र के लोगों के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाएगी। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत देवेंद्रनगर-सतना और रीवा-चुरहट रेलखंडों पर रेल परिचालन शुरू होने से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल संपर्क से मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

रेल मंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें नई रेल लाइनें, दोहरीकरण, तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण तथा आमान परिवर्तन से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत ललितपुर-सिंगरौली, सतना-रीवा, कटनी-सिंगरौली, जबलपुर-गोंदिया, बीना-भोपाल-इटारसी, इटारसी-नागपुर, रतलाम-खंडवा, इंदौर-बुधनी, इंदौर-दाहोद और इंदौर-मनमाड़ जैसे रेलखंडों पर कार्य किया जा रहा है।

विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में एमयूजे के 19 शोधकर्ता शामिल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) ने शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के 19 शोधकर्ताओं को प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। उल्लेखनीय है कि सूची में शामिल एमयूजे के शोधकर्ताओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी हो गई है।

इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के 19 शोधकर्ताओं में डॉ. चैतन्य बलिराम पांडे, डॉ. कुलदीप सिंह सांगवान, डॉ. अजय कुमार, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार सिंह राठौड़, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. असैथाम्बी पेरुमल, डॉ. रवि कुमार शर्मा, डॉ. बिश्वजीत डे, डॉ. सोम्या राकेश गोयल, डॉ. अब्दुल हसीब गनी, डॉ. विजयपाल सिंह ढाका, डॉ. वीर सिंह, डॉ. आशीष गोयल, डॉ. प्रमोद सिंह राठौड़, डॉ. पुलकराज आर्यन, डॉ. जयस्मिता जाना, डॉ. सौरभ देवांगन, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह और डॉ. हिम्मत सिंह कुशवाह शामिल हैं।

इस अवसर पर मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के कुलपति डॉ. नीति निपुण शर्मा ने सम्मानित शोधकर्ताओं से संवाद किया और उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने ज्ञान के विस्तार, विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों तथा वैश्विक अकादमिक पहचान को सुदृढ़ करने में उनके योगदान की सराहना की। यह उपलब्धि वैज्ञानिक अनुसंधान, ज्ञान सृजन तथा अकादमिक एवं सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक शोध कार्यों में एमयूजे के शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करती है। विश्वविद्यालय अंतर्विषयक सहयोग को बढ़ावा देने, नवोन्मेषी शोध को प्रोत्साहित करने और शिक्षकों एवं शोधार्थियों को प्रभावशाली अनुसंधान के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

अपनी संस्कृति अपनी ही होती है उसे सहेजकर रखें : देवनानी

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने श्री विश्वकर्मा इन्टरटेनमेंट के बैनर तले बनी सामाजिक, संगीतमय एवं पारिवारिक संदेशप्रद फिल्म मां के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने राजस्थान का नाम और कला संस्कृति एवं यहां की भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान रॉयलवुड फिल्म इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रदेश की कला संस्कृति एवं भाषा तथा राज्य की प्रतिभाओं पर बनी कई फिल्मों को दर्शकों तक पहुंचाने के प्रयासों की प्रसंशा की। देवनानी ने भामाशाह ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया व नेमीचंद शर्मा के सहयोग से बनी फिल्म मां की सफलता की कामना करते हुए मुख्य नायक राज जांगिड़ के उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि इस फिल्म में राजमंदिर में रविवार को प्रदर्शन होगा।

जेके टायर ने दूसरी तिमाही में दर्ज किया अब तक का सबसे अधिक राजस्व

महानगर टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शुक्रवार को 30 सितंबर, 2026 को समाप्त हुई वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में कंपनी में 4,850 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक समेकित राजस्व प्राप्त किया है, जो सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। यह प्रदर्शन सभी बाजारों और उत्पाद खंडों में व्यापक स्तर पर रहा।

जीएसटी 2.0 के बाद भारत के व्यवसाय ने महत्वपूर्ण विकास गति पकड़ी है, जिसने ओई बाजार में 65 प्रतिशत की वृद्धि का सहयोग दिया है। कंपनी ने सालाना आधार पर घरेलू बिक्री में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसे सभी बाजारों और खंडों में अनुशासित निष्पादन के माध्यम से हासिल किया गया है। दूसरी तिमाही के लिए समेकित एबिटडा 343 करोड़ रुपए रहा, जो लगातार उच्च इनपुट लागत और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के बावजूद तिमाही-दर-तिमाही 28 प्रतिशत अधिक है, जिसमें कंटेनर माल ढुलाई दरें शामिल हैं जो ऐतिहासिक स्तरों से काफी ऊपर हैं। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण, परिचालन का माहौल चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। जेके टोरनेल (मेक्सिकन सहायक कंपनी) के प्रदर्शन ने इस तिमाही में वापसी की और 479 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया, जो जेके टायर की अंतर्राष्ट्रीय विकास यात्रा में इसके रणनीतिक महत्व को मजबूत करता है।

दीपावली से पहले मिठाइयों की पैकिंग में बड़ी गड़बड़ी, दो प्रतिष्ठानों पर 35 हजार का जुर्माना

काजू-पतीसा के पैकेट पर मिली भविष्य की निर्माण तिथि, कई उत्पादों पर एमआरपी और एक्सपायरी संबंधी जानकारी भी गायब

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। दीपावली के त्योहारी सीजन में मिठाइयों की पैकिंग में बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं। उपभोक्ता मामले विभाग के विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ की टीम ने जयपुर के दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। निरीक्षण के दौरान एक मिठाई के पैकेट पर भविष्य की निर्माण तिथि अंकित मिली, जबकि कई अन्य उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), शुद्ध वजन, निर्माण तिथि और बेस्ट बिफोर जैसी अनिवार्य जानकारियां गायब थीं।

उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विधिक मापविज्ञान अधिकारी रिपुदमन सिंह और निहाल वशिष्ठ की टीम ने 22 व 23 अक्टूबर को जयपुर के दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

फाइल फोटो

काजू-पतीसा के पैकेट पर 1 नवंबर की निर्माण तिथि

टीम ने 23 अक्टूबर को कानोता स्थित गुड़ मिश्री प्राइवेट लिमिटेड की विनिर्माण इकाई का निरीक्षण किया। यहां काजू-पतीसा मिठाई के पैकेट पर निर्माण तिथि 1 नवंबर 2026 और उपयोग की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2026 अंकित मिली। यानी निरीक्षण की तारीख से नौ दिन आगे की निर्माण तिथि दर्ज थी। इससे मिठाई की वास्तविक निर्माण तिथि, ताजगी और उपयोग अवधि को लेकर सवाल खड़े हो गए। प्रतिष्ठान में पैकेजिंग पंजीकरण भी नहीं मिला। वहीं, गुड़ चक्र मिठाई और काजू रोल के पैकेटों पर एमआरपी तथा शुद्ध वजन जैसी अनिवार्य जानकारियां अंकित नहीं थीं। विभाग ने संबंधित उत्पादों को जब्त कर नोटिस जारी किया और 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

लक्ष्मी मिष्ठान्न भंडार पर 15 हजार का जुर्माना

इससे पहले 22 अक्टूबर को जौहरी बाजार स्थित लक्ष्मी मिष्ठान्न भंडार के निरीक्षण में भी अनियमितताएं मिलीं। प्रतिष्ठान में पैकेजिंग पंजीकरण नहीं पाया गया। इसके अलावा मंगोड़ी, पापड़, खाखरा, सोहन पापड़ी और पेठे के पैकेटों पर एमआरपी, निर्माण तिथि और बेस्ट बिफोर अवधि जैसी आवश्यक जानकारियां अंकित नहीं थीं। विभाग ने संबंधित उत्पादों को जब्त कर प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया तथा 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। विभाग के अनुसार, दोनों प्रतिष्ठानों के संबंधित उत्पादों को आवश्यक घोषणाएं नियमानुसार अंकित किए जाने तक जब्त किया गया है।

राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम के लिए राजस्थान का सात सदस्यीय दल रवाना

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान के सात सदस्यीय दल को राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 25 से 31 अक्टूबर तक भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स, गदपुरी, जिला पलवल (हरियाणा) में आयोजित होगा। निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर एवं क्षेत्रीय निदेशालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान से तीन स्वयंसेवक, तीन स्वयंसेविकाएं एवं एक कार्यक्रम अधिकारी भाग लेंगे। दल की रवानगी के अवसर पर राजा रामदेव पोदार सी. सै. स्कूल के सभागार में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर, जिला उपसमन्वयक संतोष राठौड़ एवं जयपुर जिला संयोजक नवल जैन ने चयनित स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

छह विद्यार्थियों का हुआ चयन

राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए चयनित छह विद्यार्थियों में महाराजा गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, छोटी चौपड़ से वंदना बिवाल एवं खुशबू गुर्जर, राजा रामदेव पोदार गवर्नमेंट स्कूल, गांधी नगर से नेहा राजवानिया एवं सार्थक नैथानी तथा राजवंश पब्लिक स्कूल, बरकत नगर से मनीष प्रसाद एवं आर्यन गुर्जर शामिल हैं।

मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर, गुहा को मिला सम्मान

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया पुरस्कार

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रशासनिक क्षमता निर्माण और सरकारी कार्मिकों के कौशल विकास के क्षेत्र में राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। मिशन कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्थान को देश में दूसरा स्थान मिला है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित 'साधना श्रृंखला कार्यशाला' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह पुरस्कार प्रदान किया। एचसीएम राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा) की महानिदेशक श्रेया गुहा ने संस्थान की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।

महानिदेशक श्रेया गुहा के नेतृत्व में एचसीएम रीपा राज्य में मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन और सरकारी कार्मिकों की क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। राजस्थान पिछले कई महीनों से इस मिशन के क्रियान्वयन में प्रथम स्थान पर बना हुआ था। नवीनतम मूल्यांकन में राज्य को दूसरा स्थान मिला है। प्रदेश को यह पुरस्कार विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर दिया गया। इनमें

आईगॉट कर्मयोगी मंच के माध्यम से सरकारी कार्मिकों की डिजिटल लर्निंग, उन्नति पोर्टल पर प्रशिक्षण संस्थानों का पंजीकरण एवं उन्हें जोड़ना तथा सरकारी विभागों की क्षमता निर्माण योजनाओं की तैयारी और क्रियान्वयन शामिल हैं।

कार्यशाला में एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा के साथ संस्थान के सलाहकार डॉ. राकेश सिंघल और अतिरिक्त निदेशक आशुतोष वाजपेयी ने भी पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर एचसीएम रीपा और उत्तर प्रदेश प्रशासन अकादमी, लखनऊ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान, ज्ञान एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और क्षमता निर्माण से जुड़ी संयुक्त पहल करने पर सहयोग होगा। इससे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता बेहतर बनाने और प्रशासनिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के अवसर मिलेंगे।

कलात्मक-हुनरमंद उत्पादों के साथ सजी संगीत की शाम

कलानेरी आर्ट गैलरी में दिवाली फ्ली मार्केट का आयोजन, लगीं 40 से अधिक स्टॉल्स

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। कहीं एक से बढ़कर एक कलात्मक और हुनरमंद उत्पाद आगंतुकों को लुभा रहे थे, तो कहीं गीत और गजल से सजी शाम कला के कद्रदानों को रास आ रही थी। कुछ ऐसा ही नजारा था शनिवार को जेएलएन मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी का, जहां दिवाली फ्ली मार्केट में 40 से अधिक स्टॉल्स पर विविध प्रकार के प्रॉडक्ट्स मिल रहे थे। गैलरी की ऑनर सौम्या विजय शर्मा ने बताया कि यह मार्केट वन वेंडर, वन आर्ट की थीम पर सजाया गया है। मार्केट में देश के नामी-गिरामी ज्वैलरी डिजाइनर धर्मेंद्र भल्ला ने स्पेशल गेस्ट के रूप में विजिट कर सराहना की। वहीं मार्केट में पारंपरिक कलाओं और जीआई टैग प्राप्त शिल्पों से सजे उत्पाद लोगों को खास पसंद आए। इनमें ब्लू पॉटरी, सांगानेरी व बगरू ब्लॉक प्रिंट, पिछवाई और मोलेला जैसी विशिष्ट कला परंपराएं आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्केट के अलावा ओपन माइक, गजल और गीतों की प्रस्तुतियां, शेर-ओ-शायरी, संगीत संवाद, साहित्यिक चर्चाओं और डे-लाइट शो ने आगंतुकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं खानपान की विविधता ने उत्सवी वातावरण को जायकेदार बनाया। साथ ही यहां तारकशी, बॉटल आर्ट, टेराकोटा की कार्यशालाएं लोगों को पसंद आ रही हैं। मार्केट में एंट्री निशुल्क है। इसका समापन रविवार को होगा।

आज यह रहेगा आकर्षण

रविवार को गैलरी में शाम छह बजे से बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा। इसमें शहर के वी पॉजिटिव ग्रुप के गायक और कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में अस्सी के दशक के सिनेमाई संगीत पर प्रस्तुतियां खास आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

संगीतमय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना का आयोजन

अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी बैनाड का दो दिवसीय वार्षिक मेला शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। कालवाड़ रोड पर बैनाड़ स्थित श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी का दो दिवसीय वार्षिक मेला शनिवार को शुरू हुआ।

आर्यिका सुकाव्यमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में शनिवार को प्रातः चतुर्विंशति पूजा हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को मूलनायक भगवान चन्द्रप्रभु की महाआरती के बाद 48 दीपकों से संगीतमय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना की गई। भक्ति संध्या में प्रभु का गुणगान किया गया। अध्यक्ष प्रकाशचन्द गंगवाल एवं महामंत्री अशोक पाण्ड्या ने बताया कि रविवार को अभिषेक, शांतिधारा, पूजा विधान, ध्वजारोहण, सम्मान समारोह एवं कलशाभिषेक होगा। आर्यिका माताजी के मंगल प्रवचन भी होंगे।

पांच सौ साल पुरानी है प्रतिमा

मूलनायक भगवान चन्द्रप्रभु की प्रतिमा 500 वर्ष से अधिक प्राचीन है। कभी बैनाड़ में जैन समाज की आबादी थी, लेकिन प्लेग महामारी के कारण परिवार आस-पास के गांवों एवं मध्यप्रदेश में बस गए। इसके बावजूद मंदिर में दर्शन-पूजन की परम्परा जारी रही। भादो के बाद आषाढ़ में सामूहिक मिलन एवं भोज से शुरू हुई परम्परा धीरे-धीरे मेले का रूप ले गई। मंत्री अमरचन्द दीवान खोराबीसल ने बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले रेलवे विभाग जयपुर से बैनाड़ के लिए मेला स्पेशल ट्रेन चलाता था। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अब यह क्षेत्र तीर्थ का रूप ले चुका है। परिसर में मूलनायक मंदिर, समवशरण मंदिर, चौबीसी मंदिर, आदिनाथ-भरत-बाहुबली मंदिर एवं नन्दीश्वर द्वीप रचना मंदिर सहित पांच मंदिर हैं। यात्रियों के लिए आवास एवं भोजनशाला की सुविधा भी है।

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'चतुर्थ आरके रस्तोगी मेमोरियल नेगोशिएशन प्रतियोगिता' शुरू

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर के विधि विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की 'चतुर्थ वीजीयू आरके रस्तोगी मेमोरियल नेगोशिएशन प्रतियोगिता' का शनिवार को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में शुभारंभ हुआ। देश भर के अग्रणी विधिक संस्थानों, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों एवं विधि संकायों से आए 60 प्रतिष्ठित टीमों के विधि विद्यार्थियों के बीच यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, बार काउंसिल एवं अकादमिक जगत के मूर्धन्य विद्वानों ने शिरकत कर भावी अधिवक्ताओं को विधिक संवाद, मध्यस्थता और वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के व्यावहारिक गुर सिखाए।

वीजीयू के चेयरपर्सन एवं पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि आज पूरे विश्व में नेगोशिएशन (वार्ता और कूटनीति) का महत्व सर्वोपरि हो चुका है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने आरके रस्तोगी द्वारा सिंचित उच्च नैतिक एवं विधिक मूल्यों तथा संस्कारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नेगोशिएशन केवल एक विधिक कौशल नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने और सामाजिक संतुलन बनाए रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस मंच से बातचीत की बारीकियों और संयम को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक त्वरित व सुलभ न्याय पहुंचाएं।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस एनवी अंजारिया ने कहा कि 'स्वामी विवेकानंद जी मेरे सबसे पसंदीदा व्यक्ति हैं, इसलिए विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए बेहद आत्मीय और हृदयस्पर्शी है।' उन्होंने विश्वविद्यालय के सकारात्मक अकादमिक परिवेश, नवाचार और मूल्यपरक शिक्षा की सराहना की। उन्होंने कहा कि न्याय का मूल उद्देश्य समाज में सौहार्द और परस्पर सहमति का निर्माण करना है और युवाओं को अदालती मुकदमों की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर आपसी समझ और सुलह की भावना को अपनाना चाहिए। समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि अधिकांश विवादों का सफल निपटारा अदालतों के बाहर सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जा सकता है, जिससे पक्षकारों का बहुमूल्य समय और ऊर्जा बचती है। वहीं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति आनंद ने युवा प्रतिभागियों को वैचारिक मंथन, पेशेवर नैतिकता और समस्या-समाधान की क्षमताओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं वाइस-चेयरपर्सन डॉ. केआर बागड़िया, संरक्षक एमआर बागड़िया, कुलपति प्रो. (डॉ.) डीवीएस भगवानुलु तथा विधि विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शिल्पा राव रस्तोगी ने भी अपने विचार साझा किए।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram X YouTube

दीपावली पर चमकेगा सराफा बाजार, ज्वैलरी कारोबार में 25 फीसदी तक उछाल की उम्मीद

सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट से धनतेरस पर बढ़ सकती है खरीदारी

चांदी के सिक्कों के नए डिजाइन बने आकर्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। दीपावली महापर्व को लेकर राजधानी के सराफा बाजार में कारोबारियों की उम्मीदें बढ़ने लगी हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार ज्वैलरी कारोबार में 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। सोना-चांदी की कीमतों में हालिया गिरावट ने धनतेरस और दीपावली पर अच्छी खरीदारी की उम्मीद जगाई है। हालांकि चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते फिलहाल ग्राहक खरीदारी को लेकर असमंजस में हैं। बाजार में अगले चार-पांच दिनों में खरीदारी का रुख स्पष्ट होने की संभावना है।

जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ता है। यूरोप और अरब देशों में युद्ध के हालात के चलते पिछले दिनों कीमती धातुओं के भाव में तेजी देखी गई थी। अब युद्ध पर विराम की संभावनाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुछ राहत मिलने से कीमतों में गिरावट आई है। इससे दीपावली पर कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है।

चांदी में और गिरावट का इंतजार कर रहे खरीदार

मित्तल के अनुसार आने वाले दिनों में चांदी की कीमत में और गिरावट भाव 1.92 लाख रुपए तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद सोना-चांदी के भाव फिर बढ़ने का अनुमान है। हालांकि कीमतों की दिशा अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगी। हालिया गिरावट के बाद कई ग्राहक अभी खरीदारी टाल रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि चांदी के भाव और नीचे आएंगे, जिसके बाद वे खरीदारी करेंगे। ऐसे में फिलहाल बाजार में खरीदारी का बड़ा उछाल नजर नहीं आया है।

धनतेरस पर चांदी के सिक्कों का बदला अंदाज

इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए चांदी के सिक्कों को नए रूप में तैयार किया जा रहा है। पारंपरिक गोल सिक्कों के साथ अब बिस्किट के आकार के सिक्के और नोट भी बाजार में उतारे जा रहे हैं। इसके अलावा भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की चांदी की मूर्तियां समेत गिफ्ट आइटम तथा अलग-अलग वजन में चांदी के सिक्के तैयार किए जा रहे हैं। ज्वैलर्स को उम्मीद है कि नए डिजाइन और कीमतों में आई गिरावट ग्राहकों को खरीदारी के लिए प्रेरित करेगी।

भाव गिरने से बाजार को त्योहार पर बड़ी उम्मीद

सराफा कारोबारियों का मानना है कि धनतेरस और दीपावली पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में त्योहार के नजदीक आते ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। पिछले दिनों चांदी में आई भारी गिरावट के बाद कारोबारियों की निगाहें अब अगले चार-पांच दिनों के बाजार रुख पर टिकी हैं। यदि कीमतों में स्थिरता आती है तो धनतेरस पर खरीदारी जोर पकड़ सकती है और सराफा बाजार में त्योहार की चमक बढ़ सकती है।

विंग्स ओवर गेंजेस का सीधा प्रसारण जल महल पर आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस पर वाराणसी उत्तर प्रदेश के नमो घाट पर होने वाले विंग्स ओवर गेंजेस एरियल डिस्प्ले का सीधा प्रसारण 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से जलमहल जयपुर पर होगा। एयरफोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ने बताया कि इस अवसर पर 100 एयरक्राफ्ट्स, 52 फाइटर्स 15 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स, 32 हेलिकॉप्टर्स और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट 12 अलग-अलग एयर बेसिस से उड़ान भरकर वाराणसी के नमो घाट के ऊपर हवाई प्रदर्शन करेंगे। इसमें राफेल, एसयू 30एम के1, तेजस, मिराज 2000, जैगवार, एमआईजी-29 सहित सूर्य किरण एरोबेटिक टीम व सारंग हेलिकॉप्टर टीमें हवाई प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।

सीएम ने जयपुर शेखावाटी विरासत एवं विकास समिट को किया संबोधित

शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियां और धार्मिक स्थल अमूल्य धरोहर : भजनलाल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार जल संकट से मुक्ति, बेहतर कनेक्टिविटी, हवेलियों के जीर्णोद्धार और पर्यटन को प्रोत्साहित कर शेखावाटी अंचल का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। शेखावाटी की वीरता, समृद्ध लोक संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत राजस्थान की गौरवशाली पहचान है। यहां के पूर्वजों की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण ने इस क्षेत्र को देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई है। यहां की ऐतिहासिक हवेलियां और धार्मिक स्थल अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन के अनुसार राज्य सरकार इसी विरासत को संरक्षित करने के साथ उन्हें पर्यटन से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। वहीं जल-बिजली उपलब्धता, बेहतर सड़क संपर्क और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर में आयोजित शेखावाटी विरासत एवं विकास समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से नई पीढ़ी को व्यवसाय एवं उद्योगों से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थानियों की मेहनत, हुनर और उद्यमशीलता की पहचान पूरी दुनिया में है। युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित कर उसे उद्यमिता और रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध करवाना आवश्यक है।

'सीमा से लेकर देश की आर्थिक प्रगति में शेखावाटी का अहम योगदान'

सीएम ने शेखावाटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों, विरासत संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों और प्रवासी राजस्थानियों की सराहना करते हुए कहा कि शेखावाटी के उद्यमियों और भामाशाहों का देश की आर्थिक प्रगति में योगदान महत्वपूर्ण है। 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान में भी प्रवासी राजस्थानियों, भामाशाहों और सामाजिक संस्थाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आवश्यकता पानी है। इसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौते जैसे महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। उन्होंने बताया कि राम जलसेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत लगभग एक लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित कार्यों में से लगभग 41 हजार करोड़ रुपए के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इस परियोजना से सिंचाई जल की उपलब्धता के साथ ही पेयजल और औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी।

'बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में राजस्थान'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने और प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार में बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में व्यापक प्रयास किए गए हैं। सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों और होटल संचालकों को भी प्रेरित किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को गति मिलेगी।

'रोड कनेक्टिविटी से विकास की रफ्तार हो रही तेज'

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में रोड कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और बीकानेर-कोटपूतली एक्सप्रेस-वे जैसी सड़क परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जिनसे सीकर, झुंझुनूं और चूरू सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से कनेक्ट होंगे। साथ ही दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी राजस्थान के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। इससे परिवहन कृषि उत्पादों का विपणन आसान और लागत कम होने के साथ ही औद्योगिक गतिविधियों, धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

शेखावाटी हेरिटेज मीट 8 दिसंबर को

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विरासत को सहेजकर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत, हवेलियों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 8 दिसंबर को शेखावाटी हेरिटेज मीट आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य देश-विदेश में बसे शेखावाटी के प्रवासियों को अपनी मातृभूमि की विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास और निवेश के अवसरों से जोड़ना है। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गोयल, राष्ट्रीय संयोजक हरि शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री गजानंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी गिरधारी कैशोट एवं फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में शेखावाटी अंचल के आमजन उपस्थित रहे।

ग्रयू सोलर कंपनी में आग के बाद उपमुख्यमंत्री ने लिया घटनास्थल का जायजा

जयपुर/दूदू (महानगर टाइम्स संवाददाता)। जयपुर-अजमेर हाईवे पर स्थित ग्रयू सोलर कंपनी के फेज-2 में शुक्रवार को आग की घटना के बाद शनिवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने घटनास्थल का दौरा किया। डॉ. बैरवा ने कहा कि समय पर लिए गए उचित फैसलों और पर्याप्त सुरक्षा संसाधनों के कारण ही एक भी जनहानि नहीं हुई। ग्रयू सोलर कंपनी ने औद्योगिक सुरक्षा और कर्मचारियों की जीवन रक्षा के मानकों पर पूरी तरह खरी उतरी है। कंपनी के सीएचआरओ डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि इस कठिन समय में किसी भी कर्मचारी को बेरोजगार नहीं किया जाएगा। कंपनी परिसर पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति नियंत्रण में है।

रावत पब्लिक स्कूल ने शिक्षा जगत में रचा नया कीर्तिमान

एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग में देशभर में प्राप्त किया छठा स्थान

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग 2026-27 में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए जयपुर में प्रथम और भारत में छठा स्थान प्राप्त किया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय की ओर से निरंतर विकसित किए जा रहे प्रगतिशील शिक्षण वातावरण का परिणाम है। जहां विद्यार्थियों में शैक्षणिक प्रतिभा के साथ-साथ रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, नवाचार और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही विद्यालय को भी शैक्षणिक नवाचार एवं नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एवं रैंकिंग प्रमाणपत्र दिल्ली में आयोजित समारोह में रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने प्राप्त किया।

सुबोध कॉलेज में शोध पद्धति पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज (स्वायत्त), जयपुर के समाज कार्य एवं समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शनिवार को शोध पद्धति विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रेणु जोशी ने बताया कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध का विशेष महत्व है। गुणवत्तापूर्ण शोध न केवल ज्ञान के नए आयाम विकसित करता है, बल्कि सामाजिक समस्याओं को समझने और उनके व्यावहारिक समाधान खोजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को शोध के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए तथ्यपरक, निष्पक्ष और व्यवस्थित अध्ययन करना चाहिए।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने शोध पद्धति से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महिला सशक्तीकरण विभाग की आयुक्त नीतू राजेश्वर उपस्थित रहीं। कार्यशाला में शोध की अवधारणा, शोध प्रक्रिया, वैज्ञानिक पद्धति तथा सामाजिक विज्ञानों में शोध की उपयोगिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला संयोजक डॉ. अनंत विजया सोनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में डॉ. अनुराधा शर्मा, डॉ. दीपमाला उपाध्याय तथा डॉ. तुलसीराम नागर उपस्थित रहे।

एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने 16वां दीक्षांत समारोह मनाया

साल 2026 की क्लास के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की घोषणा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर/नई दिल्ली। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने अपने नीमराना कैंपस में 16वां दीक्षांत समारोह मनाया, जो एकेडमिक एक्सीलेंस और इंडस्ट्री रेडीनेस में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। इस साल के कॉन्वोकेशन में बीटेक, बीबीए और आईएमबीए में कुल 275 स्टूडेंट्स ग्रेजुएट हुए। इस मौके पर एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर अमिताभ कांत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूसरी नई टेक्नोलॉजी हमारे सीखने, काम करने और प्रॉब्लम सॉल्व करने के तरीके को बदल रही हैं। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री का एक्सपीरियंस देने के लिए एआई और जीपीयू लैब्स में इन्वेस्ट कर रहे हैं, जिससे उन्हें आइडिया को सॉल्यूशन में बदलने, स्टार्टअप लॉन्च करने और पहले दिन से ही बदलाव लाने में मदद मिलेगी। हम ऐसे इनोवेटर्स और एंटरप्रेन्योर्स को एजुकेट करना चाहते हैं जो टेक्नोलॉजी के भविष्य को बनाने में मदद करेंगे। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. प्रकाश गोपालन ने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी का 16वां कॉन्वोकेशन इंडस्ट्री में हमारी अहमियत और स्टूडेंट की सफलता के लिए हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। हमारी होलिस्टिक एजुकेशन हमारे स्टूडेंट्स को एक अच्छे प्रोफेशनल बनने के लिए क्रिटिकल थिंकिंग, प्रॉब्लम-सॉल्विंग और एक्स्ट्रा करिकुलर लर्निंग डवलप करती है। 2026 की क्लास का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड हमारे स्टूडेंट्स को सफल कॅरियर के लिए तैयार करने के हमारे कमिटमेंट और भविष्य की यूनिवर्सिटी बनाने के हमारे विजन को फिर से साबित करता है।

यूनिवर्सिटी ने लगातार बनाए रखा ट्रैक रिकॉर्ड

एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने अपनी शुरुआत से ही हर साल 100 प्रतिशत प्लेसमेंट पाने का लगातार ट्रैक रिकॉर्ड बनाए रखा है और 2026 की ग्रेजुएट क्लास इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। 73 प्रतिशत से ज्यादा बीटैक स्टूडेंट्स को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले, जो एनयू के टैलेंट और शिक्षा के लिए इंडस्ट्री से जुड़ी टेक्नोलॉजी पर आधारित दृष्टिकोण पर इंडस्ट्री के भरोसे को दिखाता है। 12 महीने के इंडस्ट्री प्रैक्टिस प्रोग्राम का भी एक सफल साल रहा, जो स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल, इंडस्ट्री से जुड़े सीखने के अनुभव देने पर लगातार फोकस को दिखाता है।

खोया-पाया

मेरे भूखण्ड संख्या 14-OE-255 के मूल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र खो गये हैं, मिलने पर सूचित करें- दिव्या अग्रवाल पत्नी शुभम अग्रवाल मो. 8696633635

नाम-परिवर्तन

मैं श्याम अजमेरा पुत्र बृजमोहन अजमेरा मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम श्याम सुंदर अजमेरा है जिसे मैंने बदलकर श्याम अजमेरा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

विज्ञप्ति

मै अरुण अग्रवाल, मेरे पिता श्री कमलेश अग्रवाल एवं मेरी माता श्रीमती मीना देवी दोनों का स्वर्गवास हो चुका है वाहन संख्या RJ14CU 6680 व RJ14BC 8508 मेरे पिता के नाम थी अतः यह वाहन मै मेरे नाम करवाना चाहता हूं किसी भी व्यक्ति को अगर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिन के भीतर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय में संपर्क करे।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 07/2026/D-508
आम सूचनाः- आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 333574 दिनांक 07/10/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Yogendra Saran Kaushik S/o S S Kaushik	श्री गोपाल लाल बलाई पुत्र श्री मालीराम बलाई	498	54.00 Sq. Meter	JDA	CHITRAKOOT YOJANA Sector/Block-9	Name Transfer	लीजडीड एवं पंजीकृत दस्तावेज

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-11
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक:-जविप्रा/उपा/जोन-11/उपा-11/2026/डी- दिनांक
सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोपाल पुत्र श्री हनुमान जाति निवासी ग्राम बगरूकंला तहसील सांगानेर, जिला जयपुर द्वारा ग्राम बगरूकला तहसील सांगानेर के ख.नं. 6352 रकबा 0.44 हैक्ट. भूमि पर औद्योगिक प्रयोजनार्थ मानचित्र अनुमोदन किये जाने हेतु जोन कार्यालय में आवेदन किया गया है। ग्राम बगरूकंला तहसील सांगानेर के ख.नं. 6352 रकबा 0.44 हैक्ट. भूमि की 90क के अन्तर्गत निर्णय दिनांक 29.9.2023 को औद्योगिक प्रयोजनार्थ को पारीत किया गया था। प्रकरण में 90-क की कार्यवाही किये हुये 1 वर्ष से ज्यादा का समय व्यतीत होने से जविप्रा की बी.पी.सी. एल.पी. की बैठक दिनांक 15.03.2021 के नीतिगत निर्णय की अनुपालना में सार्वजनिक लोक सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। अतः ग्राम बगरूकंला तहसील सांगानेर के ख.नं. 6352 रकबा 0.44 हैक्ट. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ मानचित्र अनुमोदन किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण नियमानुसार आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी (जोन-11)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर
(अम्बाबाडी सर्किल, अम्बाबाडी, जयपुर)
क्रमांकः एफ-55( )/वि.जोन/ज.न.नि./2026/2367 दिनांकः 22.10.2026
सार्वजनिक सूचना
भूखंड सं. 42 (पुराना)/40 (नया), स्कीम नं. 4 शिवपुरी, झोटवाड़ा, जयपुर (**मिन्धु नगर गृह.नि.स.स**) का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा **श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री नन्दूराम शर्मा** के पक्ष में दिनांक 09.01.2000 को **क्षेत्रफल 191.29 वर्गगज** भूमि का लीज डीड पट्टा जारी किया गया था। श्री ओम प्रकाश शर्मा ने जरिये अपंजीकृत इकरारनामा के दिनांक 19.02.2003 को श्रीमती छम्मा देवी पत्नी श्री रामकरण को बेचान कर दिया। श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री नन्दूराम शर्मा ने जरिये पंजीकृत मुख्त्यारनामा दिनांक 19.02.2003 को उक्त भूखंड पर श्री रामकरण पुत्र श्री राममहाय को अपना मुख्त्यार आम नियुक्त कर दिया गया। जो कि 3 वर्षो के लिए खंडनीय था। श्रीमती छम्मा देवी पत्नी श्री रामकरण ने दिनांक 02.01.2018 को अपंजीकृत इकरारनामा को न्यायालय कलक्टर (मुद्रांक) जयपुर वृत्त द्वितीय कार्यालय में दस्तावेज को मुद्रांकित करवा लिया गया है। पंजीकृत करवा लिया गया। श्रीमती छम्मा देवी पत्नी श्री रामकरण ने जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 02.01.2018 को श्रीमती कमलेश गुर्जर पुत्री श्री रामकरण गुर्जर (पत्नी श्री संतोषी लाल गुर्जर) के पक्ष में उपहार कर दिया गया। श्रीमती कमलेश गुर्जर पत्नी श्री संतोषी लाल गुर्जर द्वारा भूखंड सं. 42 (पुराना)/40 (नया), स्कीम नं. 4 शिवपुरी, झोटवाड़ा, जयपुर क्षेत्रफल 191.29 वर्गगज का नाम हस्तांतरण अपने पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 14/2026/D-980
आम सूचनाः- आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 334947 दिनांक 14/10/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) |Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Urmila Gupta W/o Ashok Kumar Gupta एवं Chandra Shekhar Gupta S/o Ramji Lal Gupta एवं Prakash Gupta S/o R.L. Gupta	श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री राम जी लाल गुप्ता, श्रीमती उर्मिला गुप्ता पत्नी श्री अशोक कुमार गुप्ता, चंद्र शेखर गुप्ता एवं प्रकाश गुप्ता पुत्रान स्व. श्री राम जी लाल गुप्ता	116	305.73 Sq. Yard	Cooperative	SACHIVALYA NAGAR	Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) |Original Lease Deed (Patta)	मुहाना गृ.नि.स.स. की योजना सचिवालय नगर के भू. सं. 116 क्षेत्रफल 305.73 व.ग. की लीजडीड क्रमांक 2910 दिनांक 28.03.2013 द्वारा सर्व श्री श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री राम जी लाल गुप्ता, श्रीमती उर्मिला गुप्ता पत्नी श्री अशोक कुमार गुप्ता, चन्द्र शेखर गुप्ता एवं प्रकाश गुप्ता पुत्रान स्व. श्री राम जी लाल गुप्ता एवं सहमतिपत्र/सहखातेदारी का के मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 11.03.21 एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 22.05.15 एवं सजरा शपथ पत्र के आधार पर

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) |Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शुभम टिंकर पुत्र श्री सत्य नारायण टिंकर, निवासी 15, पंडित शिवदीन का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर सिटी, जयपुर-302002 ने प्लाट नम्बर 1235, आजायबघर, किशनपोल बाजार, जयपुर-302002, जिसका कुल क्षेत्रफल 65.29 वर्गगज को Religare Housing Development & Finance Corporation Ltd (RHDFCL) से ऋण प्राप्त कर रहन रखने बाबत आवेदन किया है। इसमें से टाईटल दस्तावेज में सर्वप्रथम प्लाट नम्बर 1235 का श्रीमती किस्तुर बाई के स्वामित्व व अधिकार में था। तत्पश्चात् श्रीमती किस्तुर बाई ने जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र द्वारा श्री सोभाग मल के हित में उपहार कर दिया। जो कि उप पंजीयक कार्यालय जयपुर शहर के यहां दिनांक 02.06.1967 को रजि. नम्बर 3087 पर पंजीबद्ध किया गया। [illegible] 1995 को [illegible] Religare Housing Development & Finance Corporation Ltd (RHD-FCL) पर [illegible]
सुरेश जैन एडवोकेट, [illegible] कॉलोनी, [illegible] मो. 9828025372

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर नगर चौकड़ी तोपखाना देश, रास्ता मिश्राराजाजी की पश्चिमी लाईन में रास्ता खुटेटोन की कूंट पर मकान एक चौक का पूर्वमुखी नगरपरिषद नं. 950 की ग्राउण्ड फ्लोर पर खुटेटो के रास्ते में स्थित हवेली हुई दुकान दक्षिणमुखी क्षेत्रफल 43.59 वर्गगज का मालिक काबिज व स्वामी मेरा अभिभाव्य रामस्वरूप झालानी पुत्र श्री रामगोपाल झालानी चला आ रहा है, उसे अपनी उपरोक्त सम्पति को अपने उत्तराधिकारी की सहमति से रहन विक्रय करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है, यदि किसी अन्य व्यक्ति संस्था इत्यादि को मेरे अभिभाव्य के उपरोक्त वर्णित सम्पति पर स्वामित्व को लेकर कोई भी आपत्ति है तो मुझ हस्ताक्षरकर्ता से 03 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें अन्यथा मेरा अभिभाव्य अपने स्वामित्व की उपरोक्त वर्णित सम्पति को रहन विक्रय इत्यादि हस्तांतरित करने के लिये स्वतंत्र होगा एवं उसके बाद कोई आपत्ति व उज्र मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।
दिनांकः 22.10.26 विजय शर्मा एडवोकेट मो.नं. 9829620543

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 12/2026/D-472 **आम सूचनाः**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 226487 दिनांक 10.06.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं:

आवेदक का नाम	मूल आवंटी/लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
AMITA SHARMA W/o KAMAL KUMAR SHARMA	श्रीमती प्रमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री रघुवीर सहाय शर्मा	भूखण्ड सं. E-27	45.00 Sq. Meter	JDA	HATHOJ (KARDHANI) EXT. Sector/Block: COMMERCIAL	Issue of [Lease/Free Hold] Deed (E-Patta)	मृत्यु प्रमाण पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease / Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। हस्ताक्षरः DC जोन-12, जविप्रा, जयपुर।

आम सूचना यह कि, आवासीय भूखण्ड स. 15-ए, प्रताप नगर-श्री विस्तार, अजमेर रोड़, भाकरोटा, जयपुर क्षे. 266 वर्ग गज सर्व प्रथम बाबा रामदेव ग. नि. स. स. लि. द्वारा श्रीमती कमला पत्नी श्री रामचन्द्र धानका को जरिये आवंटन पत्र दि. 12.04.1990 द्वारा आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती कमला उनके पति श्री रामचन्द्र धानका का निधन हो जाने पर उनके वारिसान सीता देवी, सुशीला देवी, कान्ता, लाली देवी उर्फ नीतू देवी (पुत्रियां), द्वारा उक्त में निहित अपने हिस्से का त्याग श्री मोहन व श्री मुकेश धानका पुत्रान स्व. रामचन्द्र धानका के हक में जरिये त्याग पत्र द्वारा त्याग दिया जिसका पंजीयन दि. 23.02.2026 हुआ। तत्पश्चात श्री मोहन व श्री मुकेश धानका ने उक्त में अपने-अपने हिस्से का आपसी बटवारा कर लिया जिसका पंजीयन जयपुर द्वितीय के समक्ष दि. 06.04.2026 को हुआ जिससे श्री मोहन के हिस्से में उक्त का पश्चिमी भाग, क्षे 124.58 वर्ग गज आया। अब श्री मोहन द्वारा उक्त में से पश्चिमी भाग, क्षे 124.58 वर्ग गज को बंधक रख Home First Finance Company India Ltd (HFFCIL) से ऋण के लिया आवेदन किया जा रहा है। अतः उक्त के स्वामित्व, अथवा स्व. कमला व रामचन्द्र धानका के वारिसान व किये गये हकत्याग व बटवारे के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिन में पेश करें। बाद मियाद (HFFCIL) द्वारा उक्त को बंधक कर लिया जावेगा तथा आपत्ति अमान्य होगी। **संकल्प लॉ एसोसिएट्स मनोज कुमार शर्मा, एडवोकेट 9660333985, 9079815511**

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
संख्याः डब्ल्यू ए एसजी/2026-27 दिनांकः 21.10.2026
मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या :** मं.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)-11-2026-27 - पुनः निविदा **कार्य का नाम** : अजमेर डिवीजनः अजमेर डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर DAC (MSDAC) के विभिन्न घटकों/भागों की विश्वसनीयता सुधारने और रखरखाव/सतत बनाए रखने के प्रावधान। **अनुमानित लागत** : रुपये 21752585.65 **बयाना राशि :** रुपये 435100.00 **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)-43- 2026-27 **कार्य का नाम** : अजमेर डिवीजन - पार्सल ऑफिसों AII-1, FA-1, BER-1, BHL-1, MJ-1, ABR-1 और UDZ-1 पर बैगेज स्कैनर और कैमरा की सुविधा। **अनुमानित लागत** : रुपये 4464925.46 **बयाना राशि :** रुपये 89300.00 **ई निविदाये खोलने की तिथि व समय :** दिनांक 17.11.2026 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता **WWW.IREPS.GOV.IN** **1518-CQ/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
संख्याः डब्ल्यू/118/1/निविदा/जय./इन्जी. दिनांकः 21.10.2026
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या / कार्य का नाम** : इंजी.-जय.-2026-27-131 उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के रेवाड़ी-जयपुर खंड में 24 लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर RUB (रोड अंडर ब्रिज) का निर्माण। **अनुमानित लागत** : 1815021243.18 **बिड प्रतिभूति राशि** : 36300400.00 **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा संख्या इंजी.-जय.-2026-27-131 की बन्द होने की तिथि 20.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि 20.11.2026 समय 16.00 बजे। **3.** निविदा संख्या इंजी.-जय.-2026-27-131 के लिए प्री बिड कॉन्फ्रेंस दिनांक **30.10.2026** समय 11:00 बजे वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (पूर्व) जयपुर के चैम्बर में होगी। **1520-CQ/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
संख्याः डब्ल्यू/118/निविदा/वर्क्स(समा)जयपुर/इन्जीनियरिंग दिनांकः .10.2026
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा संख्या/कार्य का नाम** : निविदा स०-ई.-जेपी-2026- 27-115R सहायक मण्डल इंजी/लाईन/ जयपुर-उप मण्डल- सहायक मण्डल इंजी/ लाईन/जयपुर के अधिकार क्षेत्र मे जयपुर-सवाईमाधोपुर सेक्शन के अन्तर्गत RUB (रेलवे अण्डर ब्रिज) मे विभिन्न सुधार कार्य। **अनुमानित लागत** : 98407839.96 **बिड प्रतिभूति राशि** : 1968200.00/- **2. निविदा संख्या/कार्य का नाम** : निविदा स०-ई.-जेपी-2026-27-116R सहायक मण्डल इंजी/फुलेरा उप मण्डल-सहायक मण्डल इंजी/फुलेरा के अधिकार क्षेत्र मे रैनवाल-फुलेरा और फुलेरा-मदार, डीएफसीसीआईएल मे RUB (रेलवे अण्डर ब्रिज) मे विभिन्न सुधार कार्य। **अनुमानित लागत** : 281138091.69 **बिड प्रतिभूति राशि** : 5622800.00/- **3. निविदा संख्या/कार्य का नामः** निविदा स०-ई.-जेपी-2026-27-126 ABBS स्टेशन योजना के तहत रींगस स्टेशन का बैलेंस कार्य। **अनुमानित लागत** : 86607268.54 **बिड प्रतिभूति राशि** : 1732200.00/- **4. निविदा संख्या/कार्य का नामः** निविदा स०-ई.-जेपी-2026-27-127 जयपुर मंडलः-जयपुर-मदार और जयपुर- सवाईमाधोपुर सेक्शन मे टर्नआउट नवीनीकरण के माध्यम से। **अनुमानित लागत** : 42209023.10 **बिड प्रतिभूति राशि** : 844200.00/- **5. निविदा संख्या/कार्य का नाम** : निविदा स०-ई.-जेपी-2026-27-130 सहायक मण्डल इंजी/लाईन/जयपुर का अधिकार क्षेत्रः- सहायक मण्डल इंजी/लाईन/ जयपुर के अधिकार क्षेत्र मे ट्रैक से जुड़े विविध कार्य। **अनुमानित लागत** : 29230191.50 **बिड प्रतिभूति राशि** : 584600.00/- **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा संख्या इंजी./जय/2026-27/115R व 116R की बन्द होने की तिथि-16.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि. 16.11.2026 समय 16.00 बजे। निविदा संख्या इंजी./जय/2026-27/126 की बन्द होने की तिथि-06.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि. 06.11.2026 समय 16.00 बजे। निविदा संख्या इंजी./जय/2026-27/127 व 130 की बन्द होने की तिथि-20.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि. 20.11.2026 समय 16.00 बजे। **1522-CQ/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

रामायण : रणबीर कपूर के फैंस को करना होगा इंतजार 2027 में नहीं आएगा फिल्म का दूसरा पार्ट!



निर्देशक नितेश तिवारी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रामायण' का पहला पार्ट कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है, लेकिन वहीं अब खबर आ रही है कि इसके दूसरे पार्ट का इंतजार दर्शकों के लिए और लंबा हो सकता है। पहले 'रामायण 2' को दीपावली 2027 पर रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब निर्माता नमित मल्होत्रा इसकी रिलीज को दीपावली 2028 तक टालने पर विचार कर रहे हैं।

क्यों 'रामायण 2' की रिलीज में हो सकती है देरी: मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रामायण 2' की शूटिंग पूरी करने के लिए निर्माताओं को अतिरिक्त समय की जरूरत है। फिल्म के दूसरे पार्ट में युद्ध के कई बड़े दृश्य दिखाए जाने हैं, जिन्हें भव्य स्तर पर तैयार किया जा रहा है। यही वजह है कि निर्माता इसकी रिलीज को एक साल आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का पहला पार्ट जल्द सिनेमाघरों में आने वाला है, लेकिन दूसरे पार्ट की कुछ शूटिंग अभी बाकी है। 'रामायण' का असली भव्य रूप दूसरे पार्ट में देखने को मिलेगा, जहां युद्ध की कहानी सामने आएगी। ऐसे में इन दृश्यों को तैयार करने के लिए निर्माताओं को और समय चाहिए। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक नई रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

'रामायण' की एडवांस बुकिंग में तेजी: 'रामायण: राइज ऑफ ए लीजेंड' की एडवांस बुकिंग के आंकड़े भी सामने आए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, अब तक फिल्म के 3,964 शो में 1.47 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। ब्लॉक सीटों को मिलाकर फिल्म की कुल एडवांस बुकिंग 8.27 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। वहीं, ब्लॉक सीटों को हटाकर कमाई का आंकड़ा 6.25 करोड़ रुपए है।

बढ़ी शो की संख्या: 'रामायण' फिल्म के शो की संख्या भी बढ़ रही है। पहले 3,533 शो ट्रैक किए जा रहे थे, जो 12 प्रतिशत बढ़कर 3,964 हो गए। ब्लॉक सीटों सहित कुल बुकिंग 92,755 टिकटों से 58 प्रतिशत बढ़कर 1.47 लाख से ज्यादा पहुंच गई। इसके साथ ही प्रति शो औसत टिकट बिक्री 26 से बढ़कर 37 हो गई।

हालांकि, उस समय तक ट्रैक किए गए किसी भी शो के सभी टिकट नहीं बिके थे और बड़ी संख्या में सीटें उपलब्ध थीं। गुरुवार रात तक पीवीआर आईनॉक्स और सिनेपोलिस जैसी प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन में फिल्म की एडवांस बुकिंग 50 हजार टिकटों का आंकड़ा पार कर चुकी थी। आईमैक्स और 4डीएक्स जैसे प्रीमियम फॉर्मेट में दर्शकों की दिलचस्पी ज्यादा देखने को मिल रही थी, जबकि सामान्य मल्टीप्लेक्स स्क्रीन पर बुकिंग धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही थी।

सैफ ने बजाया तगड़ा गिटार करीना बोलीं- 'सबसे कूल पति'

सैफ अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कदम रखा है। तब से वह फैंस को बड़े पर्दे के बाहर की अपनी जिंदगी की झलकियां दिखा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने घर पर गिटार बजाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस पर करीना से उनकी बात ने फैंस का ध्यान खींचा है।

वीडियो में क्या है: नीले कुर्ते और सफेद पजामे में सैफ एक पीला इलेक्ट्रिक गिटार बजाते दिखे, जबकि उनके साथ कुछ दूसरे संगीतकार ड्रम और दूसरे वाद्ययंत्र बजा रहे थे। सैफ ने अपनी बालकनी में एक शानदार जैमिंग स्पेस तैयार किया, जहां एम्पलीफायर और संगीत के अन्य उपकरण मौजूद थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'रिदम तो मिल गई, पर टेम्पो भटक गया, फिर भी बहुत मजा आया।'

सैफ के जवाब ने खींचा ध्यान: इस वीडियो में सैफ का संगीत के प्रति लगाव तो दिखा ही, मगर कमेंट सेक्शन में उनकी पत्नी करीना कपूर के साथ हुई एक प्यारी सी बातचीत ने सबका ध्यान खींच लिया। करीना ने कमेंट किया, 'दुनिया में सबसे कूल पति किसका है? क्या मैं कह सकती हूं कि मेरा?' इस पर सैफ ने बड़े मजेदार अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'प्लीज नजर मत लगाना!' सैफ अली खान के इस जवाब को 7 हजार से ज्यादा फैंस ने लाइक किया है।

सैफ ने पहले भी दिया मजेदार जवाब: इससे पहले भी सैफ की एक बात ने फैंस का ध्यान खींचा था। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में करीना ने बताया कि सैफ को उन्हें प्रपोज करने के लिए एक या दो बार नहीं, बल्कि तीन बार कोशिश करनी पड़ी। तब जाकर उन्होंने 'हां' कहा।

छोटे नवाब के जवाब ने खींचा फैंस का ध्यान

करीना ने बताया, 'उन्होंने मुझे मुंबई में प्रपोज किया, फिर ग्रीस में और उसके बाद पेरिस में। तब जाकर मैंने 'हां' कहा।' इस पर सैफ ने मजाक करते हुए कहा, 'अगर तुमने मुंबई में ही 'हां' कह दिया होता, तो मेरे काफी पैसे बच जाते!'

कब हुई सैफ और करीना की शादी: सैफ अली खान और करीना कपूर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2012 में शादी कर ली थी।

इस कपल के दो बेटे हैं- तैमूर अली खान और जहांगीर अली खान। इसके अलावा अभिनेत्री अमृता सिंह के साथ अपनी पहली शादी से सैफ के दो बड़े बच्चे भी हैं। एक बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान और दूसरा अभिनेता इब्राहिम अली खान।

स्काउट-लवप्रीत की नजदीकियों पर भड़के रोहित शेट्टी, दोनों को दी चेतावनी

रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' को सलमान खान की जगह फिल्ममेकर रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। रोहित शेट्टी ने इस 'वीकेंड का वार' में घरवालों की क्लास ली है। स्काउट, लव गिल और बुली गैंग समेत कई कंटेस्टेंट्स के मुद्दों पर भी बात की। चैनल द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए प्रोमो में सलमान खान की जगह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे रोहित शेट्टी ने लवप्रीत से स्काउट के साथ उनके बॉन्ड के बारे में पूछा। लवप्रीत ने कहा कि वह स्काउट को भाई मानती हैं। वहीं, रोहित ने कहा कि बाहर से देखने पर उनका ये बर्ताव बिल्कुल गलत लग रहा है। रोहित शेट्टी ने लवप्रीत से कहा, 'लवप्रीत गिल, जब स्काउट आपके पैरों, हाथों, गर्दन की मालिश करता है, तो यह टीवी पर देखने में सही नहीं लगता है। तुम स्काउट से पीठ की मालिश करने के लिए कहती हो, वो तुम्हारी पिंडलियों की मालिश कर रहा है। ये बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा है।'

इस पर स्काउट ने कहा, 'ये तो मैं हर किसी के साथ करता हूं, माही दी ने भी मुझसे कहा था, मैंने उनके भी किया था।' रोहित ने जवाब दिया, 'स्काउट! बाहर जो दिख रहा है, बाहर जो महसूस हो रहा है, मैं बस वही बता रहा हूं। ये बिल्कुल गलत लग रहा है।'

बताया जा रहा है कि 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में स्काउट की गर्लफ्रेंड काश्वी हिरानंदानी नजर आ सकती हैं और घर के अंदर लव गिल और स्काउट के इस बॉन्ड पर अपनी बात रखती नजर आ सकती हैं। दरअसल, स्काउट और लव गिल की बढ़ती नजदीकियों की वजह से सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। शुरुआत में दोनों ने खुद को भाई-बहन बताया था, लेकिन शो के दौरान उनके बीच काफी कोजी पल देखे गए हैं। हाल ही में स्काउट द्वारा कंबल के अंदर लव गिल के पैरों की मसाज करने और लव द्वारा स्काउट को गले लगाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं।

राधिका आप्टे: क्या खुद को लेकर निराश हैं अभिनेत्री? बोलीं- आलिया-दीपिका की फिल्म कर सकती है अच्छी ओपनिंग

राधिका आप्टे इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'अक्का' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने बॉलीवुड में महिलाओं की स्थिति के बारे में बात की है। अभिनेत्री का कहना है कि हिंदी सिनेमा में महिला कलाकारों को अक्सर ऐसी फिल्मों में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिनमें पुरुष मुख्य भूमिका में होते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि महिला-प्रधान फिल्मों के लिए एक अच्छी थिएट्रिकल रिलीज पाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई महिला-प्रधान फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तभी अच्छी शुरुआत कर सकती है, जब उसमें आलिया भट्ट या दीपिका पादुकोण जैसी बड़ी स्टार्स मुख्य भूमिका में हों। राधिका आप्टे की हालिया फिल्में 'लस्ट स्टोरीज 3', 'साली मोहब्बत', 'मिसेज अंडरकवर' और 'मोनिका-ओ माय डार्लिंग' सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई थीं। हालांकि राधिका का कहना है कि उन्होंने फिल्मों का चुनाव इस आधार पर नहीं किया कि वह सिनेमाघरों में रिलीज होंगी या ओटीटी पर।

एक बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं इस आधार पर कोई प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि वह सिनेमाघरों में रिलीज होगा या ओटीटी पर। मुझे इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। मैं बस यही चाहती हूं कि फिल्म किसी न किसी तरह दर्शकों तक पहुंच जाए।'

राधिका ने आगे बताया कि बॉक्स ऑफिस के समीकरणों को देखते हुए, महिला कलाकार अक्सर ऐसी फिल्में चुनती हैं, जिनमें पुरुष मुख्य भूमिका निभा रहे हों। राधिका ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में थिएट्रिकल रिलीज के मामले में यह समझना मुश्किल हो गया है कि क्या चलेगा और क्या नहीं। अगर कोई ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होती है, जिसमें मैं मुख्य भूमिका में हूं, तो वह शायद फ्लॉप हो जाए, भले ही वह कितनी भी बेहतरीन फिल्म क्यों न हो। मैं आलिया भट्ट या दीपिका पादुकोण जैसी स्टार नहीं हूं, जिनके मामले में कम से कम यह उम्मीद तो की जा सकती है कि फिल्म की ओपनिंग अच्छी होगी। मैं आपसे बिल्कुल ईमानदारी से कह रही हूं। इसका मतलब यही है कि मुझे ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना पड़ता है, जिनमें पुरुष मुख्य भूमिका निभाते हैं।' हालांकि राधिका को आलिया और दीपिका की स्टार पावर पर भरोसा है, मगर इन दोनों अभिनेत्रियों ने भी पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी सोलो हिट नहीं दी है। 2022 में आलिया भट्ट की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' आई थी, जो हिंदी सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान फिल्मों में से एक है। इसके बाद उनकी सोलो फिल्में, 'जिगरा' और 'अल्फा' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रहीं। 2018 में आई फिल्म 'छपाक' के बाद से, दीपिका किसी ऐसी फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर नहीं आई हैं, जो अकेले उनके दम पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई हो।

आलिया की हिट फिल्में: ये दोनों अभिनेत्रियां ऐसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं, जिनमें मुख्य भूमिकाएं अन्य अभिनेताओं की थीं और ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। आलिया 'ब्रह्मास्त्र' और 'आरआरआर' जैसी फिल्मों में नजर आईं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी पिछली बॉक्स ऑफिस हिट फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में सफलता का श्रेय रणवीर सिंह के साथ साझा किया गया था।

दीपिका की फिल्में: इसी तरह 2023 में दीपिका शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्मों 'पठान' और 'जवान' में नजर आईं। इसके बाद वह 'कल्कि 2898 एडी' में प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ दिखाई दीं। इन तीनों फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की।

'कांतारा: चैप्टर 1' फेम रुक्मिणी वसंत की नई फिल्म का ऐलान, थारा के किरदार में आएंगी नजर

फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगी। शुक्रवार को फिल्म के मेकर्स ने रुक्मिणी का अपनी टीम में स्वागत करते हुए उनके किरदार की जानकारी दी। वह डायरेक्टर श्री कार्तिक की अगली फिल्म में थारा का किरदार निभाएंगी। अभी फिल्म के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। इस फिल्म में रुक्मिणी लीड रोल में होंगी और उनके साथ देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। डायरेक्टर श्री कार्तिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ईश्वर के आशीर्वाद से बेहद टैलेंटेड कलाकार रुक्मिणी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। एक मजेदार, रोमांचक और दिल को छू लेने वाली फिल्म आने वाली है। 'ओके ओका जीवितम' की तरह यह फिल्म भी हमेशा आपके दिलों में रहेगी।' उन्होंने पोस्ट में रुक्मिणी को टैग करते हुए फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर किया। यह पहली बार होगा जब रुक्मिणी वसंत और डायरेक्टर श्री कार्तिक किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। फिल्म का निर्माण मैडबॉयज एंटरटेनमेंट और सिरुनी सिने कॉर्पोरेशन मिलकर कर रहे हैं, जबकि साईकृष्णा गडवाल इसके को-प्रोड्यूसर हैं। इससे पहले श्री कार्तिक फिल्म 'कानम' के जरिए चर्चा में आए थे। इस फिल्म में टाइम ट्रैवल जैसे अनोखे कॉन्सेप्ट को मां और बेटे के भावनात्मक रिश्ते के साथ जोड़ा गया था। अब वह एक नए प्रोजेक्ट के साथ लौट रहे हैं, जिसमें अलग-अलग कलाकारों और क्रिएटिव टीम के साथ एक नई कहानी पेश करने की तैयारी है। मेकर्स ने रुक्मिणी के किरदार थारा का परिचय एक अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए कराया। इस वीडियो में श्री कार्तिक, देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन थारा के किरदार को फाइनल करने की कोशिश करते नजर आते हैं। इसी बीच अचानक एक नोटिफिकेशन आता है, जो तीनों को चौंका देता है। इसके बाद रुक्मिणी वसंत की एंट्री होती है और दर्शकों को उनके किरदार की पहली झलक देखने को मिलती है।

माधुरी दीक्षित निकलीं 'लॉली' की बड़ी फैन, दोहराया लॉली का डायलॉग

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित क्विज शो 'कोण होणार करोड़पति' के आगामी एपिसोड में 'महाराष्ट्राची हास्यजत्रा' की कास्ट गेस्ट के तौर पर नजर आएंगी। शो की कास्ट के साथ बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि वह एक्ट्रेस नम्रता संभेराव के मशहूर किरदार लॉली की फैन हैं। क्विज शो 'कोण होणार करोड़पति' के आगामी एपिसोड में, कास्ट के साथ बातचीत में अभिनेत्री ने न सिर्फ लॉली के किरदार को याद किया, बल्कि उसके डायलॉग को भी दोहराया। अभिनेत्री कहती हैं, 'मुझे लॉली का किरदार बहुत पसंद है।' अभिनेत्री की बात सुनकर नम्रता संभेराव काफी उत्साहित नजर आईं और उन्होंने अभिनेत्री से पूछा कि क्या उन्होंने उनका किरदार देखा है, तो माधुरी ने हां कहा और लॉली के डेंटिस्ट वाले स्किट को याद किया। बता दें कि नम्रता द्वारा निभाया गया लॉली का किरदार 'महाराष्ट्राची हास्यजत्रा' के मशहूर और पसंदीदा कॉमिक किरदारों में से एक है। अपनी अनोखी शैली और बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी के कारण यह किरदार महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इस किरदार का सबसे लोकप्रिय संवाद, 'मेरी आंखों में मत देखो, प्यार हो जाएगा' बहुत पॉपुलर है। जब भी मंच पर कोई पुरुष कलाकार उनसे बात करने की कोशिश करता है, तो वह इसी चुलबुले और मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। इसके अलावा, उनकी एक अन्य पंचलाइन 'लॉली गार होत नसते, बिकॉज लॉली इज हॉट' भी दर्शकों के बीच काफी वायरल है। लॉली का गेटअप बेहद अनोखा और फनी होता है। वह बड़े-बड़े रंग-बिरंगे गहने, सिर पर एक बहुत ऊंचा जूड़ा (हैशटैग हेयरस्टाइल) और उस पर बड़ा सा फूल लगाए नजर आती हैं।

ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर कर खुश हुईं मिर्ना मेनन, बोलीं- सुपरस्टार नहीं, जमीन से जुड़े इंसान हैं

अभिनेत्री मिर्ना मेनन इन दिनों रजनीकांत स्टारर फिल्म 'जेलर 2' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने बताया कि ऋतिक रोशन उनके बचपन के क्रश थे। दरअसल, रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' में मेनन ने ऋतिक रोशन के साथ काम किया है। अभिनेत्री मिर्ना मेनन ने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने अभिनेता के साथ काम करने के अनुभव को शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'बचपन का क्रश, हीरो, जिसे मैं हमेशा से बहुत पसंद करती आई हूं और अब उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का यह अविश्वसनीय एहसास।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'जेलर-2' में ऋतिक रोशन के साथ काम करना वाकई बहुत खास था और सुपरस्टार के पीछे के इंसान को जानना इसे और भी खूबसूरत बना गया। वह शानदार, प्यारे, विनम्र और जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। उनके लिए मेरा प्यार और सम्मान और भी बढ़ गया है। कुछ पल जिंदगी में सिर्फ एक बार आते हैं। यह उन्हीं में से एक है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने 'रॉडी' नाम का एक दमदार कैमियो (विशेष भूमिका) निभाया है। वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर एंट्री करते हैं और टाइगर मुथुवेल पांडियन (रजनीकांत) की मदद के लिए आते हैं, जब उनके परिवार को खतरा होता है। वहीं, मिर्ना मेनन ने इस फिल्म में रजनीकांत के किरदार (मुथुवेल पांडियन) की बहू की भूमिका निभाई है, जिसे उन्होंने पिछली फिल्म 'जेलर' (2023) से आगे बढ़ाया है। नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'जेलर 2' में सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में रजनीकांत के अलावा, मोहनलाल, शिवा राजकुमार, विद्या बालन, मिथुन चक्रवर्ती, विजय सेतुपति भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म ने रिलीज के शुरुआती दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। दर्शकों का कहना है कि रजनीकांत की फिल्म ने उन्हें एक मिनट भी बोर होने नहीं दिया और वह चाहते हैं कि इस तरह की फिल्में सिनेमाघरों में आनी चाहिए।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में 8वें विश्व सम्मेलन का आगाज, 822 से अधिक शोध सारांश प्राप्त

जीवन विज्ञान, कृषि और जलवायु परिवर्तन पर देश-विदेश के वैज्ञानिक करेंगे मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में जीवन विज्ञान, कृषि, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर मंथन के लिए शनिवार को 8वें विश्व सम्मेलन एलएईसीएस-2026 का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिक, शिक्षाविद और शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के लिए अब तक 822 से अधिक शोध सारांश प्राप्त हुए हैं। इसमें नवीन वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

राजस्थान विश्वविद्यालय के यूजीसी-एमएमटीटीसी सभागार में आयोजित इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर, वनस्पति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय और एईटीडीएस सोसाइटी की ओर से किया जा रहा है। सम्मेलन 24 से 26 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें अमेरिका, तुर्किये, कोरिया, जापान, यूरोप, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, नाइजीरिया, नाइजर और जिम्बाब्वे सहित विभिन्न देशों के शोधकर्ताओं की सहभागिता है।

शोध को उद्योग और समाज तक पहुंचाने पर जोर

उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि प्रो. एस.एल. कोठारी ने कहा कि अकादमिक शोध को औद्योगिक उत्पादों में बदलना समय की आवश्यकता है। शोध के निष्कर्ष केवल प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि उन्हें उद्योग और समाज तक पहुंचाया जाना चाहिए, ताकि नवाचार और नई तकनीकों का व्यावहारिक उपयोग हो सके। पीजीएस, एएफयू, नेपाल के निदेशक प्रो. संतोष मराठा ने प्राकृतिक जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण, कृषि और मानव जीवन पर इसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरणीय जागरूकता और सामूहिक प्रयासों को आवश्यक बताया। सम्मेलन की अध्यक्ष प्रो. सुमिता कच्छवाहा ने कहा कि जीवन विज्ञान, कृषि, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन एक-दूसरे से जुड़े विषय हैं। इनके प्रभावी और दीर्घकालिक समाधान के लिए अंतर्विषयक अनुसंधान तथा वैज्ञानिक सहयोग जरूरी है। उन्होंने सम्मेलन को देश-विदेश के शोधकर्ताओं के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताया।

शोधपत्र और पोस्टर प्रस्तुतियां होंगी

सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. वाजिद हसन ने आयोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कृषि और समाज के परस्पर संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों और तकनीकी सत्रों की जानकारी दी। वहीं एईटीडीएस के अध्यक्ष प्रो. सी.पी. सिंह ने सोसाइटी की गतिविधियों और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। तीन दिवसीय सम्मेलन में मौखिक शोधपत्र प्रस्तुतियों और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से शोधकर्ता अपने निष्कर्ष साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रो. अश्विनी कुमार, डॉ. सुनील छिम्पा और दीपक कुमार शर्मा सहित कई शिक्षाविद, वैज्ञानिक और शोधार्थी मौजूद रहे। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करने के साथ शोध को नवाचार, तकनीकी हस्तांतरण और औद्योगिक उपयोग से जोड़ना है, ताकि अनुसंधान के परिणामों का लाभ कृषि, उद्योग और समाज तक पहुंच सके।

राजस्थान में दौड़ेंगी 1150 ई-बसें, जयपुर को मिलेंगी 600 नई इलेक्ट्रिक बसें!

पीएम ई-बस सेवा से शहरी परिवहन को मिलेगी रफ्तार

जयपुर को अब तक मिलीं 103 बसें, 450 ई-बस और 50 डबल डेकर बसें लाने की तैयारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम ई-बस सेवा योजना देश के शहरी परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव का आधार बन रही है। इससे स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहा है।

पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रारंभ में राजस्थान के आठ शहरों के लिए कुल 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई थीं, परंतु राज्य सरकार के विशेष प्रयासों और मजबूत प्रबंधन के चलते प्रदेश के लिए अतिरिक्त बसें स्वीकृत कराई गई हैं, जिससे राजस्थान के लिए कुल 1150 ई-बसें मंजूर हो चुकी हैं। जयपुर के लिए 550, जोधपुर के लिए 125, अजमेर एवं कोटा के लिए 100-100, बीकानेर के लिए 75, भीलवाड़ा, अलवर, उदयपुर और सीकर के लिए 50 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं। राज्य को अब तक 250 ई-बसें प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें से 103 बसें जयपुर के लिए जेसीटीएसएल को मिली हैं। 58 बसों का संचालन बगराना डिपो से किया जा रहा है, जबकि शेष का संचालन टोडी डिपो से शीघ्र शुरू किया जाएगा। सरकार द्वारा बसों की उपलब्धता के साथ-साथ बस डिपो, चार्जिंग स्टेशन, विद्युत कनेक्शन और संचालन संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जयपुर में बगराना, टोडी मोड़ और सांगानेर में ई-बसों के सुगम संचालन के लिए डिपो बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त गोनेर के नजदीक रलावता, अजमेर रोड पर खटवाड़ा और दिल्ली रोड पर अचरोल में डिपो के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटित की जा चुकी है। बस डिपो में चार्जिंग एवं अन्य विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए 60 करोड़ रुपए से अधिक एवं बस डिपो का सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए 53 करोड़ रुपए से अधिक की राशि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है।

(फाइल फोटो)

सीसीटीवी, पैनिक बटन जैसी तकनीकों से सुसज्जित हैं ई-बसें

अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित ये ई-बसें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों के लिए किफायती और आरामदायक सफर सुनिश्चित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वहीं बसों में लगे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और सुरक्षा उपकरणों से महिला सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

डिपो एवं चार्जिंग इन्फ्रा विकसित करने पर फोकस

बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना में बाकी 450 ई-बस और 50 डबल डेकर ई-बस प्राप्त करने की प्रक्रिया जेसीटीएसएल द्वारा की जा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल बसों की खरीद और उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी संपूर्ण व्यवस्था तैयार करने पर है, जिससे बसों का नियमित संचालन हो और यात्रियों को सुलभ सार्वजनिक परिवहन सेवा मिल सके।

गर्डर लॉन्चिंग कार्य के कारण दो रेल सेवाएं रहेंगी प्रभावित

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। दक्षिण पश्चिम रेलवे के तरावड़ी-होन्नवल्ली रोड के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या 88 पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके मद्देनजर रेल यातायात का सुरक्षित एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए 26 अक्टूबर को दो रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। इनमें 26 अक्टूबर को उदयपुर सिटी से चलने वाली 19667 उदयपुर सिटी-मैसूरू एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दावणगेरे-अरसीकेरे-हासन-नेलमंगला-बेंगलुरु होकर संचालित होगी। वहीं 26 अक्टूबर को श्रीगंगानगर से चलने वाली 22497 श्रीगंगानगर-तिरुचिरापल्ली ट्रेन निर्धारित कार्य के कारण मार्ग में 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस पर 193 देशों को भेजा शांति एवं समरसता का संदेश

संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक मंच फाउंडेशन की वैश्विक शांति की दिशा में नई पहल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। विश्व शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक मंच फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व के 193 सदस्य राष्ट्रों तक शांति, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचाने की पहल की गई।

फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र दिवस केवल एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना की स्मृति का अवसर नहीं है, बल्कि यह विश्व शांति, मानवाधिकार, समानता, सह-अस्तित्व और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध और संघर्षों से प्रभावित विश्व में शांति, सुरक्षा, संवाद तथा परस्पर सहयोग की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। फाउंडेशन की यह पहल 'वसुधैव कुटुम्बकम्', 'ग्लोबल विलेज' एवं 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' के आदर्शों से प्रेरित है। इसका उद्देश्य विभिन्न राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक संवाद, मैत्रीपूर्ण संबंधों और मानवता की साझा भावना को प्रोत्साहित करना है। डॉ. शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन अपने उद्देश्यों एवं विश्व शांति से संबंधित विचारों से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी अवगत कराने का प्रयास करेगा, ताकि शांति, सह-अस्तित्व और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संदेश को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा सके। संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस के अवसर पर मंच के संरक्षक न्यायमूर्ति परमानंद झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार ने शुभकामनाएं दीं हैं।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा* । मो. न.: +919540566302* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26